हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित
रांची, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025 वर्ष : 13 अंक : 59 मूल्य : 3 रुपए
www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

बेंगलुरु भगदड़- कर्नाटक सरकार ने आरसीबी को जिम्मेदार बताया | वैध सूदखोरी बना फांसी का फंदा, अवैध से ज्यादा खतरनाक... | टाटा-बॉश ने मिलाया हाथ, देश में सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन...

## संक्षिप्त खबरें

### रिजर्व बैंक घटाएगा ब्याज की दरें, घर, कार और वाहनों की बिक्री घटी, सस्ती लोन से बढ़ेगी मांग?

मुंबई (ईएमएस)। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की अगस्त माह में बैठक होने वाली है। इस बैठक में ब्याज की दरों को घटाने के बारे में निर्णय लेने की बात की जा रही है। जून माह की बैठक में रेपो रेट 0.5 फ़ीसदी घटकर 5.50 फीसदी किया गया था। अभी तक इसमें एक फ़ीसदी की कटौती हो चुकी है। रिजर्व बैंक का मानना है कि 2025-26 में रिटेल महंगाई 2.1 फ़ीसदी पर आ गई है। जुलाई अगस्त माह में महंगाई दर 1 फ़ीसदी पर आ सकती है। 1 अप्रैल 2025-26 के बाद जिस तेजी के साथ महंगाई दर घट रही है। वह 1990 के बाद 2025 की प्रथम तिमाही में कम हुई है।

जून माह में कारों की बिक्री 16 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। बड़े शहरों में घरों की बिक्री 20 फ़ीसदी तक घट गई है। जून माह में रत्न और आभूषणों में 7 फ़ीसदी की गिरावट निर्यात मे आई है। आयात भी भारत का लगभग 7 फ़ीसदी घटा है। मांग को बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक, ब्याज दरों में अगस्त माह में और भी कटौती कर सकता है। इस बात की संभावना रिजर्व बैंक के सूत्रों द्वारा जताई जा रही है। आर्थिक विशेषज्ञ भी यह मानकर चल रहे हैं। रिजर्व बैंक जल्द ही ब्याज की दरों को घटा सकता है।

### पंजाब में बनेगी 22 उद्योग-विशेष समितियां: संजीव अरोड़ा

चंडीगढ़ (ईएमएस)। पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने गुरुवार को घोषणा की कि राज्य सरकार नई औद्योगिक नीति तैयार कर रही है, जिसके लिए 22 उद्योग-विशेष समितियां गठित की जाएंगी। इन समितियों में संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। प्रत्येक समिति में 8 से 10 सदस्य होंगे और एक चेयरमैन नियुक्त किया जाएगा। अरोड़ा ने बताया कि इन समितियों को सरकार को सुझाव देने और नीतिगत बदलाव सुझाने का अधिकार होगा। समितियों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा, और उन्हें 45 दिन के भीतर अपनी पहली रिपोर्ट सौंपनी होगी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इन समितियों की सिफारिशों के आधार पर नई नीति का प्रारूप तैयार करेगी। सरकार का उद्देश्य है कि यह नीति उद्योगों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द लागू की जाए।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने की मुलाकात



नई दिल्ली, (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी साझा की गई। पोस्ट में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की।' पीएम मोदी के पांच देशों की यात्रा से भारत लौटने के कुछ दिनों बाद यह मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री ने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया की यात्रा की, इसके बाद 10 जुलाई को वह स्वदेश लौट आए थे। यह बैठक संसद के मानसून सत्र से पहले हुई है।

### यूआईडीएआई ने मॉयआधार पोर्टल पर शुरु की नई सेवा

नई दिल्ली, (ईएमएस)। यूआईडीएआई ने मॉयआधार पोर्टल पर एक नई सेवा– "परिवार के सदस्य की मृत्यु की सूचना" शुरू की है, जो वर्तमान में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। इस पोर्टल के जरिए से कोई भी व्यक्ति अपने परिवार के मृत सदस्य की मृत्यु की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे खुद को प्रमाणित करना होगा और मृत व्यक्ति का आधार नंबर, मृत्यु पंजीकरण संख्या और अन्य विवरण दर्ज करने होंगे। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, मृत व्यक्ति का आधार नंबर निष्क्रिय करने की कार्रवाई की जाएगी। शेष राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को इस पोर्टल से जोड़ने का कार्य जारी है।

बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज कराने आया था चंदन, वार्ड में सोते वक्त मारी गई गोली; कैमरे में कैद हुए हत्यारे

# पटना में हॉस्पिटल के अंदर गैंगस्टर चंदन मिश्रा की फिल्मी स्टाइल में की हत्या, शेरू गैंग पर शक

- चंदन को चूना व्यवसायी की हत्या में उम्रकैद की सजा मिली थी
- हत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन, पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी

**पटना, बक्सर:** पटना के पारस अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गुरुवार को फिल्मी स्टाइल में हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें 5 अपराधी दिखाई दे रहे हैं। 4 लोगों ने कैप लगा रखी है। एक बिना कैप का है। किसी ने भी अपना चेहरा नहीं ढंका है। देखने में सभी की उम्र 35 से 40 के बीच लग रही है। चंदन मिश्रा के वॉर्ड में घुसने से पहले पांचों ने कमर से पिस्टल निकाल ली। पिस्टल की नॉट चढ़ाई। इसके बाद आराम से दरवाजा खोलकर वॉर्ड में दाखिल हो गए।

30 सेकेंड बाद सभी अपराधी गैंगस्टर को गोली मारकर एक-एक कर बाहर निकले। सभी ने अपनी कमर में पिस्टल खोंसी और भाग निकले। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चंदन मिश्रा को गोली मारने का वीडियो भी शूट किया है।





#### 10 से ज्यादा हत्या के मामलों में आरोपी था चंदन

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही शास्त्री नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। मृतक का नाम चंदन मिश्रा है। चंदन, बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज के लिए पारस अस्पताल आया था। उसका लिवर डैमेज हो गया था। चंदन बक्सर का रहने वाला था। बक्सर में राजेंद्र केसरी नाम के चूना व्यवसायी की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराया था। उसे उम्रकैद की सजा हुई थी। पटना एसएसपी ने बताया कि चंदन एक कुख्यात अपराधी था। वो 10 से ज्यादा मर्डर केस में आरोपी था। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

#### गैंगस्टर चंदन मिश्रा कौन था, हत्या करने वाले शेरू गैंग के

चंदन मिश्रा बक्सर का रहने वाला था। वो बड़ा गैंगस्टर था। पुलिस के अनुसार उसके ऊपर 10 से ज्यादा हत्या के आरोप हैं। लूट और अपहरण कर फिरौती, धमकाकर उगाही करना उसका क्राइम पैटर्न था। वो कई शहरों में ऐलान कर मर्डर कर चुका था। बक्सर के ही प्रसिद्ध चूना व्यवसायी को उसने दिनदहाड़े ऐलान कर के मारा था। रंगदारी ना देने पर ऐलान किया था 'कल मारेंगे'। उसके बाद व्यवसायी की हत्या कर दी गई थी। इस मर्डर में उसका दोस्त शेरू भी शामिल था। बाद में कुछ पैसों और अन्य मामलों को लेकर दोनों में विवाद हो गया। दोनों अलग-अलग हो गए थे। बाद में शेरू ने अपना गैंग बना लिया था। आरा तनिष्क लूट कांड में शेरू गैंग का नाम आया था। फिलहाल पुलिस का ये मानना है कि शेरू गैंग ने ही चंदन मिश्रा की हत्या को अंजाम दिया है। इस हत्या में शामिल 2 बदमाश भी शेरू गैंग के बताए जा रहे हैं।

#### 15 दिनों की पैरोल पर बाहर आया था

चंदन मिश्रा 15 दिनों के लिए पैरोल पर बाहर आया था। 18 जुलाई को उसकी पैरोल खत्म हो रही थी। उसे पटना के बेऊर जेल लौटना था। इस बीच तबीयत खराब होने के बाद वह पटना के पारस अस्पताल में अपना इलाज कर रहा था। चंदन हॉस्पिटल के बेड नंबर 209 पर लेटा था। जिस वक्त गोली मारी गई, वो सो रहा था। बुधवार को ही डिस्चार्ज होने वाला था। लेकिन किसी कारण से नहीं हो पाया। चंदन मिश्रा को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। पिछले 12 सालों से वह जेल में बंद था। वो बक्सर जेल से भागलपुर और भागलपुर से फिर पटना के बेऊर जेल में सजा काट रहा था।

#### एसएसपी बोले- चंदन के विरोधी गुट ने गोली मारी

पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि 'बक्सर निवासी चंदन मिश्रा पर हत्या के दर्जनों केस दर्ज थे। एक मामले में चंदन सजायाफ्ता भी है। चंदन इतना दुर्दांत अपराधी है कि इसे बक्सर से भागलपुर जेल भेजा गया था। इलाज के कारण पेरोल दिया गया था। चंदन के विरोधी गुट ने गोली मारी है।'

## पंचायतों के विकास में लोहरदगा सबसे आगे, झारखंड के अधिकांश पंचायत को सी ग्रेड

रांची: पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी पंचायत उन्नति सूचकांक में झारखंड में लोहरदगा जिला ने 59.37 प्रतिशत स्कोर लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. इसके बाद खूंटी को 59.27% पश्चिम सिंहभूम को 56.4 8% धनबाद को 54.15% और जामताड़ा 53.91 प्रतिशत स्कोर प्रकार द्वितीय तृतीय चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया है. राज्य का सबसे खराब प्रदर्शन सरायकेला खरसावां जिला का रहा जो 42.36 प्रतिशत पाकर सबसे नीचे रहा. देश के अन्य राज्यों की तुलना में हालांकि झारखंड की स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है. राज्य के 4297 ग्राम पंचायत में 4281 ने पंचायत उन्नति सूचकांक में आंकड़ा दाखिल किया जिसमें से बी कैटेगरी में 375 और सी कैटेगरी में 3229 और दी कैटेगरी में 677 ग्राम पंचायत को स्थान मिला है.

**बेहतरीन कार्य के लिए पंचायत प्रतिनिधि को किया गया सम्मानित:** झारखंड में पंचायत के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले मुखिया जिला परिषद अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधियों को आज 17 जुलाई



को पंचायती राज विभाग के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया. इस मौके पर पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी ने लोहरदगा सहित विभिन्न जिलों के पंचायत और प्रखंड के जनप्रतिनिधि को सम्मानित किया. साथ ही पंचायत के विकास के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया. मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राजेश्वरी बी ने कहा कि जल्द ही पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 के लिए तैयारी की जा रही है. ऐसे में पंचायत के विकास में योगदान देने वाले सभी जनप्रतिनिधि अपने कार्यों के साथ-साथ उसकी जानकारी पोर्टल के माध्यम से जरूर सरकार को दें.

## झारखंड विधानसभा अध्यक्ष और सांसद ने की पूजा-अर्चना, शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की कामना की

रांची : झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और राजमहल लोकसभा के सांसद विजय कुमार हांसदा ने अलग-अलग स्थानों पर पूजा-अर्चना की. झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने गोड्डा के कालीपीठ में पूजा-अर्चना की. उन्होंने मां काली का दर्शन किया और उनकी मनोकामना पूरी होने की कामना की. उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के लिए भी प्रार्थना की.

#### सांसद ने शिवगादी धाम में की पूजा-अर्चना

राजमहल लोकसभा के सांसद विजय कुमार हांसदा ने साहेबगंज जिले के शिवगादी धाम में पूजा-अर्चना की. उन्होंने बाबा गाजेश्वर नाथ की आराधना की और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की. साथ ही धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं को भी उजागर किया.

## स्वच्छता सर्वेक्षण में जमशेदपुर और बुंडू ने झारखंड का नाम किया रौशन, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

रांची: स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के परिणाम की घोषणा हो गई है. नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में परिणाम की घोषणा की गई है. साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित किया गया है. इसमें झारखंड के जमशेदपुर और बुंडू का नाम शामिल है. इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विभाग के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने झारखंड सरकार, राज्य के नगर विकास विभाग और प्रदेश के नागरिकों खासकर जमशेदपुर और बुंडू के नागरिकों को इस सम्मान के लिए बधाई दी.

#### जमशेदपुर और बुंडू को अलग-अलग श्रेणी में सम्मान

3-10 लाख तक की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में जमशेदपुर को तृतीय स्थान मिलने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर को सम्मानित किया. वहीं बुंडू को झारखंड के प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सम्मानित किया. इस मौके पर राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक सूरज कुमार, जमशेदपुर अधीसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार और बुंडू नगर पंचायत के



पदाधिकारियों नें सम्मान हासिल किया.

#### दूसरे शहरों का अन्य श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन

खास बात है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ अन्य श्रेणी में भी झारखंड के शहरों का प्रदर्शन बेहतर रहा है. स्वच्छता के क्षेत्र में जमशेदपुर को पांच सितारा शहरों की सूची में शामिल किया गया है. इसके अलावा देवघर, जुगसलाई और चाकुलिया को वन स्टार रैंकिंग मिला है. वाटर प्लस शहरों की सूची में जमशेदपुर को जगह मिली है. बुंडू, चिरकुंडा, राजमहल, साहिबगंज और देवघर को ओडीएफ प्लस प्लस श्रेणी में रखा गया है.

#### शहरी स्वच्छता के लिए किए गये कई पहल का नतीजा

बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में झारखंड की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी. लेकिन लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 में राज्य की जनता के सहयोग और शहरी निकायों के साथ-साथ राज्य सरकार के मार्गदर्शन में राज्य नें स्वच्छता के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त किए. इसके लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करनें के लिए कार्यक्रम चलाए गए. डोर टू डोर वैस्ट कलेक्शन सुनिश्चित कराया गया. सेग्रिगेशन एंड प्रोसेसिंग ऑफ वेस्ट को प्राथमिकता दी गयी. पीट कंपोस्टिंग एंड ऑनसाइट कंपोस्टिंग के लिए नगर निकायों और नागरिकों को प्रोत्साहित किया गया. रीसाइक्लर्स को नगर निकायों के साथ जोड़ा गया. स्वच्छता ऐप के माध्यम से सफाई से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निदान किया गया. नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन और नागरिकों के सहयोग को श्रेय दिया है.

## छांगुर बाबा के 14 ठिकानों पर ईडी की रेड: सुबह 5 बजे मुंबई और बलरामपुर पहुंचीं टीमें, 100 करोड़ की फंडिंग का मामला

**लखनऊ/बलरामपुर:** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी की रेड हुई है। गुरुवार सुबह 5 बजे से बलरामपुर के 12 ठिकानों और मुंबई के 2 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, 100 करोड़ की फंडिंग के मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, यूपी एटीएस को छांगुर बाबा गिरोह के हवाला नेटवर्क, संदिग्ध बैंक ट्रांजैक्शन और विदेशी फंडिंग के कई सुराग हाथ लगे थे। इस संबंध में एटीएस ने ईडी को दस्तावेज सौंपे थे। इसके बाद ईडी ने यह एक्शन लिया है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच में पता चला है कि गिरोह के 30 में से 18 बैंक खातों में अब तक करीब 68 करोड़ रुपए का ट्रांजैक्शन दर्ज हुआ है। महज तीन महीने में 7 करोड़ रुपए की विदेशी फंडिंग इन



खातों में हुई। यह रकम हवाला और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के जरिए विभिन्न देशों से भेजी गई है। छांगुर गिरोह की गतिविधियों से जुड़े आतंकी नेटवर्क के दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।

- एक बड़ी इमारत को आतंकी ट्रेनिंग कैंप के तौर पर इस्तेमाल किए जाने के सबूत। यह इमारत कहां की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया।
- विदेशी फंडिंग से बंगला, फॉर्च्यूनर जैसी लग्जरी गाड़ियां खरीदी गईं।
- दरगाह में हर साल भव्य उर्स का मेला लगता था। इसमें देश-विदेश से लोग जुटते थे। इसका मकसद धर्मांतरण करवाना रहता था।

मुंबई में छांगुर का करीबी निकला शहजादा, बांद्रा स्थित ठिकाने पर रेड ईडी की कार्रवाई में छांगुर नेटवर्क का एक अहम नाम सामने आया है। शहजादा, जो छांगुर का बेहद करीबी बताया जा रहा है। ईडी टीम ने गुरुवार सुबह मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित शहजादा के ठिकाने पर छापेमारी की। शुरुआती जांच में सामने आया है कि शहजादा के खाते में दो करोड़ रुपए की संदिग्ध रकम ट्रांसफर की गई थी। यह रकम बलरामपुर निवासी नवीन के जरिए पहुंची थी। ईडी को शक है कि यह पूरा लेनदेन धर्मांतरण नेटवर्क से जुड़ी हवाला फंडिंग का हिस्सा है। इस पैसे का इस्तेमाल छांगुर गिरोह की गतिविधियों को संचालित करने और धर्मांतरण के काम को फैलाने में किया गया। अब ईडी मुंबई से लेकर बलरामपुर तक इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुट गई है, जिससे अवैध कारोबार, मनी लॉन्ड्रिंग और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की परतें खुल सकें।

#### छांगुर बाबा के सहयोगी दुर्गेश के घर पर भी छापेमारी

लखनऊ से ईडी टीमें 5 कारों में बलरामपुर पहुंची हैं। उतरौला के आसिपिया, हाशमी हुसैनी कलेक्शन, बाबा ताजुद्दीन कलेक्शन, मधुपुर गांव और रेहरा माफी गांव समेत 12 जगहों पर छापेमारी चल रही है। ईडी छांगुर बाबा के सहयोगी दुर्गेश के घर पर भी छापेमारी कर रही है। दरअसल, एटीएस की जांच में पता चला था कि दुर्गेश ने गलत तरीके से छांगुर को कई जमीनें बेची थीं। इन्हीं में से 3 बीघा जमीन पर छांगुर बाबा आलीशान बिल्डिंग बनवा रहा था, जिसमें डिग्री कॉलेज खोलने की योजना थी।

सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच में नीतू के नाम पर 8 बैंक खाते मिले हैं- बैंक ऑफ इंडिया, पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा (3 खाते), ICICI, HDFC, SBI। जबकि नवीन के पास 6 खाते मिले हैं। पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा (2 खाते), ICICI, HDFC (2 खाते)।

## अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी: यूपी में प्रयागराज का श्मशान डूबा

**नई दिल्ली:** यूपी के प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। यात्रा गुरुवार को दिनभर के रोक दी गई है। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है।

राजस्थान में झालावाड़ का ढाबा गांव चारों ओर से पानी से घिर गया है। लोग घर की छतों पर फंसे हैं। नागौर, बहरोड़ में स्कूल-मंदिर-ऑफिस में पानी घुस गया है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में लगातार बारिश की वजह से ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोग सामान लेकर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे हैं। वहीं, बिहार के अलग-अलग जिलों में बुधवार को बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत हो



गई। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की चेतावनी के बाद अमरनाथ यात्रा गुरुवार को दिनभर के लिए रोक दी गई। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से पटरियों की तुरंत मरम्मत किए जाने की जरूरत है। इस वजह से फैसला किया गया है कि आज दोनों रूटों पर किसी भी प्रकार की आवाजाही की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, पंचतरणी कैंप में रुके यात्रियों को BRO और पर्वतीय बचाव दलों के साथ बालटाल की ओर जाने की अनुमति दी जा रही है। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर ने बताया कि दिन में मौसम की स्थिति के आधार पर शुक्रवार से यात्रा फिर शुरू होगी।

## संक्षिप्त खबरें...

### छह विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय निर्धनता सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में किया सफलता हासिल



बरकट्ठा (हजारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय बेलकप्पी के छह विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय निर्धनता सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल की है। विद्यालय परिवार कि ओर से सफल विद्यार्थीयों को सम्मानित किया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा में आयोजित हुई परीक्षा में स्कूल के कुल 14 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे।जिसमें सुधा कुमारी, अनोखी कुमारी, रौशनी कुमारी, वर्षा कुमारी, कृष्णा कुमार, मनीष कुमार ने सफलता प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अनोखी कुमारी झारखंड राज्य में दूसरा तथा हजारीबाग जिला में टॉपर रहीं।बताया कि मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक प्रत्येक वर्ष 12 हजार रुपया झारखंड सरकार के द्वारा दिया जाता है। इस मौके पर शिक्षक छत्रु प्रसाद, अवधेश यादव, मुकेश पांडेय, हरिकांत पांडेय, राकेश प्रसाद, गुलाम कौसर, ब्रह्मदेव कुमार, संजय कुमार, ईश्वर कुमार, मुकेश कुमार, आकांक्षा चौबे, ममता कुमारी, रेखा कुमारी वर्णवाल, इंद्रजीत प्रसाद समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### बरकट्ठा में मनरेगा कर्मियों कि हुई बैठक, प्रखंड मनरेगा संघ का गठन



बरकट्ठा (हजारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मनरेगा कर्मियों कि बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ श्याम नाथ वर्मा ने की संचालन लेखा सहायक अजीत कुमार ने किया। बैठक में प्रखंड मनरेगा संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष नारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव अजीत कुमार, उपसचिव जैकी प्रसाद, कोषाध्यक्ष रघुनंदन कुमार सिंह, मिडिया प्रभारी महेश कुमार, महामंत्री शिवशंकर प्रसाद, संगठन मंत्री प्रवीण वर्मा का चयन किया गया।चुने गए अध्यक्ष नारायण प्रसाद ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसे मैं निष्ठा पूर्वक निभाने का प्रयास कार्य करूंगा।उन्होंने कहा कि पिछले 8 माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने पर सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त किया। आगामी 20 जुलाई को हजारीबाग में होने वाले प्रदेश स्तरीय मनरेगा संघ की सम्मेलन सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर रोजगार सेवक शिवशंकर यादव, शशि कांत कुमार, शिव कुमार यादव, भरत कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार, बिनोद कुमार, दीपक कुमार, राजेश कुमार समेत सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

बरकट्ठा (हजारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में हुई अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए।पहली घटना बरकट्ठा थाना के समीप जीटी रोड पर टेंपो नंबर जेएच 02 बीएच 1831 अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के वक्त चालक के अतिरिक्त टेंपो में कोई नही था। दुर्घटना में चालक ग्राम रसोइया धमना बरही निवासी संतोष राम 40 वर्ष पिता नागेश्वर राम घायल हो गये।जबकि दूसरी घटना में ग्राम बरकट्ठा डीह निवासी रामू यादव 50 वर्ष पिता स्व उगन यादव घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए प्र कथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।

### गुलमोहर हाई स्कूल टेल्को में गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन



जमशेदपुर । गुलमोहर हाई स्कूल टेल्को में गुरुवार को गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में अध्यात्म और संस्कृति से ओत-प्रोत वातावरण देखने को तब मिला जब कक्षा छह से आठ के विद्यार्थी मंच पर अपनी प्रस्तुति देने आए । प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और श्रीमद्भगवद्गीता के गूढ़ संदेशों के प्रति रुचि एवं श्रद्धा जागृत करना था। कार्यक्रम की शुभआत प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति सिन्हा तथा उप प्राचार्या अर्चना श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुरु वंदना से हुई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने श्रीमद्भगवद्गीता के विविध श्लोकों का स्पष्ट उच्चारण, उचित भाव तथा सही लय में प्रस्तुतिकरण किया, जिससे दर्शकगण मंत्रमुग्ध हो गए। निर्णायक मंडली में संस्कृत एवं हिंदी विभाग की अनुभवी तथा वरिष्ठ शिक्षिकाएँ सुधीरा झा तथा मृदुला कुमारी ने प्रतिभागियों के उच्चारण, भाव-प्रवणता एवं शुद्धता के आधार पर मूल्यांकन किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया । प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि "गीता के श्लोक न केवल जीवन के गूढ़ रहस्यों को सरल रूप में समझाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का विकास भी करते हैं।" कार्यक्रम का सफल संचालन विभागाध्यक्षा संजू वर्मा तथा अन्य शिक्षकगण माला सिंह, बबिता कुमारी, रिंकू कुमारी तथा आशा पांडेय की देखरेख में संपन्न हुआ। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, ग्रामीण का घर ध्वस्त किया



लातेहारः जिले के बालूमाथ प्रखंड के झाबर पंचायत स्थित कुशी टोला (कोमर) में बुधवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। यहां हाथियों ने बनवारी उरांव के घर को ध्वस्त कर दिया। बनवारी उरांव ने बताया कि हाथी ने न सिर्फ घर तोड़ा बल्कि घर में रखे अनाज भी चट कर गये. घटना की सूचना मिलने पर गुरुवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू पीड़ित के घर पहुंचे. उन्होंने क्षतिग्रस्त घर का जायजा लिया. उन्होंने तत्काल प्रावधान के तहत रहने की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से बातचीत की. प्रदीप गंझू ने सरकार के द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

# स्व.संजय सिंह क्रिकेट ग्राउंड, हजारीबाग में बीसीसीआई टीम का हुआ निरीक्षण, बड़े क्रिकेट मैचों की मेजबानी की उम्मीदें बढ़ीं

हज़ारीबाग। गुरुवार को हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एक उच्च-स्तरीय टीम ने हजारीबाग क्रिकेट ग्राउंड का गहन निरीक्षण किया। इस दौरे से जिले में बड़े क्रिकेट मैचों की मेजबानी की उम्मीदें बढ़ गई हैं।बीसीसीआई के क्रिकेट ऑपरेशन मैनेजर अमित सिद्धेश्वर और झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के अधिकारी राजेश वर्मा एवं राजू ने संयुक्त रूप से मैदान का दौरा किया।हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश तिवारी के नेतृत्व में संघ के सभी सदस्यों ने बीसीसीआई टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें ग्राउंड की सुविधाओं से बारीकी से अवगत कराया।



निरीक्षण

### बीसीसीआई की टीम ने बारीकी से किया मैदान का निरीक्षण

बीसीसीआई की टीम ने निरीक्षण के दौरान स्व.संजय सिंह क्रिकेट ग्राउंड के मैदान की सभी महत्वपूर्ण सुविधाओं का जायजा लिया। जिसमें चारों टर्फ विकेट और प्रैक्टिस पिच, साइड स्क्रीन और खिलाड़ियों के बैठने के लिए बने डगआउट, आधुनिक फ्लड लाइट्स, पवेलियन के ऊपर ऑफिशियल्स के लिए बने कमरे, मैदान के रखरखाव के लिए उपलब्ध सभी उपकरण,विशेष रूप से खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम का बारीकी से निरीक्षण किया गया और कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए गए।ग्राउंड निरीक्षण के बाद बीसीसीआई की टीम ने हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल से उनके आवास पर मुलाकात की। टीम ने राज्य स्तरीय मैदान तैयार करने में उनके अथक प्रयासों और सहयोग के लिए अध्यक्ष मनीष जायसवाल को धन्यवाद दिया और उनके प्रयासों की सराहना की। इसके बाद खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए टीम ने शहर के चार होटलों का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के बाद मैदान की उत्कृष्ट स्थिति और उपलब्ध सभी सुविधाओं को देखने के बाद बीसीसीआई की टीम ने गहरी संतुष्टि व्यक्त की। यह हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और यह दर्शाता है कि हजारीबाग अब बड़े क्रिकेट आयोजनों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है।हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) के अध्यक्ष सह सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि बीसीसीआई टीम का यह दौरा हजारीबाग में क्रिकेट के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# ग्रामीणों ने तस्करी को ले जाए जा रहे मवेशियों को पकड़ा, भागे तत्कर



लातेहारः लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में ग्रामीणों ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे मवेशिओं को पकड़ा और इसकी सूचना पुलिस को दी. घटना बुधवार शाम करीब सात बजे की है. ग्रामीणों ने कुछ लोगों को पशुओं को ले जाते हुए देखा. संदेह होने पर ग्रामीणों ने उनसे पूछताछ की, लेकिन वे सही जवाब नहीं दे पाये. इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई. इसकी जानकारी मिलते ही तस्कर पशुओं को छोड़कर भाग खड़े हुए. इधर, सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची और मवेशियों को जब्ते कर लिया. जब्त मवेशियों में चार गाय, सात बछड़े व 25 बैल शामिल हैं. पुलिस ने बताया कि इन पशुओं को गौशाला को भेजा जायेगा.

# एनटीपीसी के कट ऑफ डेट नीति के खिलाफ धरना दे रहे युवाओं ने कंपनी के वाहन को रोका

बड़कागांव (हज़ारीबाग): कट ऑफ डेट को लेकर युवा विस्थापित संघर्ष समिति का बड़कागांव 13 माइल के पास चल रहे हैं महाधरना के 38 वें दिन युवाओं ने एनटीपीसी के ट्रांसपोर्टिंग वाहनों एवं अधिकारियों के गाड़ियों को रोक कर विरोध प्रदर्शन किए। इस दौरान पुलिस - प्रशासन से त्रिपक्षीय वार्ता कराने की मांग करने लगे। विदित हो कि कट ऑफ डेट को लेकर युवाओं के द्वारा 10 जून से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन और एनटीपीसी के द्वारा सुनवाई नहीं होने पर युवाओं ने कंपनी के गाड़ियों को रोका। इससे पूर्व युवाओं ने डीसी एवं एसी को कई बार लिखित सूचना दे चुके हैं। इसके अलावा झारखंड सरकार के भू राजस्व मंत्री दीपक बिरवा को भी सूचना दी गई है। इस महाधरना की खास बात यह है कि युवाओं का धरना प्रदर्शन पर बैठे 38 दिन हो गए है और प्रत्येक दिन एनटीपीसी को 38 लेटर देकर इसकी सूचना दिया गया है। कट ऑफ डेट नीति के विरोध कर रहे युवाओं ने बृहस्पतिवार को सुबह 8:00 से लेकर संध्या 4:00 बजे तक कंपनी के गाड़ियों को रोका। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं एनटीपीसी की अधिकारियों की उपस्थिति में प्रखंड विकास प्राधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल को युवाओं ने हजारीबाग डीसी को संबोधित करते हुए त्रिपक्षीय वार्ता करने की मांग पत्र को सोपा, जिसे बीडीओ ने एक सप्ताह के अंदर करने का आश्वासन दिया।



### कई विधायक एवं नेता दे चुके हैं महाधरना का समर्थन

कट ऑफ डेट विरोध का समर्थन देने के लिए धरना स्थल पर डुमरी विधायक जयराम महतो, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, निरसा विधायक अरूप चटर्जी, गौतम सागर राणा, भुनेश्वर मेहता, फागू बेसरा के अलावा कई नेता पहुंचे के जा चुके हैं।

# सत बहिया में शिविर का आयोजन, बुद्धू बिरहोर को पेंशन हुई स्वीकृत, 15 नए आवास निर्माण के लिए हुआ सर्वे

बड़कागांव (हज़ारीबाग): सतबहिया बिरहोर कॉलोनी के 70 वर्षीय बुद्धू बिरहोर उर्फ मल्हार बिरहोर को वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की खबर छपने के पश्चात 6 घंटे के अंदर त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने बुद्धू बिरहोर उर्फ मल्हार बिरहोर का पेंशन स्वीकृत कर दी है। इस बाबत बीडीओ सतबहिया गांव बिरहोर कॉलोनी में शिविर लगाकर मल्हार बिरहोर को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया। इस दौरान बीडीओ नेआदिम जनजाति बिरहोर लोगों की समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया एवं उपस्थित सभी बिरहोर लोगों से एक-एक कर समस्या से अवगत हुए और बिरहोरों की कई, समस्याएं शिविर में ही निष्पादन भी किया गया।15 नए प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे सर्वे कार्य पूरा किया गया। इस दौरान बीडीओ ने बिरहोर लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि बिरहोर परिवार के महिला सदस्य को जिसकी उम्र 18 वर्ष हो गई हो, उन सबों को पेंशन दिया जाता है।15 लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास के सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। आवंटन के आधार पर आवास स्वीकृत जाएगा । मौके पर बीडीओ ने बिरहोर परिवारों से कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो, मुझे तुरंत सूचना दें ताकि आपकी समस्याओं का समाधान हो सके। एक नए आंगनबाड़ी केंद्र आवंटित किया गया है, जिसमें सेविका और सहायिका का भी चुनाव हो चुका है अब यहां के बिरहोर के बच्चे को पढ़ने में भी आसानी होगी। वहीं कृषि एवं कल्याण पदाधिकारी पंकज



कुमार ने बिरहोर परिवारों के बीच मक्का एवं मूंगफली बीज का वितरण बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल के हाथों किया गया। बीज वितरण के दौरान जागरूक महिला मालती बिरहोरिन ने पदाधिकारी से कहा कि मुझे विभाग के द्वारा धान का बीज नहीं मिला, 12 किलो धान बाजार से 4000 में खरीदना पड़ा तब कहीं जाकर बिहन लगा सके। अभी मक्का और मूंगफली का बीज मिल रहा है अब यह लग भी नहीं पाएगा। पहले मिलता तो बीज लग जाता। इस दौरान विभाग के द्वारा दर्जन भर से अधिक बिरहोर किसानों को बीज दिया।

मौके पर शिविर में शामिल लोगों में मुख्य रूप से बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, कृषि सह कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार , कांडतरी मुखिया प्रभारी राजदेव महतो, पंचायत सेवक अरविंद कुमार, प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, सविता कुमारी ,शिविका रिंकी बिरहोर ,पांडे बिरहोर, सुलेढ़ा बिरहोर ,बिरसा बिरहोर, महावीर बिरहोर, शैलेंद्र बिरहोर के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### बाबा मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों से हटा अतिक्रमण



देवघरः पवित्र सावन महीने में देवघर श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है. भोलेनाथ को जलार्पण के लिए देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ झारखंड सरकार ने मुकम्मल व्यवस्था कर रखी है. जहां दिख रही है प्रशासन उसे दुरुस्त करने में जुटा हुआ है. देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों के अतिक्रमण हटाया. देवघर एसडीएम सह बाबा मंदिर के प्रभारी रवि कुमार के नेतृत्व में टीम ने मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण कर लगी अस्थाई दुकानों को हटा दिया. एसडीएम ने हिदायत दी हि दोबारा दुकान लगाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# सिमडेगा में गजराज का आतंक, दहशत में रात भर जाग रहे लोग

सिमडेगाः सिमडेगा के बानो प्रखंड में पिछले कई दिनों से गजराज का आतंक छाया हुआ है. हाथी भरी बरसात गांव में धमक कर लोगों को बेघर कर रहे हैं. हाथी के भय से ग्रामीण रात भर जागने को विवश हैं. बानो का यह इलाका जंगली हाथियों के आतंक से थर्राने लगा हैं.

हाथी यहां लगातार तबाही मचा रहे है. वन विभाग तमाशबीन बना खामोश है. ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से कोई ठोस सहयोग नहीं मिल रहा, जिस कारण लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है. सिमडेगा के बानो प्रखंड अंतर्गत बांकी पंचायत के पाड़ो टोंगरी टोली समेत आसपास



के गांवों में दो जंगली हाथियों के लगातार भ्रमण से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है. ग्रामीण हर रात हाथियों को भगाने के लिए जागते हैं, लेकिन अब यह स्थिति उनकी दिनचर्या और सुरक्षा दोनों पर भारी पड़ रही है.

हाथियों के इस बढ़ते आतंक को देखते हुए तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर बानो प्रखंड झामुमो उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन और सचिव अमित बडिंग ने बांस पहाड़ गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विधायक की फोन पर ग्रामीणों से सीधी बातचीत करवाई.

बांकी पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से जंगली हाथियों का यहां आतंक है, अब तक सैकड़ों घरों को नुकसान पहुंचा है और कई लोगों की जान भी जा चुकी है. बावजूद इसके, स्थायी समाधान अब तक नहीं निकला है. ग्रामीणों ने सरकार और वन विभाग से हाथियों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि उनकी जान- माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

# निःशुल्क कांवर यात्रा के पंजीयन का कार्य पूरा, 572 महिला एवं 428 पुरुष जाएंगे सुल्तानगंज

जमशेदपुर । सावन के पावन माह में आगामी 25 जुलाई को बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा आयोजित निःशुल्क कांवर यात्रा में शामिल होकर सुल्तानगंज जाने वाले कांवरियों का पंजीयन का कार्य पूरा हो गया है। सोनारी के बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया की इस वर्ष यात्रा में शामिल होने वाले कुल 1000 लोगों में 572 महिला एवं 428 पुरुषों ने अपना पंजीयन कराया है । अधिकांश वैसे लोग है जो प्रतिवर्ष बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा आयोजित कांवर यात्रा में शामिल होकर सुल्तानगंज से जल लेकर देवघर जाते हैं । विकास सिंह ने बताया कि श्रावणी मेला में भीड़ अत्यधिक रहती है संघ में शामिल कांवरिया आपस में बिछड़ने जाए इसके लिए बाबा बैधनाथ सेवा संघ के जत्थे मैं शामिल कांवरियों की पहचान पीले रंग की गंजी और पीली टोपी से होगी । सभी के गले में मोबाइल नंबर और फोटो युक्त पहचान पत्र लगा रहेगा । पूरे कांवरिया पथ में रेडियम लगे कपड़े पहने सेवक साइकिल से वॉकी-टॉकी लेकर गश्ती



करते रहेंगे जो जत्थे में शामिल अपने कांवरियों को गंतव्य स्थान तक ले जाने में मदद करेंगे । जत्थे में शामिल सभी कांवरियो के स्वास्थ्य के जांच के लिए एक डॉक्टर और दो नर्स भी बेड़े में शामिल किए गए हैं । इसके साथ ही जमशेदपुर से एक एंबुलेंस भी बेड़े मैं शामिल है जो लोगों को आपातकालीन स्थिति में मददगार साबित होगा । कांवरिया पथ में कुल आठ पड़ाव संघ के द्वारा आरक्षित किए गए हैं जहां लोग भोजन और विश्राम करेंगे । निजी जनरेटर की व्यवस्था प्रत्येक पड़ाव में की गई है । प्रत्येक पड़ाव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे जिसमें मध्य प्रदेश के रीवा से भी कलाकार बुलाए गए हैं कांवरियों को सुविधा उपल्बद करवाने के लिए लगभग डेढ़ सौ की संख्या में कामगार सेवक ट्रेन से एक दिन पूर्व सुल्तानगंज रवाना हो जाएंगे । कोच बस, ट्रेन और छोटी गाड़ियों से लोग जमशेदपुर से सुल्तानगंज जाएंगे । संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से विकास सिंह,किशोर बर्मन,आशुतोष सिंह ,अरविंद महतो, प्रकाश वर्मा, छोटेलाल सिंह,अजय लोहार सुनील सिंह सहित कांवर यात्रा में शामिल होने वाली महिलाएं उपस्थित हुई ।

# धनबाद सदर अस्पताल में जांच की आधुनिक सुविधाएं, मरीजों की आमद बढ़ी

धनबादः सदर अस्पताल, धनबाद अब नए स्वरूप में नजर आ रहा है. बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व जांच की आधुनिक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध होने के कारण अब यहां मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है. अस्पताल में लिवर प्रोफाइल के अंतर्गत टोटल, डायरेक्ट व इनडायरेक्ट बिलीरुबिन, एसजीओटी, एसजीपीटी, एएलपी, टोटल प्रोटीन, एल्ब्यूमिन व ग्लोब्युलिन की जांच उपलब्ध है. किडनी प्रोफाइल में क्रेटिनिन, यूरिया, यूरिक एसिड, सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड व लिपिड प्रोफाइल में कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड, एचडीएल,



एलडीएल, वीएलडीएल की जांच की सुविधा उपलब्ध है.

इसके अलावा पैंक्रियाटिक एंजाइम (एमाइलेज, लाइपेज), सीरम कैल्शियम, एलडीएच व हेमेटोलॉजी (सीबीसी, टीएलसी, डीएलसी, हेमेटोक्रिट) की भी जांच अब सदर अस्पताल में निःशुल्क की जा रही है. उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि मरीजों को अब इन जांचों के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी. अस्पताल में सेमी ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, एचडी बायो सेंसर, एलाइजा मशीन व कंप्लीट ब्लड काउंट मशीन जैसे उन्नत उपकरण उपलब्ध हैं.

उन्होंने कहा कि अस्पताल में पहले से ही हीमोग्लोबिन, वायरल मार्कर, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, ब्लड शुगर व थायराइड की जांच की सुविधा थी. अब इन सेवाओं का दायरा काफी बढ़ा है. उन्होंने यह भी बताया कि दिव्यांग बच्चों और बुजुर्गों के लिए नियमित रूप से जांच शिविर लगाए जा रहे हैं. वहीं डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के तहत 6 से 20 जुलाई तक सदर अस्पताल में दिव्यांगों के लिए विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया है, जिसका बड़ी संख्या में दिव्यांग लाभ उठा रहे हैं.

OFFICE OF THE TRIBAL WELFARE COMMISSIONER, JHARKHAND, RANCHI
Kalyan Complex, Balihar Road, Morabadi, Ranchi-834008

NOTICE INVITING TENDER (NIT)

Office of the Tribal Welfare Commissioner invites Online Bids through Jharkhand e-procurement portal (https:\\Jharkhand tenders.gov.in) for "Selection of Partner Agency for Providing Coaching to Scheduled Tribe Students for National Eligibility cum Entrance Test and Joint Entrance Exam (JEE) Advanced under the Jharkhand Anusuchit Janjati Sikshan Uthhan Karyakram. The selection of Partner Agency shall be done according to the Quality and Cost Based Selection (QCBS) Method as mentioned in "Jharkhand Procurement of Goods and Services Manual" published by Department of Finance vide Resolution no. 2315, dated 04.10.2024.
Details are as follows :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender Reference number | |
| 2. | Name of Work | Selection of Agency for Providing One Year and Two YearCoaching to 10th/11th/12th passed Scheduled Tribe Students for National Eligibility cum Entrance Test and Join t Entrance Exam (JEE) Advanced under the Jharkhand Anusuchit Janjati Sikshan Uthhan Karyakram. |
| 3. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 10,00,000/ - (Rupees Ten Lakhs Only) through Jharkhand e -Procurement portal |
| 4. | Start date/time of downloading Tender document | 18-07-2025 at 9 A.M. |
| 5. | Site Visit Schedule | 24-07-2025 at 10 A.M. (Interested bidders shall assemble at Kalyan Complex, Morabadi, Ranchi) |
| 6. | Last Date for sending Pre -Bid Query | 25-07-2025 till 03:00 P.M. |
| 7. | Pre -bid meeting | 25-07-2025 at 04:00 P.M. |
| 8. | Start date of bid submission | 26-07-2025 at 09:00 A.M. |
| 9. | Last date and time of Online Bid Submission | 09-08-2025 till 06:00 P.M. |
| 10. | Technical Bid Opening | 11-08-2025 at 12:30 P.M. |
| 11. | Financial Bid Opening | 13-08-2025 at 03:00 P.M. |
| 12. | Place of Pre -Bid Meeting/ Communication/ Bid Submission/ Bid Opening | Office of the Tribal Welfare Commissioner, Kalyan Complex, Morabadi, Ranchi - 834008 |
| 13. | Contact for Site Visit | Office of the Tribal Welfare Commissioner, Kalyan Complex, Morabadi, Ranchi – 834008 Email: tw -com -jhr @nic.in |
| 14. | Contact/ Pre -Bid query e -mail ID | Tel:-.................................. Email: tw -com -jhr@nic.in |

Note: 1. Office of the Tribal Welfare Commissioner reserves the right to change the conditions or cancel the tendering process at any stage without assigning any reason thereof. Please visit the portal regularly for the same.
2.The Bidders are advised to submit the Bids well in advance as Office of the Tribal Welfare Commissioner/GoJ will not be responsible for non-submission of the bids because of any technical glitches.

(Tribal Welfare Commissioner)

PR 357574 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department)25-26*D

## संक्षिप्त खबरें

### वोटर लिस्ट गलत मानी जा रही है, तो बिहार के पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों को रद्द करके फिर से चुनाव कराए जाने चाहिए: मंत्री



**संवाददाता रांची:** चुनाव आयोग द्वारा बिहार में वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण के बाद 35.5 लाख मतदाताओं के पते पर न पाए जाने और 54.5 लाख मतदाताओं द्वारा फॉर्म नहीं भरे जाने का मुद्दा आगामी विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों के लिए एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। इस संबंध में राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के नेता और झारखंड सरकार में श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर कि इस स्थिति से किस राजनीतिक दल को नुकसान हो सकता है, मंत्री संजय यादव ने इस वोटर लिस्ट को गलत बताये जाने पर चुनौती देते हुए कहा कि यदि यह वोटर लिस्ट गलत मानी जा रही है, तो बिहार के पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों को रद्द करके फिर से चुनाव कराए जाने चाहिए। संजय यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जब भी चुनाव का समय आता है, भारतीय जनता पार्टी (BJP) देश में 'हिंदू-मुसलमान' का मुद्दा उठाकर जनता को भ्रमित करने का काम करती है। उन्होंने अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों के मुद्दे पर केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (BSF) को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि देश में अवैध अप्रवासी हैं, तो केंद्र सरकार उन पर कार्रवाई क्यों नहीं करती।

### मारवाड़ी महाविद्यालय में शैक्षणिक लापरवाही के खिलाफ अबुआ अधिकार मंच ने उठाई आवाज



**रांची:** अबुआ अधिकार मंच ने मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची में छात्र-छात्राओं की विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर मारवाड़ी महाविद्यालय के प्रचार एवं डीएसडब्ल्यू का घेराव किया। घेराव का नेतृत्व कर रहे अबुआ अधिकार मंच के विशाल कुमार यादव एवं प्रभात कुमार महतो ने घेराव के माध्यम से कॉलेज प्रशासन का ध्यान खींचते हुए कई अहम मुद्दे उठाए। घेराव के उपरांत विशाल कुमार यादव ने मांग पत्र सौंपते हुए कहा की महाविद्यालय के लगभग सभी स्नातक (यूजी) सत्र विलंब से चल रहे हैं। सत्र 2022–26 के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा तो हो चुकी है, लेकिन उसका परिणाम अब तक प्रकाशित नहीं हुआ है। वहीं, बैकलॉग परीक्षाएं और परिणामों का हाल और भी खराब है। इससे छात्रों के भविष्य और उच्च शिक्षा में नामांकन पर संकट उत्पन्न हो रहा है। मंच के वशिष्ठ राज गुप्ता ने मांग की है कि नए शैक्षणिक सत्र से परीक्षा कैलेंडर को सख्ती से लागू किया जाए ताकि भविष्य में सत्रों में देरी न हो। अबुआ अधिकार मंच ने मांग की है कि सभी लंबित सत्रों को समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। क्लास टाइम टेबल को महाविद्यालय के डिस्प्ले बोर्ड पर प्रकाशित किया जाए।नए सत्र से परीक्षा कैलेंडर का पूर्ण पालन किया जाए।अप्रेंटिस से इनविजीलेशन ड्यूटी कराने की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

### जदयू नेता ने किया अपना मार्ट प्रतिष्ठान का उद्घाटन




**रांची:** 17 जुलाई महा अष्टमी के दिन सेक्टर 2 धुर्वा पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने अपना मार्ट प्रतिष्ठान का उद्घाटन जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी द्वारा किया गया। अपना मार्ट के संचालक विकास सिंह जी और कांसी जी द्वारा जनमानस को बड़ा उपहार एचएससी सेक्टर 2 धुर्वा क्षेत्र को दिया। उद्घाटन के पहले ही ग्राहकों का जमवाड़ा हो गया था। यह इस क्षेत्र का पहला अनुभव है। यहां एक छत के नीचे 4000 से अधिक आइटम अभी मिलेंग। ग्राहकों में खासकर महिलाओं में बहुत खुशी है कि अपने सुविधा अनुसार स्वेच्छा से अपने उपयोग की चीज ले पाएंगे। इस अवसर पर विकास सिंह ने कहा कि हम सभी वर्षों से प्रयासरत थे अपना मार्ट का खुलना हम लोगों के लिए भी खुशी की बात । प्रातः 6:30 बजे से लेकर रात्रि 9:30 बजे तक अपना मार्ट ग्राहकों की सेवा में खुली रहेगी। ऑनलाइन की सुविधा भी 15 दिनों में प्रारंभ हो जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के जाने माने लोग उपस्थित थे। निर्मला कौर, डीजी पुलिस सुनील सहाय , समाजसेवी एवं राजनीतिक राम लाल पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, रोमित नारायण सिंह युवा मोर्चा महानगर बीजेपी अध्यक्ष, नीलम चौधरी भाजपा प्रदेश मंत्री आदि मौजुद थे।

### यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में रांची नगर निगम कर रहा है प्रयासः संजय कुमार



**संवाददाता रांची:** रांची शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में रांची नगर निगम द्वारा निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अपर प्रशासक संजय कुमार के द्वारा निगम की टीम के साथ किशोरी यादव चौक से रातु रोड चौक तक एवं न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर प्रशासक द्वारा निम्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए गएः न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड में अवैध रूप से खड़ी की गई बसों को तत्काल हटाया जाए। ऑटो स्टैंड में बसें खड़ी करने वालों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए भविष्य में उल्लंघन की स्थिति में जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। किशोरी यादव चौक से रातु रोड चौक तक बेतरतीब तरीके से सड़क पर खड़ी छोटी बसों को हटाने एवं उन्हें निर्धारित स्थल पर व्यवस्थित करने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ऑटो स्टैंड क्षेत्र में कुछ दुकानें RRDA (रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण) के अंतर्गत आती हैं, जिसकी उपयोगिता एवं वैधता की जांच कराने हेतु RRDA सचिव को निर्देश दिया गया। उक्त स्थल में संचालित अवैध ऑटो रिपेयरिंग दुकानों को तत्काल हटाने का आदेश दिया गया।

### बंधु तिर्की से मिले नायक समाज के प्रतिनिधिमंडल



**संवाददाता रांची:** नायक समाज के प्रतिनिधिमंडल मिले पूर्व मंत्री बंधु तिर्की से मुलाक़ात की गई जिसमे नायक समाज के हक़ और अधिकार को लेकर बात हुई। नायक समाज की मछली पालन करना ये पूर्वज से चलता आ रहा है और ये हमारी पेशा है, इसपर दूसरे समाज के लोग मत्स्य विभाग में ट्रेनिंग कर विभाग पर कब्जा जमा रहे है। इस मुलाकात के दौरान हमारे घासी नायक समाज युवा कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष टाइगर संदीप नायक ,कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक, संरक्षक शिवटहल नायक,वा विजय नायक, पंचम तिग्गा सुरेश नायक , संजय लोहारा मिडिया प्रभारी रोशन नायक, कैलास नायक शशि भूषण भगत आदि शामिल थे।

# पीएआई-2 पर राज्य स्तरीय प्रसार कार्यशाला

## पोर्टल पर डेटा की प्रविष्टि की मॉनिटरिंग डीडीसी करें सुनिश्चित : राजेश्वरी बी






**रांची:** पंचायत निदेशक राजेश्वरी बी ने कहा कि पोर्टल पर डेटा की प्रविष्टि की मॉनिटरिंग डीडीसी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक के तहत जिलेवार आकलन में बताया कि लोहरदगा ने 59.37 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान ,उसके बाद खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम ,धनबाद,और जामताड़ा ने क्रमशः द्वितीय,तृतीय चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड ने पंचायत उन्नति सूचकांक(पीएआई 2.0) के तहत स्वास्थ्य पंचायत की थीम में बेहतर काम किया है। पंचायत उन्नति सूचकांक(पीएआई) का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य को हासिल करना है। इसके तहत पंचायतों को 9 थीम पर फोकस कर काम करना है। उन्होंने कहा कि फंड की उपलब्धता को देखते हुए हर साल किन्हीं दो थीम को फोकस कर कार्य करें फिर अगले साल किन्हीं दो थीम पर। इस तरह हम अपने लक्ष्य को पा सकेंगे। राजेश्वरी बी गुरुवार को रांची के एक स्थानीय होटल में आयोजित पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई-2) पर राज्य स्तरीय प्रसार कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं।

**पीएआई पोर्टल पर पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों की प्रविष्टि करना भी जरूरी:** राजेश्वरी बी ने पंचायत उन्नति सूचकांक के तहत जिलेवार आकलन में बताया कि लोहरदगा ने 59.37 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान ,उसके बाद खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम ,धनबाद,और जामताड़ा ने क्रमशः द्वितीय,तृतीय चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने कहा कि अन्य पंचायतों ने भी अच्छा काम किया है लेकिन अच्छा काम करने के साथ-साथ उसका प्रदर्शन करना भी जरूरी है। पीएआई पोर्टल पर पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों की प्रविष्टि भी सुनिश्चित होनी चाहिए नहीं तो पंचायत उन्नति सूचकांक में पिछड़ जायेंगे । उन्होंने सभी जिलों के डीडीसी को निदेश दिया कि इसकी भी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें कि पोर्टल पर डेटा की प्रविष्टि हो रही है या नहीं । उन्होंने कहा कि पीएआई पोर्टल पर डेटा की कम इंट्री को देखते हुए ही यह कार्यशाला का आयोजन किया गया है । उन्होंने कहा कि पंचायतें अच्छा काम करते हैं पर उसका प्रदर्शन उचित जगह नहीं कर पाते हैं जिस कारण हमलोगों सूचकांक में पिछड़ रहे हैं ।

**पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से काम कर रही है राज्य सरकारः** राजेश्वरी बी ने कहा कि राज्य सरकार पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से काम कर रहे है । पंचायत भवन को सुदृढ़ किया जा रहा है । डिजिटल पंचायत प्रोग्राम शुरू किया गया है । पंचायत भवन में सारे डिजिटल काम किए जा रहे है । इसलिए डेटा प्रविष्टि में भी अब कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायती राज में मुखिया केंद्र में है । पंचायत में सभी विकास के काम मुखिया के माध्यम से ही होते हैं । विकास कार्य में सरकार की सभी गतिविधियों में मुखिया की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।अब सभी जिलों में ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है । जिसके लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम पोर्टल बनाया गया है जिसमे प्रविष्टि कर ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए इस तरह के कार्यशाला के आयोजन से मुखिया को भी लाभ होगा। इस अवसर पर पंचायत उन्नति सूचकांक( पीएआई 2.0 )के तहत बेहतर कार्य करने वाले जिलों ,प्रखंडों और पंचायतों को सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में जिला परिषद के अध्यक्ष,विभिन्न जिलों के डीडीसी, पंचायती राज की अपर सचिव शैल प्रभा कुजूर सहित जिला पंचायत पदाधिकारी, विभिन्न पंचायतों के मुखिया,विभिन्न जिलों से आए संबंधित विभाग के पदाधिकारी ,कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पीएचडी चैंबर के झारखंड इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन



**रांची:** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री झारखंड चैप्टर ने कडरू स्थित डीएवी कपिलदेव चिल्ड्रेन पार्क में झारखंड इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो का आयोजन किया गया है। यह एक्सपो 20 जुलाई तक चलेगा। इस ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने गुरुवार को किया। मौके पर उन्होंने कहा कि रांची में तेजी से कारोबार का विकास हो रहा है। उद्योग जगत के विकास की गति अपने चरम पर है। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय ने इस ट्रेड एक्सपो को मंजूरी दी है। देश भर आए हुए एमएसएमई के लोग बिजनेस कर रहे हैं। उन्होंने ट्रेड एक्सपो के आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन भविष्य में भी किया जाना चाहिए। एक्सपो में 20 राज्यों के कुल 60 स्टॉल लगे हुए हैं। इन स्टालों में हस्तशिल्प, हथकरघा, वस्त्र, आयुर्वेदिक दवाएं, स्टील और लकड़ी के फर्नीचर, सौर पैनल, बाजरा और खाद्य पदार्थ शामिल हैं। यह एक्सपो झारखंड के विविध औद्योगिक परिदृश्य को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच बना है, जहां बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) और बीटूसी (बिज़नेस टू कंज्यूमर) दोनों तरह के इंटरेक्शन पर केंद्रित है।

### पीएनबी ने मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया




**संवाददाता रांची:** पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय रांची के द्वारा दिनांक 17 जुलाई 2025 को मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बैंक के द्वारा प्रदान किए जा रहे विभिन्न रिटेल प्रोडक्ट की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के लिए हुआ। राँची शहर में बैंक द्वारा अप्रूवड प्रोजेक्ट Assotech Hills में मुख्य कार्यक्रम किया गया । जहां पीएनबी के प्रधान कार्यालय से पधारे महाप्रबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार पर्वेक्षक के रूप में उपस्थित थें । उनके साथ राँची मंडल प्रमुख श्री अवधेश झा एवं उप- मंडल प्रमुख श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के साथ मंडल के अन्य अधिकारी एवं राँची शहर के शाखाओं के शाखा प्रमुख भी उपस्थित थें। आउटरीच का कार्यक्रम जमशेदपुर, रामगढ़ सहित अन्य मुख्यालयों पर भी किया गया। कार्यक्रम आयोजन स्थल पर बैंक द्वारा दिए जा रहे विभिन्न रिटेल उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी।

## सीएसआर फंड का नियंत्रण राज्य सरकार के पास : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर



**रांची:** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के उपयोग को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने मुख्य सचिव अलका तिवारी को गुरुवार को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर झारखंड में भी सीएसआर फंड के नियंत्रण का अधिकार राज्य सरकार का होना चाहिए।

पत्र में मंत्री ने उल्लेख किया कि हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना सीएसआर फंड की एक पैसा भी खर्च नहीं किया जाता है। इससे पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की व्यवस्था झारखंड में भी लागू की जानी चाहिए ताकि फंड का वास्तविक उपयोग धरातल पर हो सके।

वित्त मंत्री ने सीएसआर फंड के कथित दुरुपयोग पर भी सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बैंक और कॉर्पोरेट संस्थाएं सीएसआर मद से महंगे उपकरणों सीलिंग फैन, एसी, एलईडी स्क्रीन पुलिस लाइन और समाहरणालयों में लगवा रहे हैं, जो सीएसआर के मूल उद्देश्य से भटकाव है।

उन्होंने कहा कि फंड का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, पोषण, गरीबी उन्मूलन और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना है, लेकिन कई बार यह सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाता है।

मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कई संस्थाएं कागजों में ही सीएसआर खर्च दिखाकर इसका दुरुपयोग कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार यदि इस पर नियंत्रण रखे, तो सीएसआर फंड का समुचित और उद्देश्यपूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में मंत्री ने सुझाव दिया है कि सीएसआर फंड की स्वीकृति और निगरानी की प्रक्रिया को केंद्रीकृत करते हुए इसे मुख्यमंत्री कार्यालय या संबंधित राज्य प्राधिकरण के नियंत्रण में लाया जाए।

# अवैध वसूली पर रांची नगर निगम का बड़ा कदम

## ऑटो चालकों से जबरन वसूली पर होगी सख्त कार्रवाई

**रांची:** राजधानी रांची में ऑटो चालकों से मनमाने ढंग से वसूली करने वाले अब नगर निगम के रडार पर हैं. शहर में अवैध वसूली की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रांची नगर निगम ने अब कड़ी कार्रवाई का ऐलान किया है. निगम ने साफ कहा है कि रांची में किसी भी व्यक्ति, संस्था या समूह को ऑटो चालकों से किसी भी प्रकार की वसूली का अधिकार नहीं है. यदि कोई ऐसा करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तय है।

नगर निगम के जनसंपर्क पदाधिकारी गौतम कुमार साहू ने बताया कि बीते कई सप्ताह से नगर निगम को यह शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ स्थानों पर चालकों से वसूली के नाम पर अवैध गतिविधियां चल रही हैं. इसके बाद नगर आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और विशेष टीमों को चिन्हित इलाकों में भेजकर स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया।

### तीन अधिकृत पार्किंग स्थल, बाकी सब अवैधः नगर निगम



*नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में केवल तीन स्थानों को ही अधिकृत ऑटो पार्किंग के रूप में अनुमति दी गई हैः सदर अस्पताल के पास, रातू रोड न्यू मार्केट, अरगोड़ा चौक. इन तीन स्थानों को छोड़कर शहर में कहीं भी निगम ने ऑटो स्टैंड या वसूली की अनुमति नहीं दी है. निगम ने कहा है कि जिन स्थानों पर पैसे वसूले जा रहे हैं, वे पूरी तरह अवैध हैं और वहां निगरानी टीम तैनात की जा रही है.*

**वसूली के नाम पर फर्जी रसीद, ड्राइवरों की परेशानी बढ़ीः** रांची के कई ऑटो चालकों ने नगर निगम अधिकारियों से संपर्क कर बताया कि कुछ लोग रसीद काटकर उनसे पैसे वसूल रहे हैं, लेकिन बाद में पता चला कि वह रसीद मान्य ही नहीं है. खादगढ़ा बस स्टैंड, रातू रोड चौक, लालपुर और हरमू जैसे इलाकों से ऐसी शिकायतें सबसे ज्यादा आ रही हैं. ऑटो चालक मुकेश कुमार बताते हैं कि हमसे हर दिन 20 से 50 रुपए तक वसूला जाता है. न देने पर गाड़ी जब्त करने की धमकी दी जाती है. हम गरीब लोग हैं, इतना पैसा कहां से देंगे?

**निगम की अपील- जानकारी दें, कार्रवाई होगीः** नगर निगम ने ऑटो चालकों और आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं कोई व्यक्ति या संस्था अवैध वसूली करती दिखे तो तुरंत इसकी सूचना नगर निगम कार्यालय या हेल्पलाइन पर दें. शिकायत मिलने पर तत्काल टीम भेजी जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

नगर निगम ने यह भी संकेत दिया है कि जल्द ही ऐसे मामलों के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप सुविधा शुरू की जाएगी ताकि चालक बिना डर के अपनी बात कह सकें।

**क्या कहता है प्रशासन?:** नगर निगम का मानना है कि यदि यह वसूली बंद नहीं हुई तो न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ेगी, बल्कि शहर की छवि भी खराब होगी. इसलिए अब कार्रवाई के साथ-साथ नियमित मॉनिटरिंग और जांच अभियान भी चलाया जाएगा. निगम का संदेश स्पष्ट है अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी. नाजायज वसूली करने वालों को अब तैयार रहना होगा, क्योंकि कानून अब उनके दरवाजे तक पहुंच चुका है।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रितों को कराया गया भोजन



**रांची:** परमहंस डा० संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य मे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वाधान मे विगत 18 माह से चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ स्थल मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) राँची में आज 17 जुलाई को अमन कुमार पोद्दार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का विधिवत आश्रम के किचन में भोजन बनवाकर भोजन खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 3 जुलाई से 17 जुलाई तक 15 दिनों मे 2940 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरू कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) में-करण प्रसाद, श्याम शशि वर्मा, प्रह्लाद मुरारका, प्रदीप सिंघानिया, गोवर्धन यादव, सुहानी सिन्हा, दीपक खेतान, सुधीर पांडेय, अमित अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, शंकर लाल धनुका, निर्मल मानपुरिया, नीता रुंगटा, विश्वनाथ प्रेमलता मोदी, संजय निशि अग्रवाल, दिया केसरी, पूजा सिंह, विकास अग्रवाल, के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसाद खिलाकर सेवा की गई। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल ने मनाया अपना 36वां स्थापना दिवस





**रांची:** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची ने 17 जुलाई 2025 को अपना 36वां स्थापना दिवस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम "कृष्णा ओडिसी - अ स्टोरी ऑफ़ इनोसेंस एंड इनसाइट" बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम को विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। यह आयोजन परंपरा, रचनात्मकता और युवा उत्साह का अद्भुत संगम था। इस अवसर पर विवेकानंद प्रेक्षागृह में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने मंच पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

इस अवसर की गरिमा को अमोल विनुकांत होमकर, आईजी रेलवे, झारखंड, ने बढ़ाया जिन्होंने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके साथ किशोर कौशल, आईपीएस, कमांडेंट, जैप-7, हजारीबाग, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समराजीत जी जाचक, सीजीएम (एचआर), आरडीसीआईएस, और इंचार्ज (एचआर), सेल रांची यूनिट एवं डीपीएस रांची के प्रो-वाइस चेयरमैन, की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। रांची के अन्य प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्राचार्य, प्रमुख शिक्षाविद् और गणमान्य अतिथि भी इस विशेष अवसर पर उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया, जो विद्यालय की परंपरा और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था। कार्यक्रम की शुरुआत एक स्वागत गीत से हुई, जिसमें विभिन्न संगीत शैलियों का सुंदर संगम देखने को मिला। संस्कृत श्लोकों के गूंजते उच्चारण ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके पश्चात हिंदी में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और गुणों का सुंदर वर्णन प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में अंग्रेज़ी गीतों को भी शामिल किया गया, जिससे परंपरा और आधुनिकता का अनूठा मिश्रण देखने को मिला। रैप म्यूजिक का समावेश इस कार्यक्रम की एक विशेष और आकर्षक प्रस्तुति रही, जिसमें छात्रों की रचनात्मकता और नवीन सोच की झलक दिखाई दी।

परंपरागत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ, कार्यक्रम को औपचारिक रूप से आरंभ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने 'ग्रूव गाला' नामक वाद्य यंत्र प्रस्तुति दी, जिसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत और 1980-90 के दशक के बॉलीवुड धुनों का प्रभावशाली संयोजन देखने को मिला। यह प्रस्तुति सिर्फ संगीत प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा थी, जिसने श्रोताओं को अतीत की मधुर स्मृतियों से जोड़ दिया।

अपने संबोधन में, प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। साथ ही, समारोह का हिस्सा बनने के लिए अपने व्यस्ततम कार्यों से समय निकालने के लिए हार्दिक आभार भी प्रकट किया। उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय के अथक प्रयासों एवं उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया।

उन्होंने शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम प्रतियोगिताओं में डीपीएस राँची के विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को उल्लेखित किया जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर पूरे विद्यालय परिवार का नाम रौशन किया है।। डॉ. जया चौहान ने संस्थान के उस उद्देश्य की पुनः पुष्टि की, जिसके तहत एक ऐसा सहयोगी और प्रेरक वातावरण तैयार किया जाता है जहाँ छात्रों को अपनी प्रतिभा और क्षमता का समुचित उपयोग करने और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें...

### वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण(हजारीबाग) प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर पंचायत के ग्राम जगदीशपुर में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने की दर्दनाक घटना में एक युवक की मौत हो गई,जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों खेत में काम कर रहे थे।घटना के संबंध में मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर साव ने बताया कि दोनों युवक खेत मे रोपनी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी,जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से झुलस गए।आनन फानन मे दोनों युवक को अस्पताल ले जाया गया।जहाँ डॉक्टरों ने एक की मौत की पुष्टि की।मृतक की पहचान 16 वर्षीय बंटी कुमार पिता सहदेव भुईयां के रूप में हुई है। वहीं प्रकाश भुईयां उम्र लगभग 30 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गए। प्रकाश भुईयां की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।इस हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों ने रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं सरकारी सहायता प्रदान करने की मांग की है।

### झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का हुआ चौपारण आगमन, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने किया भव्य स्वागत



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव गुरुवार को चतरा से लौटने के क्रम में चौपारण पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चौपारण के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। आगमन पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने माला पहनाकर एवं पारंपरिक अंगवस्त्र भेंट कर अतिथि का सम्मान किया।स्वागत समारोह में चौपारण भाग दो जिला परिषद सदस्य रविशंकर अकेला तथा वरिष्ठ समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने भी पुष्पगुच्छ (बुके) प्रदान कर आयोग अध्यक्ष का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने जानकी यादव के आगमन को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण और क्षेत्रीय समस्याओं पर भी अनौपचारिक चर्चा हुई, जिसमें स्थानीय नेताओं ने अपनी बात रखी और सहयोग की अपेक्षा जताई।इस अवसर पर जिप सदस्य रविशंकर अकेला,समाजसेवी भुनेश्वर यादव, नवीन यादव,सोनू दास सहित अनेक कार्यकर्ता और सम्मानित नागरिक मौजूद थे।

### माँ भद्रकाली सेवा संस्था इटखोरी के कर्म योगियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी को किया सम्मानित



कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) इटखोरी के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर परिसर में मां भद्रकाली सेवा संस्था के द्वारा पिछले 11 जुलाई से लगातार बाबा धाम जाने वाले और बाबा धाम से बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक कर लौटने वाले कांवरियों की सेवा के लिए निशुल्क शिविर चलाए जा रहा है। यहां पर आने वाले कांवरियों के प्रति पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ ध्यान रखा जा रहा है। मां भद्रकाली सेवा संस्था सामाजिक उद्देश्यों के प्रति संवेदनशील होकर निरंतर अपने कार्य को अंजाम दे रही है। इसी क्रम में संस्था के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के द्वारा इटखोरी प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बंकीरा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मां भद्रकाली सेवा संस्था के द्वारा किए जा रहे जनहित के पुनीत कार्यों की सराहना की। मौके पर मां भद्रकाली सेवा संस्था के अध्यक्ष सूरज सिंह, उपाध्यक्ष आदित्य पासवान कोषाध्यक्ष धिरज चंद्रवंशी, मुख्य सलाहकार संतोष केशरी सचिव निर्भय पाण्डेय,संरक्षक कुंदन पासवान,शिवम सिंह, पारस शर्मा समेत कई गण मान्य लोग उपस्थित थे। मुख्य सदस्य - बिपिन चौरसिया, सुजीत सिंह, अभिषेक सिंह, पुनीत राहुल चौरसिया।

### इग्नू में जुलाई 2025 सत्र के लिए नामांकन की तिथि हुई विस्तारित अब, नामांकन 31 जुलाई तक

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा : इग्नू में जुलाई 2025 सत्र के लिए नामांकन शुरू हो गया है जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित है इग्नू में मास्टर्स, बैचलर्स ,पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स के लिए ओडीएल और ऑनलाइन मोड के कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू है एवं स्नातक द्वितीय ,तृतीय वर्ष स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के लिए पुनः पंजीकरण जारी हैं । उक्त आशय से संबंधित जानकारी इग्नू के समन्वयक डॉ. मुकेश कुमार झा ने दी।

### स्मृतिशेष सुरेन्द्र पांडेय के पुण्यतिथि के कार्यक्रम के मौके पर ब्राह्मण समाज ने दी श्रद्धांजलि



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा : चतरा प्रखंड के ग्राम जांगी में झारखंड बिहार प्रांत के क्रौंच द्विपीय ब्राह्मण समाज के वीर संस्थापक सम्राट योद्धा पुरुष स्मृतिशेष सुरेन्द्र पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड बिहार प्रांत के क्रौंच द्विपीय ब्राह्मण समाज के प्रखर ओजस्वी एवं योग्य व्याख्याता कर्मठ समाजसेवी ईमानदार लोकप्रिय शिक्षित एवं आमलोगों के हितैषी वीर सपूत पूर्व चतरा जिला सचिव क्रौंच द्विपीय ब्राह्मण समाज,चतरा जिला कांग्रेस कमिटी प्रखंड अध्यक्ष चतरा, स्मृतिशेष सुरेन्द्र पांडेय ग्राम निवासी जांगी जिला चतरा में पैतृक निवास पर अंबिका ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक पं ब्रजेश पाण्डेय ने श्रद्धांजलि अर्पित कर बताया कि ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में बांधकर चलने वाले ओजस्वी एवं तेज तर्रार सुरेंद्र पांडेय की चर्चा बिहार झारखंड के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी न्याय और धर्म के लिए समर्पित जानी जाती है। आज हम लोगों के बीच हमारे मार्गदर्शक नहीं है लेकिन उनके बताए हुए दिशा निर्देश पर बिहार झारखंड और राष्ट्रीय स्तर पर कार्य आज भी क्रौंच द्विपीय ब्राह्मण समाज उनके सपनों को पूरा कर रहा जो गौरव का विषय है।

# चतरा में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और शहरी सौंदर्यीकरण की दिशा में तेजी से हो रहा कार्य, उपायुक्त ने किया विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा : जिला उपायुक्त कीर्तिश्री ने आज देर शाम जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं का स्थल पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उनके साथ दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, एवं नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी बिनीता कुमारी उपस्थित रहीं।



### गीरवा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं का निरीक्षण

निरीक्षण की शुरुआत सदर प्रखंड अंतर्गत गीरवा में साढ़े तीन एकड़ भूमि पर निर्माणाधीन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट और एक एकड़ क्षेत्र में बन रहे फेसल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट से हुई।

नगर परिषद की ओर से जानकारी दी गई कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण कार्य वन विभाग एवं वाइल्डलाइफ से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण फिलहाल रुका हुआ है। उपायुक्त ने इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं, एफएसटीपी के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने और कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इन परियोजनाओं के पूरा होने से नगर परिषद क्षेत्र में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे स्वच्छता, पर्यावरणीय संतुलन और सार्वजनिक स्वास्थ्य को लाभ पहुंचेगा।

75 एकड़ में विकसित हो रहा है ईको पार्क — चतरा को मिलेगा एक भव्य हरित उपहार निरीक्षण का अगला चरण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पीछे बन रहे ईको पार्क का रहा, जिसे चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह पार्क लगभग 75 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और इसे दो हिस्सों में विभाजित किया गया है: प्राकृतिक वन क्षेत्र — जिसमें मौजूदा वन संरक्षित रहेगा मनोरंजन एवं जागरूकता क्षेत्र — जहाँ नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने हेतु विविध संरचनाएं बनाई जा रही हैं।

### पार्क में निर्माणाधीन प्रमुख सुविधाएं:

चिल्ड्रन जोन, ओपन थिएटर, एडमिन भवन, एनआईसी (प्राकृतिक सूचना केंद्र), कैक्टस हाउस, कैंटीन, म्यूजिकल फाउंटेन, सुंदर लैंडस्केपिंग और हरित पथ, गुलाब गार्डन

उपायुक्त ने इन कार्यों की प्रगति की निरीक्षण करते हुए इसे चतरा के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस पार्क के निर्माण से चतरा की जनता को मनोरंजन का एक भव्य और हरित स्थल मिलेगा, जो साथ ही पर्यावरणीय जागरूकता का केंद्र भी बनेगा। उपायुक्त ने सीएसआर मद से अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने की बात भी कही, जिससे कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा किया जा सके। वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री मुकेश कुमार ने बताया कि पार्क में दो मुख्य प्रवेश द्वार होंगे और यह क्षेत्र चतरा के पर्यटन, पर्यावरण शिक्षा और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा।

### चतरा जिला प्रशासन – जनहित, पर्यावरण और स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध

जिला प्रशासन द्वारा संचालित ये परियोजनाएं न केवल स्थायी विकास, स्वच्छता मिशन और हरित झारखंड की दिशा में प्रयासों को गति देंगी, बल्कि चतरा को एक आधुनिक, हरित और स्वच्छ शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## नकली पनीर और घी बेचने के नापाक मंसूबे का पुलिस ने किया भंडाफोड़

### पुलिस ने टेम्पू में लदा नकली पनीर और घी सहित दो लोगों को पकड़ा

ओरमांझी(मोहसीन): ओरमांझी थाना क्षेत्र के चुटुपालु में बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 5 बजे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों साथ संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर टेम्पू गाड़ी नंबर जेएच 01बीजेड 8891में लोड कर रहे साढ़े पांच सौ केजी नकली पनीर और एक टीना नकली घी जब्त किया,वहीं टेम्पू चालक अनिल कुमार यादव व पनीर लोड कर रहे दिलीप राय को पुलिस ने पकड़ा और थाने ले आयी।खाद्य सेफ्टी विभाग के अधिकारी सुबीर रंजन ने थाने में घटना संबोधित कागजी कार्रवाई करते हुए नकली पनीर व घी के सिंपल को जांच के लिए लैब भेजने के लिए सील कर दिया,ओरमांझी थाना के एसआई विनय कुमार ने घटना के संबंध में बताया कि मैं ब्लॉक चौक स्थित अपने कार्य पर कार्यरत था उसी समय उच्च अधिकारी का सूचना मिला था कि बड़े पैमाने पर नकली पनीर व घी किसी बिहार से आने वाला बस से लाकर चुटुपालु में उतारा गया है,इस की सूचना मिलते ही पुलिस टीम लेकर चुटुपालु पहुंचा और देखा की पनीर और घी रखा हुआ है,जिस से छोड़ी दूर घात लेकर हम लोग बैठ गये, कुछ देर बाद एक टेम्पू वहां पहुंचा



और पनीर और टीने में रखें 20लीटर घी लोड करने लगा, तब हमलोग उसक टेम्पू के पास पहुंचकर चालक व सामान लोड करने वाले युवक को पकड़ा और अपने साथ थाने ले आया.वही टेम्पू चालक ने बताया कि हमें फोन आया था कि वहां से सामान रांची पहुंचना है जिसकी सूचना पर मैं वहां पहुंचा था.नकली पनीर और घी को रांची आसपास के होटलों व ढाबा में खपाने का प्रयास था,लेकिन पुलिस ने नकली घी बेचने वाले धंधाबाजो के नापाक मंसूबा का भंडाफोड़ दिया,खाद्य सुरक्षा विभाग के पदाधिकारी सुबीर रंजन ने लोगों से होटल में बेची जा रही नकली पनीर घी सहित अन्य नकली चीजों को खाने से बचने की बात कहीं है। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले नकली घी एवं पनीर के धंधाबाजो पर हो सख्त कार्रवाई।

## सऊद हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त मौसेरा भाई एबाद सहित 2 गिरफ्तार

रामगढ़: रामगढ़ पुलिस ने बरकाकाना के सऊद हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. एसपी अजय कुमार ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि साउद की हत्या उसके मौसेरे भाई ने दो अन्य युवकों के साथ मिलकर की थी. हत्या मुहर्रम की शाम हुई थी. उसी शाम डुडगी गांव निवासी मो. सयूब अंसारी ने अपने बेटे सऊद (24 वर्ष) के गुम होने की लिखित शिकायत बरकाकाना ओपी में की थी. जांच के क्रम में पीरी स्थित अमान अंसारी के बन्द पड़े ईंट भट्ठा के डग से सऊद की लाश बरामद की गई थी.

एसपी ने बताया कि मो. सयूब ने नामजद अभियुक्तों पर उसके बेटे सऊद की हत्या कर शव को ईंट भट्ठा के डग में छुपाने का आरोप लगाया था. मो. सयूब के आवेदन के आधार पर बरकाकाना ओपी में मामला



दर्ज कर जांच शुरू की गई. पतरातु एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई. पुलिस की टीम ने मुख्य अभियुक्त मौसेरे भाई एबाद उर्फ आबाद को ओरमांझी और उसके साथी असफाक को पीरी से गिरफ्तार कर लिया. इससे पूर्व अभियुक्त आफताब अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू, कपड़े और जूते बरामद कर लिया है.

### छापेमारी टीम में ये थे शामिल

छापेमारी टीम में पतरातु एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, पुलिस इंस्पेक्टर सतेन्द्र कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी, भुरकुण्डा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रम्हवर्त कुमार, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, एसआई हरदुगन होरो सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

### खनन विभाग की टीम ने मझगांव में अवैध बालू का भंडारण किया जब्त



चाईबासा: एनजीटी की रोक के बावजूद पश्चिमी सिंहभूम जिले में अवैध बालू का खनन, भंडारण व खरीद-बिक्री जारी है. एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव के निर्देश पर खनन विभाग की टीम ने सीओ विजय बिरेंज के साथ गुरुवार को मझगांव में छापेमारी की. इस दौरान खैरपाल व गुपुरबुंड़ा में भारी मात्रा में अवैध बालू का भंडारण पाया गया. टीम ने बालू को जब्त कर लिया. खनन विभाग के अधिकारी बालू के भंडारण की जांच-पड़ताल में जुट गए हैं. छापेमारी में अंचल अधिकारी, खान निरीक्षक निखिल दास, मझगांव थाना प्रभारी संग्रह कुजूर व पुलिस के जवान शामिल थे.

### मां भद्रकाली कांवरिया सेवा संस्था बाबा धाम जाने वाले कांवरियों की सेवा में निरंतर है तत्पर

## भोजन, विश्राम एवं स्वास्थ्य से संबंधित सेवाएं निशुल्क प्रदान कर रहा

कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) इटखोरी के तीन धर्मों की संगम स्थली ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर में मां भद्रकाली कांवरिया सेवा संस्था के द्वारा विगत 11 जुलाई से बाबा धाम की यात्रा पर जाने वाले और बाबा धाम की यात्रा पूरी कर भगवान आशुतोष को जल अर्पित कर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वरदान बना हुआ है। इस संस्था के द्वारा लगातार 6 दिनों से अहर्निश कांवरियों की सेवा समर्पित भाव से की जा रही है। संस्था के समर्पित स्वयंसेवकों के द्वारा बाबा धाम की यात्रा पर जाने वाले कांवरियों और बाबा बैजनाथ को जल अर्पित कर आने वाले कांवरियों के लिए भोजन, विश्राम एवं स्वास्थ्य की व्यवस्था मां भद्रकाली कांवरिया सेवा संस्थान



के समर्पित स्वयंसेवकों के द्वारा निशुल्क की जा रही है।

मां भद्रकाली कांवरिया सेवा संस्था के सूरज सिंह ने बताया कि यहां पहुंचने वाले सभी कांवरियों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है। थके हुए कांवरियों के लिए विश्राम करने हेतु बेहतर व्यवस्था की गई है। बाबा धाम की यात्रा कर लौटने वाले कांवरियों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। थके कांवरियों की सेवा के लिए भी हमारे स्वयंसेवक समर्पित भाव से दिन रात तत्पर रहते हैं। अस्वस्थ महसूस करने वाले कांवरियों के लिए चिकित्सा की भी व्यवस्था संस्थान के द्वारा की गई है।

संस्था के द्वारा कांवरियों के प्रति श्रद्धा और निष्ठा को देखकर स्वयंसेवकों के समर्पित सेवा भाव से कांवरियें काफी संतुष्ट नजर आए। संस्था के स्वयंसेवक कावरियो की हर समस्या का समाधान करने के प्रति लगन और निष्ठा के साथ श्रद्धापूर्वक तत्पर रहते हैं।

यहां पहुंचने वाले कांवरियों ने मां भद्रकाली कांवरिया सेवा संस्था के सेवा कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया है।

## हाइवा ने महिला को अपनी चपेट में लिया, रिम्स रेफर

लातेहार: कुसमाही रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन में लगे एक बेकाबू हाइवा ने गुरुवार को बाइक सवार महिला को अपने चपेट में ले लिया. इसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. घायलावस्था में महिला को रिम्स रेफर कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार, गुड़िया देवी, (30) पति विश्राम गंझू फुलसू ग्राम से बाइक में सावार होकर बालूमाथ आ रही थी. इसी दौरान बनियों पुल के समीप हाइवा (JH 19ई 7728) ने महिला को चपेट में ले लिया. जिससे मौके पर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई.

आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार व एमपीडब्ल्यू गुलाम कुरैशी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया. उपचार के बाद महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया गया.



उधर परिजन और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और बनियों फूल के पास गुस्साए ग्रामीण ने सड़क जाम कर दिया. जाम में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई. जाम की जानकारी मिलते ही बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, एसआई गौतम कुमार अपने दलबल के साथ जाम स्थल पहुंचे. ग्रामीणों से वार्ता की. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू, संदीप उरांव, राजेंद्र उरांव, अब्दुल भाई सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.

## वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन की जमशेदपुर शाखा का गठन,अरुण अड़ेसरा बने अध्यक्ष

जमशेदपुर । युवाओं में सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक सेवा और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गुजरात आधारित वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन ने अपनी नई शाखा का शुभारंभ जमशेदपुर में किया। यह आयोजन बिस्टुपुर स्थित गुजराती सनातन समाज में पूज्य पद गोस्वामी 108 श्री व्रजराजकुमारजी महोदयश्री की पावन उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उनके दिव्य आशीर्वाद से इस नई शाखा की शुरुआत हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जहां वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन की जमशेदपुर समिति की औपचारिक घोषणा भी की गई। समिति में संजय शाह और बिपिन अड़ेसरा को ट्रस्टी नियुक्त किया गया है, जबकि भावना शाह प्रभारी के रूप में मार्गदर्शन करेंगी। अरुण अड़ेसरा अध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे, और जतिन राणपरा, मिलन अड़ेसरा तथा राजेंद्र ढोलकिया को महासचिव बनाया गया है। कमल माकाटी को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्षों की टीम में दीपक टौंक, जयेश अमीन, अतुल अड़ेसरा, आशीष राणपरा, हितेश




राजा, प्रबीर पटेल, हितेश शाह और विवेक पारिख शामिल हैं। कोषाध्यक्ष के रूप में नीतेश शाह तथा सह-कोषाध्यक्ष के रूप में दिनेश वगाडिया कार्यभार संभालेंगे। महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी गीता वगाडिया को अध्यक्ष के रूप में दी गई है। दिपाली शाह और धारा शाह महासचिव की भूमिका निभाएंगी, जबकि अल्पा शाह संयुक्त सचिव होंगी। महिला उपाध्यक्षों में निमिला पटेल, सोनाली राणपरा, कनक अड़ेसरा, विनीता शाह, निली अड़ेसरा और अल्पा पारिख शामिल हैं। दिप्ती राजा को कोषाध्यक्ष और नम्रता पटाडिया को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शिक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी छाया पारिख को सौंपी गई है। कार्यक्रम में रीमा अड़ेसरा, जो वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन की प्रमुख कार्यकर्ताओं में से एक हैं, ने बताया कि वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन आज विश्वभर में 46 से अधिक शाखाओं के माध्यम से वैष्णव परंपरा को जीवित रखते हुए युवाओं को सेवा और संस्कृति की ओर अग्रसर कर रहा है। संगठन धार्मिक जागरूकता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, शैक्षणिक सहायता, वृक्षारोपण, अनाथ बच्चों की मदद और गौसेवा जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।" उन्होंने कहा कि पूज्य पद गोस्वामी 108 श्री व्रजराजकुमारजी महोदयश्री के मार्गदर्शन में VYO एक समर्पित और संस्कारित युवा वर्ग तैयार कर रहा है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जन अबुआ साथी तीन दिनों के लिए हुआ बंद

**रांची:** जिला प्रशासन की ओर से जन शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए चलाए जा रहे अबुआ साथी सेवा को तकनीकी रूप से और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इसका अपग्रेडेशन किया जा रहा है। इस वजह से अबुआ साथी के तहत संचालित व्हाट्सएप नंबर 9430328080 पर सेवा गुरुवार की रात 10 बजे से अगले तीन दिनों तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान आमजन अपनी शिकायतें जिला प्रशासन को वैकल्पिक ईमेल आईडी डीसी ऐट दि रेट डीईजीएस रांची डॉट आईएन के माध्यम से भेज सकते हैं। प्रशासन की ओर से प्राप्त शिकायतों को नियमित रूप से संकलित कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया जाएगा और जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बार एसोसिएशन का चुनाव 2 अगस्त को, नामांकन फॉर्म की बिक्री शुरू

बोकारो: बोकारो बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर वकीलों के बीच चुनावी माहौल गर्माने लगा है. चुनाव 2 अगस्त को होगा और अगले दिन 3 अगस्त को मतगणना होगी. चुनाव को लेकर कोर्ट परिसर में चर्चा, रणनीति और समर्थन जुटाने का दौर शुरू हो चुका है. 17 जुलाई से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई, जो 23 जुलाई तक चलेगी. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सचिव सहित कई पदों के लिए अधिवक्ता मैदान में उतरेंगे.

### चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह

नामांकन के पहले ही दिन अधिवक्ताओं में



खासा उत्साह देखा गया. उपाध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी रणजीत गिरि ने नामांकन फॉर्म खरीदा और कहा कि अगर वे निर्वाचित होते हैं, तो चंद्रपुरा, जारीडीह और दुग्दा थाना को बोकारो जजशिप से जोड़ने के लिए काम करेंगे. साथ ही अधिवक्ताओं को बोकारो स्टील प्लांट से क्वार्टर दिलाने का भी प्रयास करेंगे. बार एसोसिएशन को एक स्वच्छ, पारदर्शी और भयमुक्त कार्यसंस्कृति के साथ आगे ले जाना उनकी प्राथमिकता होगी.

### 1200 अधिवक्ता करेंगे मतदान

बोकारो कोर्ट में करीब 1200 अधिवक्ता पंजीकृत हैं, जो इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. संभावित प्रत्याशी अपने-अपने एजेंडे और योजनाओं के साथ अधिवक्ताओं से संपर्क साध रहे हैं. जैसे-जैसे नामांकन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, चुनावी सरगर्मी और तेज होने की संभावना है.वकीलों की यह चुनावी जंग बार एसोसिएशन के भविष्य की दिशा करेगी.

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–70 वर्ष, गर्दन के नीचे हल्का दाग,

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव मैक्लुस्कीगंज थाना अन्तर्गत भैसादोईन छोटा कोचा से बरामद किया गया है। जिसके संबंध मैक्लुस्कीगंज थाना यु0डी0 काण्ड सं0–03/2025, दिनांक–27.06.2025 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूश के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी, रॉंची। –9431742777
थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज, रॉंची। –9431706568

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक,रॉंची

PR 357611 Police(25-26)#D

## संक्षिप्त खबरें...

### इंस्टाग्राम पर फर्जी पहचान से युवती को फंसाया:नौकरी का झांसा देकर किशनगंज बुलाया, होटल में किया दुष्कर्म

किशनगंज (बिहार). किशनगंज में उन्नाव की एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर फर्जी पहचान से दोस्ती कर एक युवती को नौकरी का झांसा देकर बुलाया गया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने युवती को होटल में बंधक बनाकर परिजनों से फिरौती भी मांगी। मूल रूप से किशनगंज जिले के तैयबपुर की रहने वाली पीड़िता वर्तमान में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में रह रही है। युवती की पहचान इंस्टाग्राम पर एक युवक से हुई, जिसने खुद को लखनऊ निवासी अमित यादव बताया। बातचीत धीरे-धीरे नजदीकियों में बदल गई। आरोपी ने किशनगंज में नौकरी दिलाने का बहाना बनाकर युवती को बुला लिया। चार दिन पहले आरोपी युवती को किशनगंज लाया और रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल में ठहरा। जब होटल के पहचान पत्र में आरोपी का नाम "साहिल" दर्ज देखा, तो युवती ने सवाल उठाया। इस पर आरोपी भड़क गया और उसकी पिटाई की। इसके बाद होटल के कमरे में ही उसका दुष्कर्म किया। आरोपी ने युवती से रुपए और मोबाइल छीन लिए और उसे होटल के कमरे में बंधक बना लिया। मंगलवार को आरोपी ने युवती के परिजनों को फोन कर उसे छोड़ने के एवज में पैसे की मांग की। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। युवती किसी तरह आरोपी के चंगुल से भाग निकली और सीधे किशनगंज टाउन थाना पहुंची। वहां उसने पूरी आपबीती पुलिस को सुनाई। किशनगंज पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर लिया।

### किताब देने से मना करने पर छात्र पर हमला:दरभंगा में दोस्त ने मारा चाकू, हुई थी कहासुनी; भर्ती

दरभंगा. दरभंगा के हायाघाट प्रखंड के बांसडीह गांव में युवक पर अटैक हुआ है। एक महीने पहले किताब को लेकर झगड़ा हुआ था। इस मामले में युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घायल 12 वीं का छात्र मोहम्मद फैसल को गंभीर हालत में डीएमसीएच रेफर किया गया है। घायल फैसल ने बताया कि आरोपी आदिल के बीच एक महीने पहले स्कूल में किताब को लेकर कहासुनी हुई थी। फैसल ने किताब देने से इनकार कर दिया था। दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी। बीते दिन एक अन्य साथी के बुलावे पर फैसल बांसडीह पहुंचा। वहां पुरानी बातों को लेकर फिर से बहस शुरू हो गई। इसी दौरान आदिल ने डायगर से फैसल पर हमला कर दिया। हमले में फैसल को तीन जगह पर गंभीर चोटें आई। वह कुर्सी पर बैठा था, तभी पीछे से हमला किया गया। रीढ़ की हड्डी के पास, बाजू और बगल में चाकू के घाव हैं। गांव के एक शिक्षक ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो उनके हाथ में भी डायगर लग गया।

### राहुल गांधी का अगस्त में फिर बिहार दौरा, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रात बिताएंगे

कैमूर. विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। दक्षिण बिहार में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में उनकी सभा कराए जाने की तैयारी में कांग्रेस जुट गई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी का दौरा अगस्त माह में हो सकता है, तारीख अभी तय नहीं हुई है। कैमूर जिले के अधौरा में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में वे रात बिताएंगे। इसके अलावा उनकी जनसभा होगी और वे गांव में जाकर आदिवासियों से बात भी करेंगे।

### सहरसा में रिटायर्ड होमगार्ड के सीने में मारी गोली, गंभीर:खेत में पानी जाने को लेकर हुआ था विवाद

सहरसा. सहरसा के गुरुवार की सुबह पड़ोसियों ने एक रिटायर्ड होमगार्ड जवान को गोली मारकर जख्मी कर दिया। घटना सौर बाजार थाना क्षेत्र का है। वहीं घायल जवान की पहचान सौर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर वार्ड नंबर 9 निवासी सुरेंद्र प्रसाद यादव(61) के रूप में हुई है। जख्मी जवान के परिजन ने कहा खेत में पानी चले जाने के विवाद में गोलीबारी मारी गई है। घटना के बाद जख्मी का सहरसा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल पहुंचकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया कि पिछले साल दिसंबर महीने में वे होमगार्ड विभाग से गृह रक्षक के रूप में सेवानिवृत्त हुआ है। जख्मी के बेटे वसित ने बताया कि घटना सुबह करीब 7:00 बजे की है। जख्मी के भतीजा विकास ने बताया कि उसके पड़ोस के खेत मंजेश और सुजीत ने देखा कि अत्यधिक पानी आ गया। इसको लेकर मंजेश और सुजीत को यह लगा कि हमलोगों ने खेत में पानी बहाया है। जबकि अत्यधिक बारिश का पानी खेत के ओड़ से होकर उसके खेत में प्रवेश किया था। इस विवाद को लेकर पहले गाली गलौज की गई और फिर मारपीट करना शुरू कर दिया गया। जिस दौरान सुजीत ने फ्री नेट निकाल कर सुरेंद्र यादव के सीने के ऊपर चला दिया। एक गोली सीने और कन्धा के बीच में दाहिने साइड में लगी है। इधर जख्मी को परिजन द्वारा सहरसा सदर अस्पताल के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टर के द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

### वियतनाम के 4 यूट्यूबर गया जी में गिरफ्तार, 1 आध्यात्मिक गुरु विवाद की जड़ में

गया. बिहार के बोधगया थाना क्षेत्र के चिल्ड्रेन पार्क के पास मंगलवार की रात वियतनामी पर्यटक के साथ हुई मारपीट में पुलिस ने कार्रवाई की है। बुधवार को चार वियतनामी युवकों (यूट्यूबर्स) बुई वान सांग, वान कान सेनह, तरान हाई और वान तवान को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवकों ने बताया कि वे सभी यूट्यूब पर वीडियो बनाते हैं। वीडियो बनाने के दौरान ही आपस में हिंसक झड़प हो गई थी। इस मामले में सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि बोधगया में वियतनामी युवकों के बीच मारपीट हुई है। मारपीट को लेकर वियतनामी युवक माई ज्ञांग थुई, हाई लैंग, क्वांग चि ने बोधगया थाने में मामला दर्ज कराया है। मारपीट के इसी मामले में चार वियतनामी युवकों को गिरफ्तार किया गया है। वियतनामी युवकों को पहले भी चेतावनी दी थी। लेकिन, बाज नहीं आने और प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि बोधगया थाना क्षेत्र के चिल्ड्रेन पार्क के पास मंगलवार की रात मोबाइल से वीडियो बनाने को लेकर वियतनामी युवकों के बीच विवाद हुआ था।

### केस हटाने के बदले रिश्वत लेने पर रक्सौल एसडीपीओ निलंबित:चंपारण डीआईजी ने की कार्रवाई

मोतिहारी. बिहार सरकार ने रक्सौल के एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, उन पर भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप सिद्ध हुए हैं। चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने जांच में पाया कि धीरेंद्र कुमार ने एक कपड़ा व्यवसायी टुन्ना प्रसाद के मामले में दलाल के जरिए रिश्वत ली। व्यवसायी के खिलाफ दर्ज मामले से नाम हटाने के लिए यह रिश्वत ली गई। जांच में यह भी सामने आया कि एसडीपीओ ने कई मामलों में बिना उचित जांच-पड़ताल के पर्यवेक्षण आदेश जारी किए। यह पुलिस नियमों का उल्लंघन था। इन आरोपों के बाद पहले उन्हें रक्सौल से हटाकर मुख्यालय भेज दिया गया था।

### मोतिहारी में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

मोतिहारी. मोतिहारी में केसरिया थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बुधवार की शाम पानी भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे घर के पास तालाब के किनारे खेल रहे थे। खेलते समय वे फिसलकर गहरे पानी में चले गए। इससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। मृतक बच्चों की पहचान रघुनाथपुर पंचायत के वार्ड नंबर 8 निवासी राकेश राय के बेटे आलोक कुमार(5) और बेटी अन्या कुमारी(4) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, तीन भाई-बहनों में वे दोनों सबसे छोटे थे।घटना की सूचना पर केसरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

### प्रशांत किशोर ने कहा- कटिहार में कहा-9वीं पास बेटे को राजा बनाना चाहते हैं लालू यादव

कटिहार. जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कटिहार के प्राणपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तीन सालों में हजारों गांवों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि आज भी कई बच्चों के पास पहनने के लिए कपड़े और चप्पल नहीं हैं। लालू यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे अपने 9वीं पास बेटे को राजा बनाना चाहते हैं। जबकि आम लोगों के डिग्रीधारी बच्चे बेरोजगार हैं। सीमांचल के विकास पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि लोग मुफ्त अनाज और बिजली की बात कर रहे हैं। लेकिन युवाओं के पास रोजगार नहीं है।

## सीएम का ऐलान; 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी, 1.67 करोड़ परिवारों को लाभ होगा

पटना. बिहार के लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी। साथ ही अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर इसका ऐलान किया। सीएम ने एक्स पर बताया- 'हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से,यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।' 'इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों




में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।' 'कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए पूरा खर्च राज्य



सरकार करेगी, बाकी के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी।' 'इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।'

### संजय सरावगी बोले- मुख्यमंत्री नीतीश जो बोलते हैं, करते हैं

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार चुनाव से पहले बड़ी घोषणा की है। उन्होंने राज्य के एक करोड़ 67 लाख उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने का ऐलान किया। यह उपभोक्ता कुल एक करोड़ 96 लाख में से हैं। यानी लगभग 85 प्रतिशत लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 125 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों को 100 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री की घोषणा पर बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि यह फैसला किसानों, महिलाओं और आम जनता के लिए राहत लेकर आया है। मंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार जो कहती है, वह करती है। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद सिर्फ घोषणाएं करता है, काम नहीं करता। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान जब पूछा गया कि विपक्ष इसे चुनावी लॉलीपॉप बता रहा है, तो मंत्री ने कहा कि ये लागू हो चुका है, हम लोग उनकी तरह सिर्फ घोषणाएं नहीं करते। उन्होंने इसके बाद राजद और लालू परिवार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजद ने बिहार को लूटा, जमीन के बदले नौकरी घोटाला किया और राज्य का नाम बदनाम किया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो कहा, वह कर दिखाया।

## एडीजी बोले- अप्रैल-जून में होती रहती हैं हत्याएं: किसानों के पास काम नहीं होता, इसलिए युवा बन रहे शूटर

पटना. बिहार पुलिस के एडीजी हेडक्वार्टर कुंदन कृष्णन ने बुधवार को बिहार में क्राइम को लेकर कहा कि अप्रैल, मई और जून में राज्य में अधिक हत्याएं होती रही हैं। पिछले कई सालों से यह ट्रेंड रहा है। जब तक बरसात नहीं होती है, तब तक ये सिलसिला जारी रहता है। एडीजी हेडक्वार्टर कुंदन कृष्णन की मानें तो इस टाइम खेती नहीं होती है। किसान के पास काम नहीं होता है। ऐसे में वारदात हो जाती है। जब बरसात शुरू होती है तो किसान अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में घटनाएं कम हो जाती हैं। एडीजी हेडक्वार्टर कुंदन कृष्णन ने कहा कि, बिहार STF ने इसी महीने एक नए सेल का गठन किया है। इस सेल का काम सिर्फ पूर्व के शूटर्स, जो सुपारी लेकर हत्या करते हैं। उनका डेटाबेस तैयार करना है। इसके लिए नया सेल तमाम सुपारी लेने वालों का पूरा ब्योरा जुटाकर उनका डोजियर बनाएगा। इससे किसी वारदात में शामिल हत्यारों की पहचान करने में आसानी होगी।सुपारी किलर की फोटो, नाम, पता समेत तमाम जानकारी जुटाईजा रही है। कई युवा राह भटक कर पैसे के लालच में सुपारी लेकर हत्या करने का काम करने लगे हैं। इन युवाओं को सही रास्ते पर लाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की जरूरत है। इस साल अब तक में 700 बड़े क्रिमिनल पकड़े गए हैं।



### कोढ़ा गैंग से निपटने के लिए कोढ़ा सेल

कोढ़ा गैंग में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए अलग से एक कोढ़ा सेल बनाया गया है। यह सेल बेगूसराय के तिवारी गैंग में भी शामिल अपराधियों को दबोचने पर खासतौर से फोकस करता है। कुंदन कृष्णन ने कहा कि राज्यस्तरीय अपराधियों की सूची तैयार कर एसटीएफ द्वारा एक्शन शुरू कर दिया गया है। इस स्पेशल सेल के तहत सभी जिलों के कुख्यात और एक्टिव शूटरों का डिटेल डाटा तैयार किया जाएगा। इसके अलावा नए अपराधियों की पहचान कर समय रहते उन पर कार्रवाई भी की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों के SP को निर्देश जारी कर दिया गया है। एडीजी हेडक्वार्टर ने कहा कि हमारा सूचना तंत्र मजबूत है। लेकिन, जनता भी सहयोग करे, तभी क्राइम रूकेगा। व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड के सवाल पर कहा कि मुख्यालय, पटना पुलिस की जांच प्रक्रिया और थ्योरी से पूरी तरह सहमत है। पुलिस के पास पर्याप्त साक्ष्य हैं, जिनके आधार पर कार्रवाई की गई है।

अभी वारदातों को अंजाम देने में अधिकांश अपराधी युवा वर्ग के हैं। इसमें नाबालिग भी होते हैं। जहां तक राजनीतिक दलों की तरफ से अपराधियों का एनकाउंटर किए जाने की बात कही जा रही है तो स्पष्ट कर दें कि यह सॉल्यूशन नहीं है। इसके लिए फिर से फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन होगा। सजा मिलने लगेगी तो अपराधियों पर इसका असर पड़ेगा।

सरकार और पुलिस मुख्यालय इसके लिए काम कर रही है। 2012-13 तक फास्ट ट्रैक कोर्ट की मदद से सालाना 2 से 3 हजार अपराधियों को सजाएं दिलाई जाती थी।

6 जुलाई की रात दानापुर-खगौल रोड पर पिता से मिलने जा रहे स्कूल संचालक अजीत कुमार की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जांच में पता चला कि संपत्ति के लिए हत्या की साजिश अजीत की पत्नी रीता सिन्हा ने रची थी। लाइनर ड्राइवर था। रीता ने पति की हत्या के लिए अपराधियों को 10 लाख रुपए में सुपारी दी थी। एडवांस के तौर पर 3 लाख दिए गए थे।

## तेजस्वी ने किसान वाले बयान पर एडीजी को हड़काया

पटना. बिहार में बढ़ते क्राइम ग्राफ पर अपर पुलिस महानिदेशक(एडीजी) कुन्दन कृष्णन के बयान पर सियासत तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पुलिस के वरीय पदाधिकारी के बयान पर तंज कसा है। कहा है कि ऐसे पदाधिकारियो को छुट्टी लेकर चले जाना चाहिए। या हत्या की वारदातों को लेकर जनता को पहले सचेत कर देना चाहिए ताकि लोग बिहार छोड़कर भाग जाएं। गुरुवार को अपराध के सवाल पर एडीजी कृष्णन ने इसे किसानों से जोड़ दिया था। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सरकार से लिखकर जो मिला उसे बोल रहे हैं। बिहार में पिछले कुछ दिनों से हत्या का बेलगाम दौर जारी है। सरकार और बिहार पुलिस को अपराधी खुली चुनौती दे रहे हैं। खुद नीतीश कुमार भी इन घटनाओं को लेकर चिंतित हैं। लेकिन क्राइम कंट्रोल में विफल पुलिस बयानों के झोल में फंसाकर पल्ला झाड़ रही है। गुरुवार को एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन ने कहा कि अप्रैल, मई और जून में हत्या की घटनाएँ हर साल अधिक होती हैं। उन्होंने वजह भी



बताया। कहा कि इन दिनों किसानों के पास का नहीं होता इसलिए वारदातों में बढ़ोतरी हो जाती है। बारिश होने पर किसान कृषि कार्य में लग जाते हैं तो घटनाएं कम हो जाती हैं। एडीजी के इस अजूबे वक्तव्य को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लपक लिया है। उन्होंने कहा कि क्राइम बढ़ने पर पुलिस मौसम को जिम्मेदार ठहरा रही है। अगर अपराध को लेकर पहले से जानकारी है तो सचेत कर देते ताकि लोग बिहार छोड़कर कहीं और निकल जाते। जान तो बच जाती। यह क्या बयान है कि मॉनसून में हत्या की घटना बढ़ गईं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार उनकी योजनाओं का नकल कर रही है। इसी बहाने लोगों का भला तो हो रहा है।

## 71.38 लाख वोटर्स के नाम कट सकते हैं: 35.69 लाख लोग पते पर नहीं मिले,12.55 लाख की मौत

पटना. बिहार वोटर लिस्ट से 71 लाख 38 हजार 870 वोटरों का नाम कटना लगभग तय हो गया है। निर्वाचन आयोग ने बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर बुधवार को डेटा जारी किया है। आयोग ने कहा कि करीब 35 लाख 69 हजार 435 लोग अपने पते पर नहीं मिले हैं। ऐसे वोटर्स के बारे में संबंधित BLO (बूथ लेवल ऑफिसर) से रिपोर्ट ली जा रही है। आयोग का मानना है कि इनमें से कुछ लोग स्थायी रूप से बाहर चले गए हैं, या उनका पता बदल चुका है। इसके अलावा, सत्यापन के दौरान 12 लाख 55 हजार 620 मतदाताओं की मृत्यु की पुष्टि हुई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मृत मतदाताओं के नाम आधार लिंक के माध्यम से मतदाता सूची से हटाए जाएंगे, ताकि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रॉपर लिस्ट रहे। वहीं, करीब 5 लाख 76 हजार 479 लोग ऐसे पाए गए हैं जिनका नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज था। इनको पहचान कर हटाने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि जिनका अभी तक सत्यापन नहीं हुआ है, वे जल्द से जल्द अपने BLO से संपर्क कर दस्तावेज उपलब्ध कराएं।

### 17 लाख वोटर्स नए पते पर देंगे वोट

आयोग ने बताया कि राज्य में 17 लाख 37 हजार 336 मतदाता ऐसे हैं जिन्होंने अपना स्थान बदल लिया है। ऐसे मतदाताओं को नए पते पर मतदान करने की सुविधा देने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि मतदाता सूची का यह सत्यापन अभियान पूरे राज्य में एक साथ चलाया जा रहा है। चुनाव आयोग का मानना है कि इससे न केवल मृत या माइग्रेट मतदाताओं के नाम हटेंगे, बल्कि पहली बार वोट डालने वालों को भी रजिस्ट्रेशन में सुविधा होगी। आयोग के मुताबिक, राज्य में कुल 7 करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 वोटर्स रजिस्टर्ड हैं। इनमें से अब तक 6 करोड़ 99 लाख 92 हजार 926 मतदाताओं के फॉर्म मिल गए हैं। यानी, लगभग 89 फीसदी मतदाताओं की जानकारी आयोग तक पहुंच चुकी है। आयोग के अनुसार, इन फॉर्मों में से 6 करोड़ 47 लाख 24 हजार 300 मतदाताओं के फॉर्म अपलोड भी कर दिए गए हैं। इसका मतलब यह है कि इतने लोगों का सत्यापन हो चुका है। उनका नाम मतदाता सूची में अपडेट कर दिया गया है। हालांकि, अभी भी क़रीब 54 लाख 7 हजार 483 लोगों का सत्यापन शेष है, जिसके लिए आयोग ने अगले नौ दिनों की समयसीमा निर्धारित की है।

## भागलपुर-मधेपुरा में खेत में गिरी बिजली, एक की मौत,14 झुलसे: जहानाबाद में घरों में घुसा पानी

पटना. बिहार में मानसून एक्टिव हो गया है। गुरुवार की सुबह बांका-बक्सर में बारिश भी हुई। सीवान में भी तेज बारिश हुई है। पटना, नालंदा, शेखपुरा, मधेपुरा और भागलपुर में बारिश हुई। मधेपुरा और भागलपुर में बारिश के दौरान खेत में आकाशीय बिजली गिरी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं, 14 मजदूर झुलस गए हैं। भागलपुर में मृतक की पहचान इंद्रदेव मंडल (42) के रूप में की गई। घायलों का इलाज हॉस्पिटल में चल रहा है। मौसम विभाग ने आज यानी गुरुवार को राज्य के 18 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, गुरुवार को बंगाल की खाड़ी से उठा निम्न दबाव का क्षेत्र बिहार के कई हिस्सों को प्रभावित कर रहा है। अब यह धीरे-धीरे पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर शिफ्ट हो जाएगा। इसके असर से राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा के साथ-साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस सिस्टम के कारण अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पटना सहित 18 जिलों बारिश हो सकती। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चलेगी। मानसून सीजन की अब तक की बारिश के आंकड़े देखें तो स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।



### गयाजी में 73 साल पुरानी पुलिया बही

मुंगेर और गयाजी में पुल बह गए। गयाजी के शेरघाटी अनुमंडल के पलकिया में तेज बारिश हुई। इसने लोगों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। गांव और शहर को जोड़ने वाली 73 साल पुरानी पुलिया पानी की तेज धार में टूट गई। इससे 15 हजार लोग प्रभावित है। 7 गांव का संपर्क टूट चुका है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा देकर लौट रही स्टूडेंट ट्रेन से गिरी:आरा रेलवे स्टेशन पर हादसा, लड़की की कलाई और पैर कटे

आरा,भोजपुर. दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड के आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर हादसा हुआ। यहां बुधवार को चलती ट्रेन से गिरकर एक स्टूडेंट गंभीर रूप से घायल हो गई। जीआरपी पुलिस ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और उसे इलाज के लिए पटना ले गए। घायल स्टूडेंट बक्सर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के मझरिया गांव निवासी भिरगुनाथ चौधरी की 25 साल की बेटी किरण कुमारी है। किरण कुमारी ने बताया कि बुधवार को बिहार पुलिस का एग्जाम देने के लिए अपने मां-भाई व बहन के साथ पैसेंजर ट्रेन पर सवार हुई थी। बक्सर से पटना जा रही थी।



जाने के क्रम में उसे प्यास लगी तो रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर एक पर पानी लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतरी थी।

## नवादा में महादलित युवती से गैंगरेप, 4 आरोपी गिरफ्तार: ई-रिक्शा ड्राइवर ने दोस्तों के साथ मिलकर की दरिंदगी

नवादा. नवादा में मंगलवार को एक महादलित युवती के साथ गैंगरेप किया गया है। जानकारी के अनुसार घटना तब हुई जब वह लखनऊ से इलाज कराकर ई-रिक्शा से घर लौट रही थी। जहां अपराधियों ने उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही, पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 18 घंटे के अंदर सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार,युवती लखनऊ में अपना इलाज करवा रही थी। वहां से लौटने के बाद वह गयाजी में अपने रिश्तेदार के घर रुकी थी। अगले दिन सुबह उसके परिवार वालों ने उसे नवादा जाने वाली बस में बैठा दिया। सुबह करीब 8:30 बजे वह नवादा के सद्भावना चौक पर पहुंची। वहां से उसने घर जाने के लिए एक ई-रिक्शा लिया। ई-रिक्शा चालक ने रास्ते में अपने दो और साथियों को बुला लिया। फिर वे सब मिलकर युवती को रसूलनगर के एक सुनसान घर में ले गए। वहां एक और आदमी पहले से मौजूद था। चारों ने मिलकर युवती के साथ दुष्कर्म किया और उसका मोबाइल छीनकर उसे वहां से भगा दिया। नवादा के सदर एसडीपीए-1 हुलास कुमार ने इस घटना के बारे में कहा कि एक युवती को झांसा देकर चार युवकों ने नवादा में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पकड़े गए लोगों में मुमताज मंसूरी, मोहम्मद समीर, मोहम्मद अरमान और मोहम्मद साबिर शामिल हैं। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपी नवादा के नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बताया कि सभी साक्ष्यों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपियों को स्पीड ट्रायल के तहत सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल युवती पुलिस की सुरक्षा में है और सभी आरोपी जेल भेज दिए गए हैं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में पटना को मिली 3 स्टार रेटिंग:44 शहरों में 21वें स्थान पर

पटना. पटना को स्वच्छता में 3 स्टार रेटिंग मिली है। पटना 10 लाख आबादी वाले 44 शहरों में 21वें स्थान पर है। गंगा टाउन शहरों में पटना को चौथा स्थान मिला है। यह अवॉर्ड पटना की मेयर सीता साहू को सौंपा गया। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि पटना ने स्वच्छता के क्षेत्र में बीते सालों में असाधारण प्रगति की है और यह सम्मान कर्मियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। - बेकार पड़ी गाड़ियों पुनः इस्तेमाल- पटना नगर निगम द्वारा 3R पर कार्य करता है। आमजनों को सुविधा देने वाला पिंक टॉयलेट, लू कैफे एवं निगम नीर एवं मेनहोल एम्बुलेंस की गाड़ियां पटना नगर निगम की वेस्ट गाड़ियों से तैयार कर सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के




अंतर्गत सिटिजन फीडबैक कैटेगरी में पटना चौथा स्थान मिला। यह स्थान केवल सरकारी प्रयासों का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें शहरवासियों की जागरूकता और भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई है। नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए फीडबैक जुटाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। जन जागरूकता से बदली छवि- पटना नगर निगम द्वारा मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया पोस्ट, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैलियां, और स्कूलों-कॉलेजों में प्रतियोगिताएं आयोजित कर आम लोगों को इस मुहिम से जोड़ा गया। नगर निगम की टीम ने घर-घर जाकर लोगों से फीडबैक फॉर्म भरवाए, जिससे न केवल सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ी बल्कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों की सक्रियता और समझ भी गहरी हुई। यह प्रयास पटना के समग्र प्रदर्शन में एक मजबूत आधार साबित हुआ। पटना नगर निगम द्वारा 650 समाप्ति- पटना नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर उन्हें स्वच्छ स्थल के रूप में विकसित किया गया। इन स्थलों पर सफाई कर्मियों के साथ मिलकर पिकनिक आयोजित की गई, ताकि न केवल स्वच्छता का संदेश दिया जा सके, बल्कि कर्मियों का मनोबल भी बढ़ाया जाए। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन- पटना नगर निगम ने बीते कुछ वर्षों में सफाई व्यवस्था को प्रभावी और टिकाऊ बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सूखे और गीले कचरे का पृथक्करण (वेस्ट सेगरेगेशन), कंपोस्टिंग यूनिट्स की स्थापना, और वॉशरूम मैनेजमेंट सिस्टम को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण पहल शामिल है। जन जागरूकता - सड़क पर कचरा फेंकने 'सड़क शत्रु'- इसके साथ ही शहर में 'नो लिटरिंग जोन', 'स्वच्छता एप्लिकेशन', और 'स्वच्छ गार्डन' जैसी योजनाएं लागू की गई, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। सड़क पर कचरा फेंकने वालों को 'सड़क शत्रु' के रूप में चिह्नित किया गया और उन्हें न केवल जागरूक किया गया बल्कि सार्वजनिक रूप से शहर को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई। इन सख्त लेकिन संवेदनशील प्रयासों ने स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित किया। आधुनिक तकनीक की प्रयोग कर स्मार्ट निगरानी प्रणाली- पटना नगर निगम ने सफाई व्यवस्था और जल निकासी जैसे कार्यों की निगरानी को अधिक प्रभावी और त्वरित बनाने के लिए सभी 75 वार्डों में हाईटेक वॉकी-टॉकी उपकरणों का उपयोग शुरू किया है. ऐसा करने वाला पटना नगर निगम देश के गिने-चुने नगर निकायों में शामिल हो गया है, जिसने संचार और निगरानी को स्मार्ट तरीके से संगठित किया है। स्मार्ट इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर- बरसात के मौसम में जल निकासी व्यवस्था की निगरानी के लिए सभी संप हाउस को स्मार्ट इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर से जोड़ा गया है, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सकी है। नगर आयुक्त ने आगे कहा कि कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट लगता तो 5 स्टार रेटिंग मिल जाती। रामचक बैरिया में कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट बेहतर ढंग से काम करता तो पटना को 5 स्टार रेटिंग भी मिल सकती थी। हालांकि, केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद अब नगर विकास आवास विभाग ने प्लांट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही टेंडर जारी होगा।

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद**

रांची, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025

6

www.ksnewsupdates.com


## वैध सूदखोरी बना फांसी का फंदा, अवैध से ज्यादा खतरनाक वैध

कर्ज से कई गुना ब्याज एवं सूदखोरी के कारण भारत में हर साल हजारों की संख्या में आत्महत्या की घटनाएं सामने आ रहे हैं। सरकार ने सूदखोरी से लोगों को बचाने के लिए बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। बैंकों से गरीबों एवं मध्यम वर्ग को ऋण दिलवाने का काम किया। साहूकारों के चंगुल से आम आदमियों को छुड़ाकर कानूनी बैंकिंग सिस्टम को विकसित किया, ताकि सूदखोरी के असीमित ब्याज और सूदखोरों की दादागिरी से आम लोगों को बचाया जा सके। अब देखने में आ रहा है राष्ट्रीयकृत बैंकों, निजी बैंकों एवं एनएफसी कंपनियों द्वारा आम लोगों को जो ऋण मुहैया कराया जा रहा है। जिस तरह के नियम और कानून बनाए गए हैं, समय-समय पर जो बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने पुराने सूदखोरों को भी मात कर दिया है। सरकारी बैंकों और निजी बैंकों के अलावा एनएफसी कंपनियों से जो ऋण आम जनता ले रही है। उनसे जिस तरह का ब्याज को मूलधन में जोड़कर चक्रवृद्धि ब्याज वसूला जा रहा है। मूलधन और ब्याज नहीं दिए जाने पर जिस तरह से किसानो और गरीब आदमियों की कुर्की के जरिए ऋण की वसूली की जाती है। 2004 के बाद से बैंकों, सहकारी समितियों, तथा नॉन बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर ऋण दिया जा रहा है। ऋण की समय पर अदाएगी नहीं होने के कारण बैंकों, सहकारी समितियों और एनएफसी कंपनियों द्वारा जिस तरह से मूलधन पर ब्याज, दंड ब्याज, जुर्माना तथा तरह-तरह की शुल्क जोड़कर चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर वसूल कर रहे हैं। सरकारी बैंकों का ऋण 4 साल के अंदर 2 गुना से ज्यादा हो जाता है। एनएफसी कंपनी जो ऋण देती हैं उसमें 36 फीसदी तक ब्याज वसूल किया जा रहा है। ऋण की वसूली के लिए बाउंसर लगाए जाते हैं। लोगों के सिर पर कर्ज का बोझ लाद दिया गया है। उनका आय से कई गुना ज्यादा कर्ज आम आदमी ने ले लिया है। जब वह किस्तें नहीं चुका पाते हैं, उनका ऋण कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में अब जो दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उसमें लोग आत्महत्या करने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से परिवार सहित आत्महत्या करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। हजारों किसानों द्वारा हर साल कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। सरकार जीरो फ़ीसदी ब्याज पर 6 माह के लिए ऋण देती है। एक दिन भी लेट हो जाने पर शुरू दिन से 14 फ़ीसदी ब्याज, दंड ब्याज, जुर्माना और तरह-तरह के शुल्क लगाकर किसानों के ऊपर कर्ज का बोझ इतना लाद दिया जाता है। जिसे वह नहीं चुका पाता है। उनकी जमीनों को बैंकों द्वारा नीलाम कर दिया जाता है। भोले भाले किसानो की जमीने षडयंत्र पूर्वक बहुत कम कीमत पर नीलाम हो जाती हैं। उसके बाद भी उनका कर्ज नहीं उतरता है। कर्ज में फंसे हुए लोग जब बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं का पैसा नहीं चुका पाते हैं। वह सूदखोरों से कर्ज लेकर बैंकों और वित्तीय संस्थाओं का कर्ज चुकाने का प्रयास करते हैं। जिसके कारण दोहरे कर्ज में फंसकर छोटे-छोटे से बच्चों के बेचने और बंधक रखने के समाचार रोजाना पढ़ने में मिल रहे हैं। कर्ज चुकाने के लिए पत्नियों को गिरवी रखने के समाचार तथा हत्या जैसे समाचार आए दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे हैं। लोग जरुरत के लिए कम, दिखावे के लिए ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। बाजारवाद और भौतिक आवश्यकताएं गरीब से गरीब परिवार के घरों तक तक पहुंच गई हैं। पढ़ाई के लिए शादी के लिए इलाज के लिए खाने पीने के समान के साथ-साथ अब मोबाइल इंटरनेट टीवी फ्रिज मोटरसाइकिल इत्यादि के लिए देखा देखी में कर्ज ज्यादा ले रहे हैं। जिसके कारण और कर्ज नहीं चुका पाते हैं। दबाव के कारण आत्म हत्या कर जीवन समाप्त कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कर्ज के संबंध में कई फैसले पहले भी दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला यह भी है कि मूल से ज्यादा ब्याज वसूल नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस पुराने फैसले का पालन बैंकों और सहकारी समितियों द्वारा नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विपरीत हैं मूलधन से कई गुना ज्यादा ब्याज गरीबों एवं मध्यम वर्ग से वसूल किया जा रहा है। सूदखोरी और साहूकारी से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था। गरीबों के लिए सरकार योजनाएं बनाकर संचालित करती है। सभी योजनाओं में ब्याज एवं वसूली के लिए जो नियम बनाए गए हैं। वह पुराने सूदखोरों को भी मात करने वाले हैं। जीरो फ़ीसदी पर किसानों को ऋण देने तथा कम ब्याज दर पर ऋण देने के नाम पर गरीबों का शोषण किया जा रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने कर्ज वसूली के लिए वित्तीय संस्थानों को विशेष अधिकार दे दिए हैं। कानून के जरिए जिस तरह से ऋण की वसूली की जा रही है। उसने एक बार फिर से सैकड़ो वर्ष पुराने शोषण की याद दिला दी है। रिजर्व बैंक द्वारा संचालित वित्तीय संस्थानों और गुंडागर्दी के बल पर अवैध रूप से सूदखोरी करने वाले में कोई अंतर नहीं रह गया है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा बड़े आदमियों के लिए अलग कानून बनाए जा रहे हैं। गरीब और बेसहारा लोगों के लिए अलग कानून बने हैं। गरीवों का ऋण बेशरम की तरह बढ़ता है। भारत में आत्महत्या और हत्याएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ गई हैं। मूलधन से ज्यादा ब्याज की बसूली पर तत्काल रोक लगाने से गरीबों और मध्यम वर्ग को आत्म हत्या से रोका जा सकता है।

## एक-देश: एक-चुनाव... स्तंभों में टकराव संभावित...?

केन्द्र की मोदी सरकार को प्रमुख कार्यसूची में एक प्रमुख कार्य पूरे देश में सभी चुनाव एक साथ कराना भी है और यह अहम् कार्य मोदी सरकार इसी कार्यकाल के दौरान कराना चाहती है जिससे कि अगले लोकसभा चुनाव के समय पूरे देश में पंचायत स्तर से लेकर पॉर्लियामेंट तक के सभी चुनाव एक साथ करा सकें, लेकिन सरकार के इस प्रस्ताव को लेकर राजनीतिक तो बाद में पहले प्रशासनिक रूकावटें सर्वाधिक है और यह प्रस्ताव ठोस रूप से सामने आने के पहले ही अभी से न्याय पालिका व विधायिका के बीच घमासान शुरू हो गया है, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने इस दिशा में चुनाव आयोग को दी जाने वाली शक्तियों के प्रति विरोध व्यक्त किया है, पूर्व मुख्य न्यायाधीश इस मसले पर गठित समिति के सामने पेश होकर अपनी आपत्ती दर्ज करवा दी थी। सरकार के इस फैसले के पीछे प्रधानमंत्री का तर्क यह है कि देश की आजादी के बाद यह पद्धति लागू थी और देश के सभी चुनाव कई वर्षों तक एक साथ हुए, किंतु सत्तर के दशक में यह नियम भंग हो गया क्योंकि विधानसभाओं के असमय कुछ मुद्दों पर भंग करने का सिलसिला शुरू हो गया, इसलिए राज्यों के विधानसभा चुनाव संसद से पिछड़ गए और फिर ये चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगें, जिससे देश को भारी आर्थिक क्षति के साथ राजनीति भी प्रभावित हुई। अब मोदी सरकार पुरानी परम्परा को फिर से लागू करना चाहती है, जिससे देश में पंचायत से पॉर्लियामेंट के चुनाव एकसाथ हो सके और सरकारें निश्चिंत होकर निर्धारित पांच वर्ष की अवधि में अपने-अपने चुनावी घोषणा-पत्र को मूर्तरूप दे सके, मोदी जी ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस मुद्दें पर चर्चा भी की और अनेक प्रतिपक्षी दल इस प्रस्ताव से सहमत भी हो गए, किंतु कांग्रेस जैसे प्रमुख दलों की सहमति प्राप्त नही हो सकी। अब सवाल यह है कि यदि मोदी जी अपने प्रयासों से राजनीतिक दलों की सहमति प्राप्त कर भी लेते है तो फिर प्रजातंत्र के प्रमुख स्तंभों न्याय पालिका और कार्य पालिका की पूर्ण सहमति कैसे प्राप्त होगी? फिर एक अहम् सवाल यह भी है कि क्या मोदी जी इस प्रस्ताव को संसद से पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत से ज्यादा जनसमर्थन प्राप्त कर सकेंगे, जो इसे लागू करने की पहली शर्त है? फिर भी मोदी सरकार को पूरी उम्मीद है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2029 तक यह नही भी हो पाया तो उसके बाद के चुनाव 2034 तक तो यह शत-प्रतिशत संभव है और यह होकर रहेगा। किंतु फिलहाल इस मसले पर मतवैभिन्य जारी है कि इस हेतु क्या चुनाव आयोग को विशेष शक्तियां प्रदान करना जायज होगा, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के साथ प्रतिपक्षी दल भी इस मसले पर गंभीर चिंतन कर रहे है। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय के कुछ न्यायाधीश पहले ही इस मामले में अपनी प्रतिरोधी राय प्रकट कर चुके है तथा चुनाव आयोग को शक्तियां देने वाले संविधान संशोधन विधेयक के कुछ प्रावधानों पर अपनी असहमति के साथ चिंता भी जताई है तथा कहा है कि चुनाव आयोग को बेलगाम ताकत मुहैय्या नही करवा सकते। फिल हाल इस मसले पर कई स्तरों पर गंभीर चिंतन जारी है अब अंतिम फैसला क्या होता है, उसी की प्रतीक्षा है।

## नोबेल शांति पुरस्कार : 2026 के लिए दावेदारी का कार्ड शुरू

> बात अगर हम नोबेल शांति पुरस्कार व ट्रंप की हड़बड़ी को जानने की करें तो, नोबेल पुरस्कार विश्व के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है, इनकी स्थापना स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत हुई थी, नोबेल पुरस्कार की छह श्रेणियां हैं, जिनमें नोबेल शांति पुरस्कार भी शामिल है, अन्य पांच नोबेल पुरस्कार श्रेणियां हैं- भौतिकी, रसायन विज्ञान, शरीर विज्ञान या चिकित्सा, साहित्य और आर्थिक विज्ञान।नॉर्वे की नोबेल समिति इस पुरस्कार की विजेता तय करती है, हालांकि, नामांकन की अंतिम तारीख 31 जनवरी होती है, इसलिए नेतन्याहू का यह नामांकन 2026 के पुरस्कार के लिए माना जा सकता है, 2025 के लिए नहीं।

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तर पर कुछ वर्षों से सारी दुनियाँ देख रही है की विशेष रूप से राजनीतिक वज़न रखने वाले व्यक्ति अपने उस राजनीतिक वजन को बढ़ाने व मज़बूत करने विश्व के सबसे बड़े पुरस्कार पाने की जिज्ञासा रखते हैं, उसके लिए अंदरखाने उठापटक करते हैं, गुणाभाग करते हैं, ताकि वह पुरस्कार उसको मिल जाए। परंतु वे शायद यह भूल जाते हैं कि ऐसे भी कई लोग हैं जिन्होंने उस क्षेत्र में अपना पूरा जीवन, छुपा रुस्तम रहकर नश्वर कर दिया है, परंतु कभी पुरस्कार कि आस नहीं रखी। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि, सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार पाने वाला व्यक्ति वही होना चाहिए,जिसका टारगेट पुरस्कार नहीं वह संबंधित काम हो, वैचारिकता ऐसी होनी चाहिए कि मैं पुरस्कार के पास नहीं जाऊंगा, पुरस्कार मेरे पास चलकर आएगा, यह बात तब होती है,जब उसका काम बोलता है और पुरस्कार भी उसके पास दौड़े चले आता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसीलिए कर रहे हैं क्योंकि, पिछले कुछ दिनों से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से जोड़कर जो शांति नोबेल पुरस्कार की चर्चा चल रही है, व अभी पाक के बाद इजरायल ने भी ट्रंप क़ा नॉमिनेशन कर दिया है। परंतु दुनियाँ देख रही है, पाक- इजराइल का युद्ध में व्यवहार व दूसरी ओर अभी इज़राइल-हमास रूस-यूक्रेन चरम पर है तो इधर भारत-पाक थाईलैंड- कंबोडिया तनातनी भी बनी हुई है, अभी तक इनके बीच शांति का कोई ठोस आधार नहीं है। चूँकि नोबेल शांति पुरस्कार अभी 2025 का घोषित हुआ ही नहीं है, परंतु 2026 के लिए दावेदारी का कार्ड शुरू हो गया है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक पुरस्कार (नोबेल या कोई भी) पानें का हकदार वही है, जो खुद नहीं उसका काम बोले, उसे मांगना नहीं पड़े उसे देने की मांग उठे,पुरस्कार चलकर उसके पास आए।

साथियों बात अगर हम ट्रंप को संभाव्य नोबेल शांति पुरस्कार 2026 की जोरों पर हो रही चर्चा की करें तो,डायनामाइट के आविष्कारक और स्वीडिश उद्योगपति अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत कहती है कि नोबेल का शांति पुरस्कार उस व्यक्ति को दिया जाना चाहिए,जिसने राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ाने, स्थायी सेनाओं को समाप्त करने या कम करने, तथा शांति सम्मेलनों की स्थापना और संवर्धन के लिए सबसे अधिक या सर्वोत्तम कार्य किया हो, इजरायल और पाकिस्तान की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम इस पुरस्कार के लिए भेजे जाने पर सोशल मीडिया में खूब चर्चा हो रही है कि इस पुरस्कार को किसे दिया जाना चाहिए और किसे नहीं।गौरतलब है कि अब तक चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों को यह पुरस्कार मिल चुका है, इनके नाम हैं- थियोडोर रूजवेल्ट, वूड्रो विल्सन, जिमी कार्टर और बराक ओबामा। अगर ट्रंप को नोबेल पुरस्कार मिलेगा तो वे इससम्मान को पाने वाले 5 वें अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे।नोबेल शांति पुरस्कारों को अक्सर राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जाता है, नोबेल पुरस्कार की वेबसाइट का स्वयं मानना है कि कुछशख्सियतें जिन्हें शांति पुरस्कार मिले हैं वे अत्यधिक विवादास्पद राजनीतिक एक्टिविस्ट रहे हैं। इन पुरस्कारों ने अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय संघर्षों की ओर जनता का ध्यान भी बढ़ाया है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा को प्रेसिडेंट बनने के कुछ महीनों बाद ही यह पुरस्कार मिल गया था, इसपर काफी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थी।1994 में एक सदस्य ने तब पद छोड़ दिया जब फिलिस्तीनी नेता यासर अराफात ने इजरायल के शिमोन पेरेज और यित्जाक राबिन के साथ नोबेल का शांति पुरस्कार साझा किया था। अब वर्ष 2026 के लिए इस पुरस्कार के लिए नॉमिनेट होने के बाद ट्रंप उत्साहित हैं, उन्होंने इस नॉमिनेशन के लिए इजरायल के पीएम की तारीफ भी की थी। ट्रंप लंबे समय से इस पुरस्कार के लिए खुद को दावेदार मानते हैं,फरवरी में बेंजामिन से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा था,वे लोग हमें कभी भी नोबेल शांति पुरस्कार नहीं देंगे, ये बहुत गलत है, लेकिन मैं इसके योग्य हूं, पर वो मुझे देंगे नहीं, इसके बाद जून में इजरायल-ईरान के बीच लड़ाई हुई, इस जंग के बाद इजरायल ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया। बता दें कि ट्रंप को 2018, 2020 और 2021 में नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया जा चुका है, इसके बाद ट्रंप ने एक बार फिर से अपनी पैरवी शुरू कर दी है। 8 जुलाई को एक रैली में ट्रंप ने कहा हम एक ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं जिस पर कई दशकों में हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं, यह शांति की कोशिश है और यह इज़रायल के प्रयासों का नतीजा है, ये वो चीजें हैं जिनके बारे में किसी ने नहीं सोचा था कि वे की जा सकती हैं, आप जानते हैं कि यह एक अद्भुत बात है.अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, मैं यह अहंकार से नहीं कह रहा हूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया था, अब मुझे आपको बताना होगा यह एक बड़ी बात है,और दूसरे नेटवर्क और अधिकांश समाचारों ने इसे कवर नहीं किया, क्या आप कल्पना कर सकते हैं? जब ओबामा सत्ता में आए, तो उन्होंने कहा, हम उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार देने जा रहे हैं इसपर ओबामा ने सचमुच कहा, मैंने क्या किया? मैंने कुछ नहीं किया, उन्होंने आठ साल तक कुछ नहीं किया, सचमुच में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कुछ ही हफ्तों में ओबामा को नोबेल पुरस्कार दे दिया। साथियों बात अगर हम नोबेल शांति पुरस्कार व ट्रंप की हड़बड़ी को जानने की करें तो, नोबेल पुरस्कार विश्व के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है, इनकी स्थापना स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत हुई थी, नोबेल पुरस्कार की छह श्रेणियां हैं, जिनमें नोबेल शांति पुरस्कार भी शामिल है, अन्य पांच नोबेल पुरस्कार श्रेणियां हैं- भौतिकी, रसायन विज्ञान, शरीर विज्ञान या चिकित्सा, साहित्य और आर्थिक विज्ञान।नॉर्वे की नोबेल समिति इस पुरस्कार की विजेता तय करती है, हालांकि, नामांकन की अंतिम तारीख 31 जनवरी होती है, इसलिए नेतन्याहू का यह नामांकन 2026 के पुरस्कार के लिए माना जा सकता है, 2025 के लिए नहीं।

## "मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश"

> यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है। दिशानिर्देशों में स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित की गई हैं: राज्य की नीति के आधार पर किराए में वृद्धि की सीमा आधार किराए के 1.5 से 2 गुना तक सीमित की गयी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च माँग के समय यात्रियों का शोषण न हो। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म को किराए का विवरण पारदर्शी रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें आधार किराया, गतिशील शुल्क, एग्रीगेटर का हिस्सा और सरकारी कर शामिल हैं।

अजय टम्टा

पिछले कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं। क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालाँकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारत भर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गई इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया।

इसके जवाब में, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत "मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2020" जारी किये थे। इन दिशानिर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढाँचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्योग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 पेश किया है। "यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है"। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नए नियम दिशानिर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।

दिशानिर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराए के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खासकर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रूपये का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाय गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लायेंगे। इसके अलावा, नए दिशानिर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराए के 20% तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है, कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहाँ यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। ड्राइवरों को समय- समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।

यात्रियों के लिए भी ये दिशानिर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और किराए में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नए दिशानिर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी।

एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसके अलावा, प्रत्येक वाहन में इन ऐप आपातकालीन बटन, जीपीएस-आधारित निगरानी और यात्राओं को साझा करने की सुविधाएँ होनी चाहिए, जो सभी यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाती हैं। राज्य की निगरानी में एग्रीगेटर्स द्वारा एक 24X7 नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है। दिशानिर्देशों में स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित की गई हैं: राज्य की नीति के आधार पर किराए में वृद्धि की सीमा आधार किराए के 1.5 से 2 गुना तक सीमित की गयी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च माँग के समय यात्रियों का शोषण न हो। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म को किराए का विवरण पारदर्शी रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें आधार किराया, गतिशील शुल्क, एग्रीगेटर का हिस्सा और सरकारी कर शामिल हैं। महत्वपूर्ण रूप से, दिशानिर्देश उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का भी ध्यान रखते हैं। एग्रीगेटर्स को भारत-स्थित सर्वरों पर उपयोगकर्ता डेटा का संग्रह करने और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम सहित डेटा सुरक्षा रूपरेखा का पालन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि डेटा का दुरुपयोग या लीक न होना सुनिश्चित हो सके और भारत की संप्रभु डेटा नीतियों के अनुसार इसे सुरक्षित रखा जा सके। प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत@2047 के विजन, जो समावेशी और सतत विकास पर जोर देता है तथा दिव्यांगजनों के सम्मान और स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, दिशानिर्देश में इस बात को अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर बेड़े का एक हिस्सा दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाएं और कार्यबल में ड्राइवरों के रूप में दिव्यांगजनों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें।

## इस एक्ट को भी कोई नाम दीजिये जनाब ?

निर्मल रानी

याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ़्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई ज़बरदस्त राजनैतिक बयानबाज़ी को । इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने ज़बरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गये थे। पुल निर्माता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को ज़ोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुये तरह तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि कोलकाता में हुआ फ़्लाई ओवर हादसा दैविक संदेश है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ़ गॉड नहीं एक्ट ऑफ़ फ्रॉड है। प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए। लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी(ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसा पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक़्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी पैसे और मौत की राजनीति का एक हिस्सा है। उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फ़रमाया था कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफ़ा विकास हो रहा है। आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया। भाजपा को एक मौक़ा दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है। परन्तु इत्तेफ़ाक़ से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित विकास मॉडल की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है। ख़ासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था। परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो बात ही छोड़िये केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएँ सामने आई हैं। इनमें अभी ताज़ातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई।

गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गये। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की ख़बर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा। इसी मॉडल राज्य में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज़्यादा थे । इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिये 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गये थे। यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया।




# लोगों की आस्था का केंद्र हैं पीपल पेड़ पर विराजमान शिवलिंग

**अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात खूंटी जिला प्राचीन धार्मिक धरोहरों के कारण अपनी एक अलग पहचान रखता है। यहां आम्रेश्वर धाम, माता नकटी देवी, माता सोनमेर मंदिर, पाट पहाड़ वाले महादेव, बुढ़वा महादेव, बुचा महादेव, बाबा नागेश्वर धाम, सिड़िंग महोदव, जैसे कई पुरातन प्राकृतिक धार्मिक स्थल हैं।**



झारखंड राज्य के खूंटी जिले में बाबा भोलेनाथ हिंदू और सरना दोनों धर्मावलंबियों में समान रूप से पूजे जाते हैं। यही कारण है कि यहां पर पहाड़-पर्वत, नदी और पेड़ो के ऊपर भी शिवलिंग के दर्शन हो जाते है। इन्हीं शिव स्थलों में तोरपा प्रखंड के जरिया महादेव टोली गांव स्थित पीपल के एक पेड़ पर विराजमान शिवलिंग श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आश्चर्य का केंद्र बना हुआ है। इस गांव में इतने अधिक शिावलिंग हैं कि इस गांव का नामकरण ही महादेव टोली हो गया। आज भी पुरातात्विक महत्व के कई शिवलिंग, विभिन्न देवी-देवताओं की प्रस्तर की मूर्तियां और सुदर्शन चक्र, रथ के पहिये उपेक्षित पड़े हैं।

## होती है शिवरात्रि और मंडा पूजा

सावन के महीने के अलावा यहां शिवरात्रि और मंडा पूजा का भी आयोजन होता है। पीपल पेड़ पर विराजमान शिवलिंग की पूजा करने कें लिए लोगों को पेड़ पर लगभग 25-30 मीटर ऊपर चढ़ना पड़ता है। इसलिए सक्षम लोग ही वहां पहुंच पाते हैं, अन्यथा लोग नीचे ही उनका ध्यान करते हैं। महादेव टोली मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण चौबे और मंदिर प्रबंध समिति के सचिव बाल गोविंद महतो बताते हैं कि पहले जब पीपल का पेड़ छोटा था, उसी समय से वहां शिवलिंग विराजमान हैं। जैसे-जैस पेड़ बड़ा होता गया, बाबा भोनाथ भी ऊंचाई पर चढ़ते गये। काफीं ऊंचाई में होने के कारण नवयुवक-युवती ही पेड़ पर चढ़कर पूजा-अर्चना कर पाते हैं।

## खुदाई में मिले थे दर्जनों शिवलिंग

मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण चौबे वहां के पुजारी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सैकड़ों वर्षों से उनका परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी यहां भोलेनाथ की पूजा-करते आ रहे हैं। यहां के शिवलिंग कितने प्राचीन हैं, इसकी जानकारी उन्हें तो नहीं, है, लेकिन वे कहते हैं कि खुदाई कें दौरान ही वहां दर्जनों शिवलिंग मिले थे। इनमें कुछ शिवलिंग को अन्य गांवों के लोग ले गये, लेकिन अब भी वहां आठ-दस शिवलिंग हैं। हाल ही में वहां एक मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले गांव के लोगों ने एक शिवलिंग देखा। इसे देखकर ग्रामीणों ने वहां खुदाई की, तो दर्जनो, शिवलिंग, विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां और अन्य अवशेष मिले। कितने वर्ष पहले खुदाई हुई, इसकी जानकारी तो नहीं है, पर गांव वाले बताते हैं कि खुदाई कम से कम 100 साल पहले हुई होगी। पुजारी बताते हैं कि पहले महादेव टोली में काफी भीड़ रहती थी। शिवरात्रि कें दिन बहुत बड़ा मेला लगता था। पहले जनजाति समुदाय के काफी लोग पूजा-अर्चना करने आते थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटती जा रही है। पुजारी बताते हैं कि जरिया के जमींदार दुबराज सिंह का पूर्वज सन् 1446 से वहां पूजा का आयोजन कराते आ रहे हैं।

## ग्रामीणों की संरक्षण और विकास की मांग

जरिया महादेवटोली के लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है। लोगों का कहना है कि महादेव टोली का यह स्थान पुरातात्विक महत्व का है। सरकार इसे संरक्षित करे और सड़क निर्माण सहित अन्य विकास योजनाओं का लागू करे।



# पूजा में कपूर होता है अहम



*सनातन धर्म में पूजा में कपूर बहुत जरुरी होता है। पूजा के बाद आरती में कपूर का उपयोग किया जाता है। कपूर के बिना आरती अधूरी मानी जाती है। कपूर जलाने से नकारात्मकता सकारात्मक ऊर्जा में बदल जाती है। कपूर का उपयोग बीमारियों के इलाज में भी किया जाता है। इसलिए धर्मग्रंथों के साथ आयुर्वेद में भी कपूर के बारे में खासतौर से बताया गया है। ज्योतिषीय और वास्तु उपायों में भी कपूर का उपयोग महत्वपूर्ण रूप से किया जाता है। भारतीय पूजा पद्धति वैज्ञानिक नजरिये से भी महत्वपूर्ण है। कपूर के बारे में वैज्ञानिक शोधों के आधार पर भी कहा जाता है कि इसकी सुगंध से जीवाणु, विषाणु आदि बीमारी फैलाने वाले जीव खत्म हो जाते हैं। यह वातावरण को शुद्ध करता है जिससे बीमारी होने खतरा कम हो जाता है। घर में कपूर जलाने से हानिकारक बैक्टीरिया खत्म होते हैं।*

## बाहर हो जाती है दूषित वायु

पूजा या हवन करते समय जब हम कपूर जलाते हैं, तो उससे निकलने वाला धुआं आसपास की नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करता है। कपूर जलाने से आसपास की हवा साफ होने लगती है। खराब हवा घर से बाहर हो जाती है और वातावरण शुद्ध हो जाता है। सुबह-शाम कपूर जलाने से बाहरी नकारात्मक ऊर्जा घर में नहीं आ पाती है। कपूर जलाने से हवा में ऑक्सीजन की मात्रा भी बढ़ सकती है। प्रदूषित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बीमारियों से बचने के लिए कपूर जलाना चाहिए। वास्तु दोष दूर करने में भी कपूर का अच्छा असर होता है। घर के जिस कमरे में शुद्ध वायु आने-जाने के लिए खिड़की, रोशनदान आदि न हों वहां कांच के बर्तन में कपूर रखने से शुद्ध वायु का संचार होता है।

# विजेता बनना है तो धारण करें वैजयंती माला

*धर्म में सफल होने के लिए पूजा पाठ और हवन के साथ ही कई अन्य उपाय भी है। धर्म शास्त्रों के अनुसार वैजयंती माला- एक ऐसी माला जो सभी कार्यों में विजय दिला सकती है। इसका प्रयोग भगवान श्री कृष्ण माता दुर्गा, काली और दूसरे कई देवता करते थे। रत्न के जानकार मानते हैं कि अगर इस माला को सही विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठित करके धारण किया जाए तो इसके परिणाम आपको तत्काल मिल सकते हैं। कोई भी ऐसा कार्य नहीं है जो जिसमें रुकावट आएगी।*

वैजयंती माला को धारण करने वाला इंद्र के समान सारे वस्त्रों को जीतने वाला बन जाता है और श्री कृष्ण के समान सभी को मोहित करने वाला बन जाता है और महर्षि नारद के समान विद्वान बन जाता है। इस सिद्ध माला को धारण करने वाला हर जगह विजय प्राप्त करता है। उसके सर्व कार्य अपने आप बनते चले जाते हैं । यदि किसी काम में लंबे समय से बाधा आ रही है तो वह काम आसानी से बन जाता है। यह माला शत्रुओं का नाश भी करती है। वैजयंती माला को सिद्ध करने के लिए इसी विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। पूरा फल पाने के लिए जरूरी है कि माला सही विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही पहनी चाहिए।




# करियर

# अग्निवीर वायु भर्ती के लिए करें आवेदन

*भारतीय वायुसेना में भर्ती होने का सपना देखने वाले साहसिक युवाओं के पास अच्छा अवसर है। वायुसेना ने अग्निवीर वायु भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ऐसे में इच्छुक उम्मीदवार एयरफोर्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है।*



## योग्यता

12वीं पास साइंस और आट्र्स दोनों विषय के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर वायु भर्ती का फॉर्म हैं। साइंस से आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स का 12वीं में मैथमेटिक्स/फिजिक्स/और इंग्लिश विषय के साथ न्यूनतम 50 फीसदी अंकों से होना चाहिए। इंग्लिश सब्जेक्ट में भी 50 फीसदी अंक होने चाहिए। मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक इंस्टीट्यूट से इंजीनियरिंग में मैकेनिकल/ऑटोमोबाइल/कंप्यूटर साइंस/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी/इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिप्लोमा कोर्स करने वाले उम्मीवार भी आवेदन कर सकते हैं।
वहीं आट्र्स स्ट्रीम के उम्मीदवारों की भी न्यूनतम 50 फीसदी अंक होना जरूरी है। क्वालिफिकेशन के अलावा आयु और हाइट संबंधित योग्यता भी मांगी जाती हैं।

## उम्र

एयरफोर्स में अग्निवीर वायु के रूप में भर्ती के लिए कैंडिडेट्स की आयु 17.5 साल से अधिकतक 21 साल तय की गई है। ऐसे में कैंडिडेट्स की जन्मतिथि 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 तक होनी चाहिए।

## लंबाई

पुरुष और महिला उम्मीदवारों की लंबाई कम से कम 152 सेमी होनी चाहिए। हालांकि कुछ मामलों में राहत भी दी गई है। हाइट के हिसाब से ही शरीर का वजन होना चाहिए।

## चयन प्रक्रिया

लिखित परीक्षा, फिजिकल, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल टेस्ट आदि चरणों के माध्यम से कैंडिडेट्स का चयन किया जाएगा।

## वेतन

अग्निवीर वायु में चयन होने के बाद उम्मीदवार को 30,000 रुपए महीने सैलरी दी जाएगी। साथ ही अन्य भत्ते भी मिलेंगे। साल के हिसाब से इनमें भी बढ़ोत्तरी होगी।
परीक्षा तिथि
अग्निवीर वायु की लिखित परीक्षा 25 सितंबर 2025 से संभावित तौर पर शुरू हो सकती है।

# ऑपरेशंस मैनेजमेंट, फाइनैंस सहित इन नये क्षेत्रों में हैं अच्छे अवसर

*निजी क्षेत्र में आजकल सेल्स, ब्रैंड मैनेजमेंट या मार्केट रिसर्च में काफी संभावनाएं हैं हालांकि इसके लिए आपकी कम्यूनिकेशन स्किल्स (संवाद शैली) काफी बेहतर होनी चाहिए। मैनेजमेंट के क्षेत्र में ये विकल्प मौजूद हैं*



## ऑपरेशंस मैनेजमेंट

अगर आप विपरीत परिस्थितियों को आसानी से हैंडल कर लेते हैं और तकनीक में आपकी रुचि है, तो आप यह स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। यह क्वॉलिटी कंट्रोल और प्रॉडक्टिविटी इंप्रूवमेंट में अहम भूमिका निभाता है।

## फाइनैंस

ये लोग बैक एंड पर काम करते हैं और इंवेस्टमेंट बैंकिंग, मर्चेंट बैंकिंग, कॉरपोरेट फाइनेंस वगैरह की रीढ़ की हड्डी होते हैं।

## सिस्टम मैनेजमेंट

यह स्पेशलाइजेशन आईटी से ताल्लुक रखता है और अच्छी टेक्निकल व बिजनेस समझ रखने वालों के लिए यह बेहतर रहता है। इसके बाद आपको सिस्टम कंसल्टेंसी, अकाउंट या प्रॉजेक्ट मैनेजमेंट वगैरह में प्लेसमेंट मिल सकता है।

## ह्यूमन रिसॉर्स मैनेजमेंट

इसमें काम करने वाले लोगों पर पूरे ऑफिस के लोगों का मैनेजमेंट होता है। इसके लिए आपके पास अच्छा व्यक्तित्व, अच्छी तरह बात करने की क्षमता और रिश्ते बनाने की कला का होना बेहद जरूरी है।

## स्पेशलाइज्ड एमबीए

कुछ इंस्टिट्यूस प्लेसमेंट्स को ध्यान में रखकर कोर्स ऑफर कर रहे हैं, जिनमें रूरल मैनेजमेंट, रिटेल मैनेजमेंट, टेलिकॉम मैनेजमेंट, इंश्योरेंस मैनेजमेंट, फॉरिन ट्रेड हैं।

इस तरह के हैं कोर्स में एमबीए में दो साल की डिग्री के अलावा, एक साल का फुल टाइम प्रोग्राम, पार्ट टाइम एमबीए, डिस्टेंस लर्निंग एमबीए जैसे विकल्प हैं हालांकि हर विषय की अपनी-अपनी खूबी और खामियां हैं।

## सपा सांसद इकरा हसन ने अपर जिलाधिकारी पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप, जांच के आदेश

लखनऊ,(ईएमएस)। समाजवादी पार्टी की कैराना से सांसद इकरा हसन ने सहारनपुर के अपर जिलाधिकारी (एडीएम) संतोष बहादुर सिंह पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। यह घटना तब हुई जब इकरा अपनी नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन के साथ लोकल मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एडीएम सिंह से मिलने गई थीं। सपा सांसद इकरा का आरोप है कि एडीएम ने परवीन को फटकार लगा दी और जब उन्होंने हस्तक्षेप किया, तब उनके साथ भी उन्होंने अभद्र व्यवहार किया और दोनों महिलाओं को कार्यालय से बाहर जाने का निर्देश दिया। घटना के बाद सांसद इकरा ने प्रमुख सचिव (नियुक्ति) और सहारनपुर के मंडलायुक्त अटल कुमार राय के पास औपचारिक शिकायत दर्ज करा दी है। मंडलायुक्त ने सहारनपुर के जिलाधिकारी मनीष बंसल को मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं, मामले में अपर जिलाधिकारी सिंह ने आरोपों से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि जब सांसद इकरा उनके कार्यालय आई थीं, तब वह क्षेत्र में थे और तुरंत कार्यालय पहुंचकर उन्होंने सांसद से लिखित शिकायत देने को कहा था। उन्होंने दुर्व्यवहार के आरोपों को निराधार बताया। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा कि जो लोग सांसद का सम्मान नहीं करते, वे जनता का क्या सम्मान करने वाले है। इकरा हसन ने भी अपनी निराशा व्यक्त कर कहा कि यूपी सरकार महिलाओं के हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन अधिकारी अपनी महिला विरोधी मानसिकता के साथ लापरवाही बरत रहे हैं और इसतरह के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## गुजरात में शुरु हुआ देश का पहला 'ट्राइबल जीनोम सीक्वेंसिंग प्रोजेक्ट'

अहमदाबाद,(ईएमएस)। गुजरात देश का पहला राज्य बन गया है जिसने 'ट्राइबल जीनोम सीक्वेंसिंग प्रोजेक्ट' शुरु किया है। इस योजना का उद्देश्य आदिवासी समुदायों में पाए जाने वाली बीमारियों को समझना और बेहतर इलाज देना है। यह जानकारी आदिवासी विकास मंत्री डॉ. कुबर डिंडोर ने गांधीनगर में एक बैठक में दी। यह योजना विज्ञान और परंपरा को जोड़ते हुए आदिवासी समुदायों के स्वास्थ्य में सुधार लाने की एक कोशिश है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। इसके तहत गुजरात के 17 जिलों से दो हजार आदिवासियों के जीनोम का सीक्वेंसिंग किया जाएगा, जिससे एक व्यापक जेनेटिक डेटा बेस तैयार किया जाएगा। इस परियोजना के जरिए सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया और कैंसर जैसी वंशानुगत बीमारियों का पता लगाने और बेहतर इलाज में मदद मिलेगी। साथ ही यह प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता के संकेतों की पहचान करने में सहायक होगा जिससे हर व्यक्ति की स्वास्थ्य प्रोफाइल के हिसाब से इलाज संभव होगा। मंत्री डिंडोर ने कहा कि यह परियोजना विज्ञान और परंपरा के बीच की खाई को पाटने का एक प्रयास है, जो हमारे आदिवासी समुदायों के लिए एक स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर कदम है। यह केवल एक वैज्ञानिक योजना नहीं, बल्कि आदिवासी स्वास्थ्य में दीर्घकालिक सुधार लाने का एक अभियान है। इस संवाद में विशेषज्ञों ने भी भाग लिया और बताया कि यह परियोजना केवल वैज्ञानिक खोज नहीं है, बल्कि यह आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण के जरिए समुदायों को सशक्त करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

## अगस्त में पीएम मोदी करेंगे सोवा रिग्पा मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण, तैयारी शुरु

वाराणसी,(ईएमएस)। पीएम नरेन्द्र मोदी सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान परिसर में बने सोवा रिग्पा मेडिकल कालेज और अस्पताल का लोकार्पण अगले महीने अगस्त के पहले हफ्ते में काशी दौरे के दौरान करेंगे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सोवा रिग्पा अस्पताल का निरीक्षण किया। कुलसचिव डा. सुनीता चंद्रा ने बताया कि पीएम मोदी अगस्त के प्रथम सप्ताह में सोवा रिग्पा अस्पताल का लोकार्पण करेंगे। निरीक्षण के दौरान नेशनल काउंसलिंग आफ सांइस संग्रहालय के महानिदेशक अरिजीत दत्ता, उपकुलसचिव डा. हिमांशु पांडेय, सोवा रिग्पा अस्पताल के डीन डा. दमदुल दोरजे शामिल रहे। इससे पूर्व जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सोवा रिग्पा अस्पताल पहुंचे और बिजली विभाग के इंजीनियर को 28 जुलाई तक अधूरा कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने डिजिटल लाइब्रेरी की मशीनों के आपरेट करवा कर जांच की। संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल समेत सात सदस्यीय दल ने सारनाथ संग्रहालय में रखे राष्ट्रीय चिह्न व पुरातात्विक खंडहर परिसर के साथ पर्यटकों के लिए बन रहे वातानुकूलित व्यख्यान कक्ष का निरीक्षण किया। सचिव ने सारनाथ क्षेत्र में पर्यटन विकास पर बल दिया।

## अब नहीं टूटेगा सत्यजीत रे का पुस्तैनी मकान, बांग्लादेश सरकार ने लगाई रोक

नई दिल्ली,(ईएमएस)। फिल्मकार सत्यजीत रे के दादा उपेंद्र किशोर रे चौधरी का पुश्तैनी घर बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में है, जिसे तोड़ने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अब यह नहीं टूटेगा। क्योंकि भारत और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के विरोध के बाद बांग्लादेश सरकार ने इस एतिहासिक इमारत को तोड़ने के फैसले पर रोक लगा दी है। अब एक समिति बनाई गई है, जो यह तय करेगी कि कैसे इस धरोहर को बचाया जाए और इसका निर्माण कराया जाए। भारत के विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सरकार के फैसले पर विरोध जताते हुए कहा था कि हमें बेहद अफसोस है कि महान फिल्मकार और साहित्यकार सत्यजीत रे के पूर्वजों का ऐतिहासिक घर को तोड़ा जा रहा है। भारत सरकार ने कहा था कि यह इमारत बंगाल के सांस्कृतिक पुनर्जागण का प्रतीक है और इसे साहित्यिक संग्रहालय में बदला जा सकता है। इसके साथ ही भारत ने इसके पुनर्निर्माण में मदद की पेशकश भी की है। वहीं, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा था कि यह खबर बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने अपील की कि इस धरोहर को बचाने के लिए सभी जागरूक लोग और बांग्लादेश सरकार साथ आएं। इस मामले पर बांग्लादेश सरकार का कहना है कि यह इमारत बहुत ही जर्जर है और इससे लोगों को खतरा है। इसलिए इसे हटाकर वहां नई कंक्रीट की इमारत बनाकर सांस्कृतिक केंद्र बनाने की योजना थी। यह विवाद ऐसे समय में हुआ जब भारत और बांग्लादेश के रिश्ते तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। पिछले साल बांग्लादेश आवामी लीग की सरकार गिरने के बाद शेख हसीना ने भारत में रह रही हैं। अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस हैं। भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता जताई है। जबकि, बांग्लादेश सरकार ने भारत को अपने आंतरिक मामलों से दूर रहने और शेख हसीना को सौंपने की मांग की है।

# बेंगलुरु भगदड़- कर्नाटक सरकार ने आरसीबी को जिम्मेदार बताया: परेड की इजाजत नहीं ली, कोहली का वीडियो डालकर लोगों को बुलाया

**बेंगलुरुः** बेंगलुरू में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई। रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार आरसीबी को बताया गया है। इसमें कोहली का भी जिक्र है। कर्नाटक सरकार ने कहा है कि आरसीबी ने चिन्नास्वामी में आयोजित विक्ट्री परेड के लिए सरकार से कोई अनुमति नहीं ली थी। भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मची। जिसमें 11 लोगों की जान गई और 50 घायल हुए। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती।

सरकार ने 15 जुलाई को हाईकोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी। सरकार ने कोर्ट में कहा था कि वे रिपोर्ट को गोपनीय रखना चाहते हैं लेकिन कोर्ट ने कहा कि ऐसी गोपनीयता के लिए कोई कानूनी आधार नहीं है। वहीं,





कर्नाटक के मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने कहा, 'जब भी कोई बड़ा आयोजन होता है, तो यह विभाग की जिम्मेदारी होती है और निश्चित रूप से चूक हुई है... युवा जानें गई हैं और हम इसे आसानी से नहीं ले सकते और हम कुछ कार्रवाई करेंगे...'

### रिपोर्ट के 4 मुख्य पॉइंट...

**1. आरसीबी ने पुलिस को परेड की सूचना दी, अनुमति नहीं ली** रिपोर्ट के मुताबिक, आरसीबी ने 3 जून को टीम के 18 साल बाद IPL खिताब जीतने पर पुलिस को विक्ट्री परेड की सूचना दी, लेकिन यह सूचना अनुमति मांगने के बजाय केवल जानकारी थी। जबकि, कानून के तहत ऐसे आयोजनों के लिए कम से कम सात दिन पहले अनुमति लेना जरूरी है। आरसीबी ने ऑफिशियल अनुमति के लिए आवेदन नहीं किया। पुलिस को भीड़ की संख्या, व्यवस्था, या संभावित समस्याओं की जानकारी नहीं दी गई, इसलिए अनुमति नहीं मिली।

**2. बिना पुलिस की सलाह के सार्वजनिक निमंत्रण** रिपोर्ट में कहा गया है कि आरसीबी ने 4 जून को सुबह 7:01 बजे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फ्री एंट्री की घोषणा की और लोगों को विधान सभा से चिन्नास्वामी स्टेडियम तक की विक्ट्री परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। सुबह 8 बजे एक और पोस्ट की गई और 8:55 बजे विराट कोहली का एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें उन्होंने बेंगलुरु के लोगों और आरसीबी प्रशंसकों के साथ उत्सव की बात कही गई। दोपहर 3:14 बजे, आरसीबी ने पहली बार फ्री पास की जानकारी दी, जो पहले स्पष्ट नहीं थी।

**3. तीन लाख से ज्यादा लोग जुटे** जो स्टेडियम की कैपेसिटी से अधिक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आरसीबी की इन पोस्ट्स को 44 लाख से ज्यादा बार देखा गया, जिसके कारण 3 लाख से अधिक लोग जमा हो गए। बेंगलुरु मेट्रो के आंकड़ों के अनुसार, उस दिन 9.66 लाख लोगों ने मेट्रो का उपयोग किया, जो सामान्य दिनों के 6 लाख की तुलना में बहुत ज्यादा था। भीड़ न केवल स्टेडियम के आसपास, बल्कि HAL हवाई अड्डे से ताज वेस्ट एंड तक 14 किमी के रास्ते पर भी थी, जहां टीम उतरी थी। दोपहर 3 बजे के आसपास, चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भीड़ अचानक बढ़ गई। स्टेडियम की क्षमता केवल 35,000 है, लेकिन 3 लाख लोग जमा हो गए। आरसीबी की देर से की गई पास वाली घोषणा ने भ्रम और गुस्सा पैदा किया। आयोजकों की ओर से गेट समय पर और व्यवस्थित तरीके से नहीं खोले गए, जिसके कारण भीड़ ने गेट नंबर 1, 2 और 21 तोड़ दिए। गेट नंबर 2, 2A, 6, 7, 15, 17, 18, 20 और 21 पर भगदड़ की स्थिति बनी। पुलिस ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की।

**4. परेड क्यों नहीं रोकी गई?** रिपोर्ट में कहा गया है कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती थी। इसलिए, आयोजन को पूरी तरह बंद करने के बजाय, इसका समय कम किया गया और निगरानी बढ़ाई गई। यह निर्णय लोगों की ज्यादा संख्या और सूचना के अभाव को ध्यान में रखकर लिया गया, ताकि बड़े पैमाने पर दंगे या हिंसा से बचा जा सके।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैशः वॉल स्ट्रीट जर्नल का दावा- कैप्टन ने बंद की फ्यूल सप्लाई

## भारतीय एक्सपर्ट का सवाल- क्या उनके पास हमसे ज्यादा जानकारी

**अहमदाबादः** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी। डब्ल्यूएसजे ने बताया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकॉर्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा, 'आपने फ्यूल स्विच को 'CUTOFF' पोजिशन में क्यों कर दिया?' सवाल करते समय को-पायलट हैरान थे। उनकी आवाज में घबराहट थी, जबकि कैप्टन सुमीत शांत दिखे।

कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 15,638 घंटे और को-पायलट क्लाइव कुंदर के पास 3,403 घंटे उड़ान अनुभव था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह बात जांच से जुड़े अमेरिकी सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि, इस पर भारतीय एजेंसियों ने कोई जवाब नहीं दिया है।

वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट आने के बाद एविएशन एक्सपर्ट संजय लजार ने जांच रिपोर्ट लीक होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा;- यह हैरान करने वाली बात है कि अमेरिका का मीडिया भारत की संसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से ज्यादा जानकारी रखता है। ये रिपोर्ट भारत में पूरी पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। प्रधानमंत्री को मामले की जांच किसी हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवानी चाहिए।

एअर इंडिया ने बुधवार को अपने बोइंग-787 सीरीज के सभी विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच के लॉकिंग फीचर की जांच पूरी होने की जानकारी दी। एयरलाइन कंपनी ने अपने पायलटों को भेजे एक मैसेज में बताया कि जांच के दौरान फ्यूल स्विच में कोई खराबी नहीं पाई गई। कंपनी ने बताया कि सभी बोइंग-787 विमानों में थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल (टीसीएम) भी बदले गए हैं। फ्यूल कंट्रोल स्विच, टीसीएम का एक अहम हिस्सा है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 14 जुलाई को सभी एयरलाइन कंपनियों को 21 जुलाई तक बोइंग-737 और 787 सीरीज के सभी विमानों में फ्यूल स्विच की जांच करने के निर्देश दिए थे। एअर इंडिया के पास कुल 33 बोइंग-787 ड्रीमलाइनर विमान हैं। इंडिगो के पास सात B-737 मैक्स 8 और एक B-787-9 विमान हैं। ये सभी विमान लीज पर, वेट लीज पर या फिर डैम्प लीज पर हैं। इसलिए भारत में रजिस्टर्ड नहीं हैं।

**पायलट संगठन बोला- पायलटों की छवि खराब करने की कोशिश**

एअर इंडिया के विमान हादसे की शुरुआती जांच रिपोर्ट को लेकर पायलटों के संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने आपत्ति जताई है। संगठन ने कहा कि बिना पूरी और पारदर्शी जांच के पायलटों पर दोष डालना जल्दबाजी और गैर-जिम्मेदाराना है। एफआईपी ने बुधवार को बयान जारी कर मीडिया, अधिकारियों और अन्य लोगों से अपील की कि वह अधूरी जानकारी या गलतफहमियों को फैलाने से बचें। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के 32 सेकेंड देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी।

## केंद्रीय मंत्री शाह जयपुर में सहकारिता सम्मेलन में हुए शामिल, बांटे नियुक्ति पत्र

### कहा- कोऑपरेटिव का उपयोग कर ऊंटों का अस्तित्व बचाने की जा रही कोशिश

जयपुर,(ईएमएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राजस्थान पेपर लीक से त्रस्त था। भजनलाल सरकार ने एसआईटी का गठन कर माफिया को कड़ा संदेश दिया। वहीं कांग्रेस के कार्यकाल में बार-बार आतंकवादी हमले होते थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को सबक सिखा दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर उनके ठिकानों को तबाह किया। इससे पहले उरी, पुलवामा हमले का भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया था।

उन्होंने कहा कि ऊंटों के अस्तित्व को बचाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। कोऑपरेटिव का उपयोग कर ऊंटों का नस्ल संरक्षण और ऊंटनी के दूध के औषधीय गुणों पर रिसर्च शुरू किया गया है। इससे आने वाले दिनों में ऊंटों पर कोई खतरा नहीं रहेगा। अमित शाह गुरुवार को जयपुर से करीब 22 किमी दूर दादिया में सहकारिता सम्मेलन में पुलिस के 100 नए वाहनों को हरी झंडी दिखा रहे थे। उन्होंने सहकार उत्पादों की प्रदर्शनी देखी। सरकारी नौकरी पाने वालों को नियुक्ति पत्र बांटे।

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार दोपहर जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां से दादिया के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना होने वाले थे लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर उड़ नहीं सका। इसके बाद



वह सड़क मार्ग से दादिया पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने सहकारिता सम्मेलन में भाग लिया और कहा कि राजस्थान को पूरा देश ऊंटों की भूमि के रूप में जानता है। कोऑपरेटिव का उपयोग कर ऊंटों का अस्तित्व बचाने का प्रयास किया जा रहा है। दादिया में शाह ने पुलिस के 100 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद सहकार उत्पादों की प्रदर्शनी देखी।

सभा में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पांच हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। 28 हजार पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा रहा है। चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देना सुनिश्चित किया जाएगा।

# नाना पटोले बोले- 72 से ज्यादा ऑफिसर हनीट्रैप में फंसेः पेन ड्राइव में सारे सबूत

**मुंबईः** महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रदेश में सामने आए हनीट्रैप कांड में राज्य के मंत्री, सीनियर आईएएस और आईपीएस ऑफिसर शामिल हैं। सरकार जो आंकड़ा बता रही है, वह 72 पर नहीं रुकता। असल में यह कहीं ज्यादा है। पटोले ने कहा- मेरे पास पेन ड्राइव में सारे सबूत हैं। हम किसी का निजी चरित्र हनन नहीं करना चाहते, इसी वजह से अब तक इसे पब्लिक नहीं किया है। सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो विपक्ष इसे जनता के सामने लाने को मजबूर होगा। इससे पहले इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में बुधवार को दावा किया गया था कि महाराष्ट्र के कई सीनियर अधिकारियों ने एक महिला पर हनीट्रैप में फंसाकर वसूली का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में ठाणे के दो सीनियर पुलिस अफसरों ने शिकायत दर्ज कराई कि एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाने की धमकी देकर उनसे 40-40 लाख रुपए की मांग की थी।




### विपक्ष का विधानसभा से वॉकआउट

मामले में सरकार पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाकर विपक्षी दलों ने विधानसभा से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने बुधवार को मामले की जांच और ठोस कार्रवाई की मांग की थी। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार से मामले में कार्रवाई करके सदन को जवाब देने के लिए कहा था। पटोले ने गुरुवार को दोबारा यह मामला उठाया। इस पर स्पीकर ने शुक्रवार को सत्र खत्म होने से पहले कार्रवाई करके सदन को जानकारी देने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। वहीं, विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार संवेदनशील विषय पर ढीलापन दिखा रही है। इसके चलते विपक्षी विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

- पूरा मामला साल 2016 से शुरू होता है। इस साल ठाणे में एक महिला को क्राइम ब्रांच ऑफिसर जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों से मदद मांगने के लिए वह खुद को एक परेशान पूर्व पुलिसकर्मी या विधवा बताती थी।
- इंडिया टुडे के मुताबिक सेशन कोर्ट और बॉम्बे हाईकोर्ट में जमा किए गए डोजियर से पता चलता है कि महिला कई अधिकारियों पर बलात्कार के आरोप लगा चुकी थी। बाद में मोटी रकम लेकर उसने केस वापस ले लिया या समझौता कर लिया।
- विश्वास जीतने के लिए वॉट्सऐप पर बातें करती, वीडियो कॉल करती और मिलने भी जाती थी। मुलाकातों के दौरान वह चुपचाप आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड कर लेती थी। इन्हीं रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल वह अधिकारियों को धमकाकर पैसे वसूलने के लिए करती थी।

## हरियाणा में 12 घंटे में दो बार आया भूकंप, नुकसान की सूचना नहीं

चंडीगढ़,(ईएमएस)। हरियाणा में गुरुवार दोपहर भूकंप आया। इसका केंद्र झज्जर जिले के गांव दुल्हेड़ा के पास था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई। इससे पहले रोहतक में बुधवार-गुरुवार देर रात 12:46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके लगते ही लोगों की नींद खुल गई और वह घरों से बाहर आ गए। हालांकि किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन रात भर डर का माहौल था। जानकारी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.6 दर्ज की गई। इस भूकंप से जमीन के 10 किलोमीटर नीचे गहराई में हलचल हुई। इसका केंद्र रोहतक का गांव भालौठ के नजदीक का क्षेत्र था। प्रदेश में पिछले 20 दिन में पांच बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के लिहाज से हरियाणा में 12 जिले संवेदनशील हैं। इनमें रोहतक, पानीपत, करनाल, महेंद्रगढ़, पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, गुरुग्राम, झज्जर, नूंह, पलवल और फरीदाबाद शामिल हैं। बत दें महेंद्रगढ़ जिले में 27 जून की शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक उस दिन भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.8 मापी गई। जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। 10 जुलाई को सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर भूकंप आया था। करीब 10 सेकेंड तक झटके लगे थे। इसका केंद्र झज्जर था।

## टेस्ला की भारत में एंट्री, आनंद महिंद्रा ने कहा- वेलकम

नई दिल्लीः इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला का भारत में पहला स्टोर मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित मेकर मैक्सिटी मॉल में खुल गया है। इस पर महिंद्रा एंड महिंद्रा के सीईओ आनंद महिंद्रा ने X पर पोस्ट कर टेस्ला का वेलकम किया। उन्होंने लिखा, 'भारत में स्वागत है, एलन मस्क और टेस्ला। दुनिया के सबसे बड़े ईवी मार्केट्स में से एक अब और भी रोमांचक हो गया है। कॉम्पिटिशन इनोवेशन को बढ़ावा देती है और अभी बहुत कुछ होना बाकी है। चार्जिंग स्टेशन पर मिलते हैं।' आनंद महिंद्रा ने 2017 की एक पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि, 'एलॉन भारत में आ जाओ, पूरा मार्केट महिंद्रा के भरोसे तो नहीं छोड़ना चाहते न? जितने ज्यादा, उतना मजा और हरा-भरा!' उस वक्त मस्क ने जवाब दिया था, गुड पॉइंट।

टेस्ला स्टोर लोगों के लिए एक एक्सपीरियंस सेंटर के तौर पर काम करेगा। यानी यहां न सिर्फ कंपनी की इलेक्ट्रिक गाड़ियां बेची जाएंगी, बल्कि लोग टेस्ला की टेक्नोलॉजी और फीचर्स को भी करीब से देख सकेंगे। 2024 में आई भारत की नई ईवी पॉलिसी के मुताबिक, अगर टेस्ला 4,150 करोड़ रुपए निवेश करता है, तो इम्पोर्ट ड्यूटी 70% से घटकर 15% जाएगी। इससे भविष्य में कंपनी की कारों की कीमतें कम हो सकती हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि टेस्ला गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे राज्यों में फैक्ट्री लगाने पर विचार कर रही है, लेकिन फिलहाल कंपनी भारत में सिर्फ इंपोर्टेड कारें बेचने पर ध्यान दे रही है।

# सूरत-नवी मुंबई ने दी टक्कर, लेकिन इंदौर फिर से छा गया

**इंदौर** ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के नतीजों में इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे साफ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इस बार के सर्वेक्षण में इंदौर के साथ सूरत और नवी मुंबई को भी टॉप थ्री में जगह मिली है। वहीं 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की कैटेगरी में नोएडा पहले नंबर पर रहा, जबकि चंडीगढ़ दूसरे और मैसूर तीसरे स्थान पर रहे।

### राष्ट्रपति ने दिए स्वच्छता पुरस्कार

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में वितरित किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेता शहरों को सम्मानित किया। इस मौके पर केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद थे। यह आयोजन शहरी क्षेत्रों में सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने वाली सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत हुआ।

### अब 'सुपर स्वच्छ लीग' में शामिल हुए 23 शहर

सरकार ने इस बार एक नई लीग – 'सुपर स्वच्छ लीग' – लॉन्च की है, जिसमें टॉप 23 शहरों को शामिल किया गया है। इन शहरों में इंदौर, सूरत, नवी मुंबई के साथ-साथ अहमदाबाद, भोपाल और लखनऊ जैसे शहर शामिल हैं। इन शहरों ने न केवल सफाई के मामले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है बल्कि नागरिक भागीदारी और कचरा प्रबंधन में भी नई मिसाल कायम की है।

### प्रयागराज को मिला बेस्ट गंगा टाउन का खिताब

इस बार प्रयागराज को 'सर्वश्रेष्ठ गंगा टाउन' घोषित किया गया। वहीं सिकंदराबाद छावनी बोर्ड को देश का सबसे स्वच्छ छावनी क्षेत्र चुना गया। इसके अलावा विशाखापत्तनम, जबलपुर और गोरखपुर को सैफाईमित्र सुरक्षित शहर का खिताब दिया गया – यह उन शहरों को मिलता है जो सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा को प्राथमिकता देते हैं। महाकुंभ की तैयारी को मिला स्पेशल अवॉर्ड उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज मेला अधिकारी और नगर निगम को महाकुंभ 2024 के दौरान शानदार कचरा प्रबंधन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। ये आयोजन दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला माना जाता है और इसमें करीब 66 करोड़ लोगों की भीड़ पहुंची थी।



### छोटे शहरों ने भी दिखाया दम

इस साल स्वच्छता सर्वेक्षण में बड़े और छोटे शहरों के बीच बराबरी का मौका देने के लिए विशेष बदलाव किए गए। छोटे शहरों को अब बड़े शहरों के साथ मुकाबले का मौका मिला। सरकार की 'वन सिटी, वन अवॉर्ड' नीति के तहत हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से एक-एक टॉप शहर को 'प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर' का खिताब दिया गया। कुल 34 शहरों को यह सम्मान मिला।

### राष्ट्रपति ने की 'रिड्यूस-रियूज़-रिसायकल' मॉडल की तारीफ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण में 'वेस्ट टू वेल्थ' यानी कचरे से संपत्ति बनाने की सोच की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मॉडल युवाओं को रोजगार और महिला स्व-सहायता समूहों को अवसर देने का माध्यम बन रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छता अब केवल आदत नहीं, बल्कि संस्कार बन चुका है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने 'स्वच्छ सिटी पार्टनरशिप' प्रोग्राम लॉन्च किया, जिसमें टॉप 78 शहर अब एक-एक कमजोर शहर को मेंटर करेंगे और उन्हें सुधार के रास्ते पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा – "हर एक अच्छा शहर, एक कमजोर शहर को अपनाए और उसे ऊपर लाए।" स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 से एक साल का विशेष मिशन "डंपसाइट रेमेडिएशन" भी शुरू किया जाएगा, जिसका मकसद पुराने कचरे की सफाई करना और खाली हुई जमीन का बेहतर इस्तेमाल करना होगा। साथ ही यह कार्यक्रम वैज्ञानिक तरीके से कचरे के निपटान की क्षमता को बढ़ाएगा।

# यमन में भारतीय नर्स को माफी नहीं: मृतक का भाई बोला- मुआवजा नहीं चाहिए

सना. यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इनकार कर दिया है। CNBC की रिपोर्ट के मुताबिक महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि मैं अपने भाई की हत्या के मामले में कोई माफी या समझौता नहीं चाहता। महदी ने कहा, न्याय की जीत होगी ,भले ही सजा में देरी हो, लेकिन बदला लेकर रहेंगे। चाहे कोई भी कितना दबाव डाले या मिन्नतें करे, हम क्षमा नहीं करेंगे और ब्लड मनी (खून के बदले दी जाने वाली रकम) नहीं लेंगे। निमिषा को मौत की सजा 16 जुलाई को होनी थी, लेकिन इसे फिलहाल टाल दिया गया है।



### महदी बोले- निमिषा को मौत की सजा मिलनी चाहिए

अरबी को दिए एक इंटरव्यू में भी महदी ने कहा, हम शरियत कानून के तहत 'किसास' यानी बदले की मांग करते हैं। निमिषा को मौत की सजा मिलनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ हत्या ही नहीं, बल्कि सालों तक चले इस केस की लंबी कानूनी लड़ाई ने भी हमारे परिवार को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसलिए वे मुआवजे की कोई रकम नहीं लेना चाहते।

महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि कुछ भारतीय मीडिया संस्थान जानबूझकर ऐसे झूठे दावे फैला रहे हैं कि तलाल ने निमिषा का पासपोर्ट जब्त कर लिया था या उसका शोषण किया गया था। लेकिन यह पूरी तरह से गलत है। महदी ने दावा किया कि न तो खुद निमिषा प्रिया ने और न ही उसकी कानूनी टीम ने कभी अदालत में ऐसा कोई आरोप लगाया।उन्होंने यह भी कहा कि निमिषा की पूरी कानूनी प्रक्रिया में भारतीय दूतावास की तरफ से नियुक्त वकील मौजूद थे और सभी कार्यवाही पारदर्शी रही। महदी ने भारतीय मीडिया पर यह आरोप लगाया कि वह दोषी को पीड़ित के रूप में प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने लिखा, 'इसका मकसद जनता को गुमराह करना और अपराधी के लिए झूठी सहानुभूति पैदा करना है।'

### भारत और यमन के धर्मगुरुओं ने बातचीत की थी

रिपोर्ट के मुताबिक, 15 जुलाई को भारत में कंथापुरम के ग्रैंड मुफ्ती एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज इस मसले पर बातचीत की थी। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक का भाई भी शामिल था।यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया था। ऐसा भी पहली बार हुआ, जब पीड़ित परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ हो।यह बातचीत शरिया कानून के तहत हुई, जो पीड़ित परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले में माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।

# इराक के मॉल में लगी भीषण आग, 60 लोगों की मौत

बगदाद,(ईएमएस)। इराक के वासित के अल-कुत शहर में एक मॉल में बुधवार देर रात आग लग गई। इस घटना में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मॉल की एक विशाल इमारत का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आ गया है। वहां घना धुआं उठ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में कई घंटे लगे।

रिपोर्ट में बताया कि अब तक 59 शवों की पहचान कर ली है, लेकिन एक शव इतना बुरी तरह जला है कि उसकी पहचान करना मुश्किल हो रही है। अभी और शवों की इमारत में होने की आशंका जताई जा रही है। आग का कारण अज्ञात है। वासित प्रांत के गवर्नर ने बताया कि इमारत और मॉल के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रशासन ने कहा है कि इमारत की सुरक्षा व्यवस्था और अग्नि सुरक्षा



उपकरणों की भी जांच की जा रही है। फिलहाल आग लगने की असली वजह सामने नहीं आई है, लेकिन गवर्नर ने बताया है कि घटना की जांच शुरू हो गई है और अगले 48 घंटों में शुरुआती रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि शहर की एक पांच मंजिला इमारत आग की चपेट में है और दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। आग की शुरुआत पहली मंजिल से हुई और तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, आग की शुरुआत एक एयर कंडीशनर में विस्फोट से हुई थी। हादसे के बाद पूरे प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है।

### 45 लोगों की बचाया गया

वायरल वीडियो में 5 मंजिला इमारत से भयंकर लपटें और धुआं दिखाई दे रहा है, जिसमें फायर फाइटर्स की टीम आग बुझाने और लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। इराक के गृह मंत्रालय के मुताबिक, सिविल डिफेंस टीमों ने 45 से ज्यादा लोगों को बचाया, लेकिन कई लोग अभी भी लापता हैं। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने गृह मंत्री को घटनास्थल पर जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए हैं। इराक लंबे समय से आतंरिक संघर्ष से जूझ रहा है, इस वजह यहां पर सुरक्षा मानकों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। इस वजह से अक्सर इस तरह के हादसे होते रहते हैं।

# ट्रम्प बोले- हमारे सामानों पर भारत टैक्स नहीं लगाएगा: लेटर भेजूंगा और इंडोनेशिया जैसा समझौता हो जाएगा

वॉशिंगटन डीसी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रेड डील को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी उत्पादों को जल्द भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। उन्होंने दावा किया है कि इंडोनेशिया फॉर्मूले वाली डील भारत के साथ भी होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने मंगलवार को इंडोनेशिया पर 19% टैरिफ लगाया था। 1 अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19% टैरिफ चुकाना होगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने कहा- हमने कई बेहतरीन देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के साथ। मुझे नहीं पता, हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा, तो वो समझौता हो जाएगा। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि अमेरिका ने इंडोनेशिया के साथ एक व्यापार समझौता किया है, जिसमें 32 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही समझौता हो सकता है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने तय किया है कि 1 अगस्त से अधिकतर आयातों पर शुल्क बढ़ा दिए जाएंगे। इसका मतलब यह है कि जो देश अमेरिका के साथ जल्दी समझौता नहीं करेंगे, उनके सामानों पर अमेरिका ज्यादा टैक्स लगाएगा। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था। तब उन्होंने भारत पर 26% टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया।

### ट्रंप की हरकत से भड़का यूरोप कहा- न पूछते हैं और न बताते हैं सीधा ऐलान कर देते हैं

वॉशिंगटन(ईएमएस)। हमेशा की तरह इस बार भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और घोषणा जल्दबाजी में कर दी, जिसे लेकर अब यूरोपियन यूनियन के नेता खुश नहीं नजर आ रहे हैं। दो दिन पहले ही ट्रंप ने पत्रकारों के सामने घोषणा की थी कि वे यूक्रेन को पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम दे रहे हैं। नैटो पार्टनर्स के साथ मिलकर यूक्रेन को सहयोग दिया जा रहा है। उनकी इस घोषणा से यूरोप के कई देश नाखुश हैं। उनका कहना है कि इस घोषणा से पहले न तो उन्हें कुछ बताया गया और न ही पूछा गया। इतना ही नहीं ईयू की विदेश नीति की चीफ काजा कलास ने कहा – 'जब आप किसी को हथियार देने का वादा करते हैं, जिसका पैसा कोई और दे रहा है, तो ये आप नहीं दे रहे हैं'। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ट्रंप की घोषणा का हम स्वागत करते हैं और हमें अच्छा लगेगा अगर अमेरिका इसका बोझ शेयर करेंगे। यूरोप की सबसे खतरनाक लड़ाई न तो अंजाम तक पहुंच रही है और न ही थम रही है। पिछले साढ़े तीन साल से रूस और यूक्रेन एक-दूसरे पर बम-गोलों की बारिश कर रहे हैं और अब ऐसा लग रहा है कि ये लड़ाई और लंबी खिंचेगी। इसकी वजह है अमेरिका और यूरोप का सहयोग, जो यूक्रेन को हथियारों के रूप में मिल रहा है। कहां पहले डोनाल्ड ट्रंपसीजफायर की बात कर रहे थे और कहां अब वे जंग को जारी रखने के लिए हथियार सप्लाई कर रहे हैं।

# इजरायली हमलों के बाद भड़का सीरिया, राष्ट्रपति अल शरा बोले- देश तोड़ने की कोशिश

दमिश्क(ईएमएस)। इजरायल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित सीरियाई सेना के मुख्यालय पर हवाई हमला कर दिया। ड्रूज समुदाय और सीरियाई अधिकारियों के बीच नए सिरे से युद्धविराम हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद इजरायल और सीरिया में संघर्ष बढ़ने की आशंका है। इजरायल का दावा है कि यह कार्रवाई सीरिया में रहने वाले अल्पसंख्यक ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए की गई है। ड्रूज समुदाय हाल के दिनों में सरकारी बलों और सुन्नी बेदौइन जनजातियों के बीच हिंसक झड़पों में बुरी तरह फंस गया है।

इजरायल की सीमा से सटे इस इलाके में ड्रूज समुदाय की उपस्थिति पुरानी है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि 'दक्षिणी सीरिया से पूरी तरह सेना हटाई जानी चाहिए और अल-शरा की सेनाएं वहां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। ड्रूज नेता शेख मवाफक तारीफ ने इस संघर्ष को 'ड्रूज समुदाय के अस्तित्व की लड़ाई' बताया है और इजरायल से मदद मांगी थी। इसके बाद इजरायली



सेना ने न सिर्फ दमिश्क में रक्षा मंत्रालय सहित कई सरकारी ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि गोलान हाइट्स की सीमा पर अतिरिक्त सैन्य तैनाती भी शुरू कर दी।

रिपोर्ट के मुताबिक सीरियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजरायली हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए और 34 अन्य घायल हो गए। इस हमले से पहले इजरायली रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा को सख्त चेतावनी देते हुए कहा था, 'ड्रूज को छोड़ दो, वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा।' सीरिया के स्वैदा प्रांत में पिछले कुछ हफ्तों में ड्रूज समुदाय और सुन्नी बेदौइन जनजातियों के बीच झड़पों में अब तक 248 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें से 92 ड्रूज समुदाय से हैं।

# इजराइल ने दमिश्क पर किया हमला, ड्रूज समुदाय की सुरक्षा का दिया हवाला

दमिश्क,(ईएमएस)। ईरान से सीधा टकराव खत्म होते ही इजराइल ने मिडिल ईस्ट में नया युद्ध शुरु कर दिया है। इस बार सीधे सीरिया की राजधानी दमिश्क पर हमला किया है। बीते 24 घंटे में इजराइल ने सीरिया में 250 से ज्यादा एयरस्ट्राइक की। 6 तो सिर्फ सीरियन डिफेंस मिनिस्ट्री और सिक्योरिटी फोर्सेज के मुख्यालय पर की। दमिश्क का जनरल स्टाफ हेडक्वार्टर तबाह हो चुका है और इजराइल ने खुले तौर पर कहा है कि वह सीरिया की सीमाओं पर किसी भी सैन्य जमावड़े को बर्दाश्त नहीं करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि इजराइली पीएम नेतन्याहू, डिफेंस मिनिस्टर और आर्मी चीफ आपात बैठक करने वाले हैं। जहां कई दिनों तक चलने वाले संभावित युद्ध की रणनीति तैयार की जाएगी, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम को और विस्फोटक बना रही है। सीरिया के अंदर दमिश्क के



पास के ड्रूज-बहुल इलाके जरामाना में लोगों ने सीरियाई झंडा उतारकर इजराइली झंडा लहरा दिया। इजराइल का दावा है कि उसके हमले ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए थे और यह समुदाय अब खुलकर इजराइल के समर्थन में सामने आ रहा है। जवाब में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने चेतावनी दी है कि इजराइली हमले वेस्ट एशिया की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाल रहे हैं और लेबनान सीरिया के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। अब सवाल सिर्फ सीरिया-इजराइल का नहीं रहा... अब ये संकट पूरे मिडिल ईस्ट को खतरनाक मोड़ पर ले जा सकता है। बता दें सीरिया में रहने वाला ड्रूज समुदाय जो देश का तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है, अब वह केंद्र में आ गया है। 2010 की जनगणना के मुताबिक ड्रूज आबादी सीरिया की कुल जनसंख्या का करीब 3.2 फीसदी थी। यह समुदाय मुख्य रूप से दमिश्क के पूर्व और दक्षिण के ग्रामीण, पहाड़ी इलाकों माउंट ड्रूज क्षेत्र में केंद्रित है। ड्रूज एक एकेश्वरवादी और अब्राहमिक धर्म है जिसकी धार्मिक परंपराएं अलग और गुप्त हैं। इजराइल ने दावा किया है कि दमिश्क और स्वेइदा में किया गया उसका हालिया हमला ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए है, जो वहां सीरियाई सेना और अन्य सशस्त्र गुटों के बीच जारी टकरावों में फंस गया है। इजराइली डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि हम ड्रूज की हत्या नहीं होने देंगे और अपनी सीमाओं के पास सैन्य जमावड़ा बर्दाश्त नहीं करेंगे, लेकिन क्या सिर्फ यही एक मुद्दा है जिस कारण इजराइल और सीरिया में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। नहीं, यरुशलम की अल-अक्सा मस्जिद भी एक ऐसा मुद्दा है जो दोनों देशों के बीच तनाव का कारण बना हुआ है। इजराइल ने पहले कई बार दावा किया कि ईरान, सीरिया में अपने लड़ाके और हथियार जमा कर रहा है, जिससे इजराइल की सीमा खतरे में है।

# ऑस्ट्रेलिया चोरी छिपे इजराइल को भेज रहा एफ-35 के पार्टस

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान-इजराइल युद्ध में अमेरिका इजराइल की मदद तो कर करता ही है, वहीं आस्ट्रेलिया ने भी चोरी छिपे इजराइल को एफ-35 लड़ाकू विमान के पुर्जे भेजे। अब खबर आ रही कि ऑस्ट्रेलिया इजराइल के एफ-35 लड़ाकू विमानों के लिए स्पेयर पार्ट्स भेज रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया गुपचुप तरीके से इजराइल को एफ35 फाइटर जेट के पार्ट्स मुहैया करा रहा है। जांच में पाया गया कि सिडनी से तेल अवीव जाने वाली उड़ानों में भेजे गए माल के कार्गो रिकॉर्ड में विमान के पुर्जे के रूप में दर्ज थे।

रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि सिर्फ दो अलग-अलग शिपमेंट भेजे गए, या फिर ऑस्ट्रेलिया इजराइल के साथ



एक बड़ा ट्रेड कर चुका है, जिसके तहत एफ-35 के पुर्जे उसे भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पहली बार 4 जुलाई को यह पुर्जे भेजे गए थे। रिकॉर्ड बताते हैं कि विमान के पुर्जे सिडनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर थाई एयरवेज की उड़ान टीजी472 के कार्गो होल्ड में लोड किए गए थे। यह उड़ान दोपहर 2:50 बजे बैंकॉक के लिए रवाना हुई थी और अल अल की उड़ान एलवॉय82 से जुड़कर तेल अवीव पहुंची, जो 6 जुलाई को उतरी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विमान के पुर्जों को पैकिंग बताया गया था और उन पर ईएआर99 लिखा था। यह मैसेज साफ तौर पर दिखाता है कि कोई अमेरिकी सामान भेजा जा रहा है। हालांकि पैकेज का वजन केवल एक किलो बताया गया था। दस्तावेज में कहा गया है कि विमान के पुर्जों का स्रोत एफ-35 लड़ाकू विमान बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन थी। रिपोर्ट में यह कहा गया है, लॉकहीड मार्टिन ही एफ-35 ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर के पुर्जे बनाती है1 इसके अलावा कोई और इसे नहीं बना सकता। शिपिंग रिकॉर्ड में माल के आपूर्तिकर्ता का नाम 'आरएएएफ', यानी रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स बताया गया है। दस्तावेज में माल पाने वाले का पता केवल तेल अवीव-जाफ़ा, इजराइल लिखा है।

# पांच दिन चले संघर्ष के बाद स्वैदा में सीजफायर

दमिश्क,(ईएमएस)। दक्षिणी सीरिया में पांच दिनों तक चले संघर्ष के बाद सीरिया ने सीजफायर पर सहमति जताई है। इसके साथ उसने स्वैदा शहर से अपनी सेना को वापस बुलाने का आदेश दिया है। इस बीच सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने ड्रूज नागरिकों और उनके अधिकारों की रक्षा करने को प्राथमिकता बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसका ऐलान किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पिछले सप्ताह के आखिर से चल रहे सांप्रदायिक संघर्ष में शामिल पक्ष युद्धविराम के लिए विशिष्ट कदमों पर सहमत हो गए हैं। इससे भयावह स्थिति का अंत हो जाएगा। इसके लिए सभी पक्षों को अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करना होगा और हम उनसे यही अपेक्षा करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दमिश्क पर इजराइली एयरस्ट्राइक के बाद अहमद अल-शरा ने ड्रूज नागरिकों से कहा था कि हम आपको किसी बाहरी पक्ष के हाथों में सौंपने के किसी भी प्रयास का विरोध करते हैं। उन्होंने इजराइल पर निशाना साधते हुए कहा कि हम उन लोगों में से नहीं, जो युद्ध से डरते हैं। हमने अपना जीवन चुनौतियों का सामना करने और अपने लोगों की रक्षा करने में बिताया है, लेकिन हमने सीरिया के लोगों के हितों को अराजकता और विनाश से ऊपर रखा है। अल-शरा ने कहा कि इजराइल हमारी जमीन को अराजकता के अखाड़े में बदलना चाहता है। सीरियाई लोग अपनी गरिमा की खातिर लड़ने को तैयार हैं। हम इस धरती के बच्चे हैं और इजराइल की कोशिशों को नाकाम करने में पूरी तरह सक्षम हैं। हम उन लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए उत्सुक हैं, जिन्होंने हमारे ड्रूज लोगों को नुकसान पहुंचाया। उनके अधिकारों की रक्षा हमारी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है।

अहमद अल-शरा ने कहा कि इससे स्थिति काफी जटिल हो गई। मामला बड़े पैमाने पर बिगड़ गया, लेकिन अमेरिकी, अरब और तुर्की मध्यस्थता के प्रभावी हस्तक्षेप ने क्षेत्र को एक अज्ञात और अनिश्चित भविष्य से बचा लिया। मिडिल ईस्ट में बीते कुछ सालों से युद्ध छिड़ा हुआ है। बता दें सोमवार से ही इजराइल, सीरिया की सेना को निशाना बनाना शुरू कर दिया था।

# सड़क पर भिड़ गए अवामी लीग और नेशनल सिटिजन पार्टी के कार्यकर्ता, सेना ने संभाला मोर्चा

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश में जब से शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हुआ है, तब से शायद ही कोई दिन ऐसा दिन गया हो जब बांग्लादेश में विरोध, हिंसा या अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमला ना हुआ हो। एक बार फिर बांग्लादेश के गोपालगंज की सड़कों पर तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। बांग्लादेश की सेना को अपने बख्तरबंद गाड़ियों के साथ सड़कों पर उतरना पड़ा और गोलीबारी की घटना को अंजाम देना पड़ा।

घटना गोपालगंज में नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की रैली पर हमले के बाद हुई। बांग्लादेश मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेशनल सिटिजन पार्टी की रैली में शेख मुजीबुर रहमान



के खिलाफ नारेबाजी के बाद हिंसा भड़की। इस हमले के पीछे यूनुस सरकार ने अवामी लीग की छात्र इकाई — छात्र लीग और अवामी लीग के कार्यकर्ताओं के शामिल होने की आशंका जताई है। सोशल मीडिया पर सेना की कार्रवाई की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि बांग्लादेश की सेना बख्तरबंद गाड़ियों के साथ सड़कों पर मौजूद है। कुछ वीडियो में सेना को सीधे फायर करते हुए भी देखा जा सकता है। इसके अलावा एक प्रदर्शनकारी को चार सैनिक घसीटते हुए ले जाते हुए भी दिख रहे हैं। हिंसा को लेकर मोहम्मद यूनुस की तरफ से एक बयान जारी किया गया है। इस बयान में कहा गया है कि गोपालगंज में हुई हिंसा पूरी तरह से निंदनीय और अस्वीकार्य है। यह बेहद शर्मनाक है कि युवाओं को उनकी शांतिपूर्ण रैली आयोजित करने से रोका गया। यह रैली उनके क्रांतिकारी आंदोलन की पहली वर्षगांठ की याद में आयोजित की जा रही थी। यह घटना न केवल उनके मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी हमला है। बयान में कहा गया कि नेशनल सिटिजन पार्टी के सदस्यों, पुलिसकर्मियों और मीडिया प्रतिनिधियों पर बेरहमी से हमला किया गया। उनकी गाड़ियों को तोड़ा गया और कई लोगों को शारीरिक रूप से निशाना बनाया गया। इस हमले के पीछे प्रतिबंधित अवामी लीग की छात्र इकाई और अवामी लीग के कार्यकर्ताओं के शामिल होने की आशंका है। यूनुस सरकार ने यह भी साफ कर दिया कि अगर यह सच पाया जाता है तो इस अपराध के लिए किसी को माफ़ नहीं किया जाएगा। दोषियों की पहचान कर, उन्हें जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। बांग्लादेश के किसी भी नागरिक के खिलाफ इस तरह की हिंसा का कोई स्थान नहीं है।

### फायरिंग में 4 की मौत कई घायल

हिंसा को रोकने के लिए दो सौ से अधिक अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके बावजूद उपद्रव नहीं रुका और फायरिंग हो गई। सेना को भी अपने बचाव में फायरिंग करना पड़ी। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में करीब 4 लोगों के मारे जाने की खबर है जबकि कई लोग घायल है। मृतकों का आंकड़ बढ़ सकता है। हिंसा में मारे गए लोगों में 25 वर्षीय दीप्तो साहा और 18 वर्षीय रमजान काजी शामिल हैं। दोनों को गोली लगी थी और उन्हें अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नौ अन्य घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

## इजराइल गाजा में बरसा रहा था बम, वहीं कतर-बहरीन के नेता ट्रंप के साथ कर रहे डिनर

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। इजराइल ने गाजा से लेकर सीरिया तक बुधवार को ताबड़तोड़ हमले किए। सीरिया के रक्षा मंत्रालय को ही टारगेट पर ले लिया, जबकि गाजा में भी हमले किए, जिनमें करीब 80 लोग मारे गए हैं। दमिश्क में लगातार निशाने साधने के बाद भी इजराइल का कहना है कि हम पीछे नहीं हटेंगे। आमतौर पर गाजा को लेकर मुस्लिम देशों की एकजुटता नजर आती है, लेकिन जिस दौरान इजराइल सीरिया से लेकर गाजा तक में हमले कर रहा था, उसी वक्त वॉशिंगटन में मुस्लिम देशों के नेता ट्रंप के साथ डिनर कर रहे थे। इस मीटिंग में बहरीन के युवराज ने तो 17 अरब डॉलर का निवेश भी अमेरिका में करने पर सहमति जताई। ट्रंप ने 'वाइट हाउस' में बहरीन के अलावा कतर के नेता से भी मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई, जब इजराइल और सीरिया के बीच हिंसा ने पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के ट्रंप के संकल्प पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रंप ने बुधवार को 'ओवल ऑफिस' में बहरीन के युवराज सलमान बिन हमद अल खलीफा के साथ बैठक की और कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल सानी के साथ भोज किया। गाजा में जारी संघर्ष और क्षेत्र की अन्य ज्वलंत समस्याओं के बीच ट्रंप ने आर्थिक विकास के माध्यम से राजनयिक संबंधों को बढ़ावा देने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया।

बहरीन के युवराज खलीफा से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि उन्हें जो भी चाहिए था हमने उनकी मदद की और हमें जो भी चाहिए था उन्होंने हमारी मदद की। उन्होंने कहा कि बहरीन एक पुराना सहयोगी है, जहां पश्चिम एशिया में अमेरिका का पांचवां सबसे बड़ा नेवी बेस भी है। इस बेड़े का मुख्य मिशन पश्चिम एशिया में समुद्री सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना है। कतर के पीएम सानी ट्रंप के साथ रात्रिभोज के लिए वाइट हाउस में थे। बता दें गाजा के मामले में कतर की ओर से भी मध्यस्थता की कोशिशें की जाती रही हैं। यह अहम है क्योंकि आमतौर पर मुस्लिम देशों की एकता की गुहार लगाई जाती रही है, लेकिन गाजा और सीरिया पर हमलों के दौरान जिस तरह इजरायल के हमले जारी हैं। उस दौरान मुस्लिम देशों की चुप्पी अखरने वाली है। बता दें सऊदी अरब, बहरीन, कतर और यूएई जैसे कई देशों ने इस मसले पर कोई सख्त रुख नहीं अपनाया है।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने निकाली पुरानी दुश्मनी, सरकारी वकील को पद से हटाया

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आए दिन कुछ न कुछ करके चर्चा में बने हुए हैं। इस बार ट्रंप ने सरकारी न्याय विभाग में तैनात एक वकील को बिना किसी पूर्व सूचना के हटा दिया। उन्हें सिर्फ नोटिस ये दिया गया कि उन्हें राष्ट्रपति की विशेष शक्ति के तहत हटाया जा रहा है। ट्रंप ने अपने ही देश के न्याय विभाग में काम करने वाली एक होनहार वकील को रातों रात नौकरी से निकाल दिया। इसके पीछे कोई तर्क भी नहीं दिया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर एक मामूली वकील की राष्ट्रपति से क्या दुश्मनी? बता दें कि ये दुश्मनी ही है, जो डोनाल्ड ट्रंप को अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करके मॉरीन कोमी को पद से हटा दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वकील मॉरीन को बिना कोई कारण बताए हटा दिया। सूत्रों की मानें तो उन्हें एक मेमो मिला जिसमें राष्ट्रपति की कर्मचारियों को हटाने की शक्ति का जिक्र था। उनकी बर्खास्तगी को लेकर कहा जा रहा है कि ट्रंप और उनके पिता की पुरानी दुश्मनी थी। वकील मॉरीन के पिता को साल 2017 में डोनाल्ड ट्रम्प ने एफबीआई निदेशक पद से हटा दिया था। ट्रंप ने 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कथित रूसी हस्तक्षेप की जांच में उनकी भूमिका को लेकर आलोचना की थी। ट्रंप ने इस चुनाव में जीत हासिल की थी।

## अमेरिका के अलास्का में 7.3 तीव्रता का आया जोरदार भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राज्य अलास्का में जोरदार भूकंप आया है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.3 है, जो कि काफी खतरनाक है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने इसकी जानकारी दी है। भूकंप के बाद अलास्का के लोगों पर एक और खतरा मंडरा रहा है। भयावह भूकंप के कारण अब पूरे इलाके में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। भूकंप इतना तेज था कि धरती डोलने लगी। लोग थर्र-थर्र कांपने लगे और घरों से बाहर निकल सड़क की ओर भागने लगे।

यूएसजीएस यानी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, बुधवार को अमेरिकी राज्य अलास्का के तट पर दोपहर 12 बजकर 37 मिनट पर (लोकल टाइम) 7.3 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र द्वीपीय शहर सैंड पॉइंट से करीब 87 किलोमीटर दक्षिण में स्थित था। भूकंप का केंद्र अपेक्षाकृत कम गहराई पर 20.1 किलोमीटर की गहराई पर था। अलास्का की जनसंख्या करीब 7.5 लाख है। ऐसे में इन लोगों पर सुनामी का खतरा मंडरा रहा है। बता दें इससे पहले मार्च 1964 में 9.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जो उत्तरी अमेरिका में अब तक का सबसे शक्तिशाली भूकंप था। इसने एंकोरेज शहर को तबाह कर दिया और एक सुनामी ला दी जिसने अलास्का की खाड़ी, अमेरिका के पश्चिमी तट और हवाई को तबाह कर दिया था। फिलहाल, मौजूदा 7.3 तीव्रता वाले भूकंप से कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा है। भूकंप के बाद दक्षिण अलास्का और अलास्का प्रायद्वीप के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र पामर ने कहा कि भूकंप के बाद अब सुनामी की पुष्टि हो गई है और इसके कुछ प्रभाव भी पड़ने की आशंका है। बहरहाल, भूकंप से अब तक कितनी तबाही हुई है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। केंद्र ने कहा कि सुनामी की यह चेतावनी दक्षिण अलास्का और अलास्का प्रायद्वीप, कैनेडी एंट्रेंस, अलास्का (होमर से 40 मील दक्षिण-पश्चिम) से लेकर यूनिमक पास, अलास्का (उनालास्का से 80 मील उत्तर-पूर्व) तक प्रशांत तटों" के लिए जारी की गई हैं। दरअसल, अलास्का भूकंपीय रूप से काफी सक्रिय इलाका है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो भूकंप के कारण लोगों में दहशत का माहौल है।

## खुद के शौक पूरे करने के लिए बच्चे पैदा करती थी महिला, पुरुषों से बनाती थी संबंध

बीजिंग(ईएमएस)। दक्षिणी चीन के गुआंग्शी प्रांत की रहने वाली एक महिला ने दूसरे पुरुषों से संबंध बनाकर बच्चे पैदा करना और उन्हे बेचना धंधा बना लिया था। इससे जो भी पैसे मिले थे उससे महिला अपने निजी शौक पूरे करती थी।आरोपी की पहचान 26 वर्षीय हुआंग के रूप में हुई है, जो मूल रूप से दक्षिणी चीन के गुआंग्शी प्रांत की रहने वाली है और उसने केवल प्राथमिक स्कूल तक शिक्षा हासिल की है। बाद में हुआंग दक्षिण-पूर्वी चीन के फुजियान प्रांत के फूजौ में चली गई और छोटे-मोटे काम करके अपना जीवनयापन किया।

अक्टूबर 2020 में, उसने अपने पहले बेटे को जन्म दिया। लेकिन आर्थिक तंगी और पिता की गैर-मौजूदगी के कारण उसे अपने बेटे की देखभाल करने में कठिनाई हो रही थी। इसलिए, उसने अपनी परेशानी से बचने के लिए बच्चे को बेचने का फैसला किया। उसके मकान मालिक वेई को उसकी योजना का पता चल गया और उन्होंने उसे ली नाम के एक रिश्तेदार से मिलवाया, जिसका बेटा बांझपन से जूझ रहा था और लंबे समय से एक बच्चा गोद लेना चाहता था। ली के परिवार ने उस बच्चे को 45,000 युआन (6,300 अमेरिकी डॉलर) में खरीद लिया।

खबरों के मुताबिक हुआंग ने पूरी रकम अय्याशी में खर्च कर दी। पैसे खत्म होने के बाद, हुआंग ने कथित तौर पर और भी ज़्यादा कठोर कदम उठाए। वह सक्रिय रूप से यौन संबंध बनाने के लिए पुरुषों की तलाश में थी, और मुनाफे के लिए एक और बच्चा पैदा करने की नीयत से उसे बेचने लगी। हुआंग ने 2022 में अपने दूसरे बेटे, ग्यू, को जन्म दिया और उसे 38,000 युआन (डॉलर 5,300) में एक दलाल को बेच दिया, जिसने फिर बच्चे को 103,000 युआन (डॉलर14,000) में बेच दिया। बताया जा रहा है कि हुआंग ने सारा पैसा लाइव-स्ट्रीमर्स को टिप्स देने, कपड़े और दूसरी महंगी चीजें खरीदने में खर्च कर दिया। 13 अप्रैल, 2022 को हुआंग के खिलाफ संदिग्ध धोखाधड़ी की सूचना अधिकारियों को दी गई। पुलिस जांच के दौरान पता चला कि उसके मोबाइल फोन पर बच्चों को बेचने से संबंधित चैट रिकॉर्ड मौजूद थे। पुलिस ने अप्रैल 2022 में दोनों लड़कों को बचा लिया, और गोद लेने की प्रतीक्षा करते हुए स्थानीय नागरिक मामलों के विभागों द्वारा उनकी देखभाल की जा रही है। फूजौ जिनान जिला पीपुल्स कोर्ट ने 8 जुलाई को धोखाधड़ी और तस्करी के लिए हुआंग को पांच साल और दो महीने की जेल की सजा सुनाई, साथ ही 30,000 युआन (4,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया।

# कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं : केएल राहुल



लंदन (ईएमएस)। भारत को लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इस मैच में बल्लेबाजों की जुझारू पारियों ने फैंस का दिल जीत लिया। खासकर केएल राहुल, जिन्होंने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया और मैच के बाद एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं। वे आपके जज्बे और आपके चरित्र की परीक्षा लेते हैं, और ऐसे मैचों से मिली सीख आपको और मजबूत बनाती है। राहुल ने लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में 100 रनों की शानदार पारी खेली और वह लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर एक से अधिक बार नाम दर्ज कराने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। मौजूदा सीरीज में राहुल अब तक छह पारियों में 375 रन बना चुके हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने इंग्लैंड में अब तक 12 टेस्ट की 24 पारियों में 41.20 की औसत से 989 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक शामिल हैं।

मैच की बात करें तो शुरुआत में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी, लेकिन जल्दी ही उनके दो विकेट गिर गए। इसके बाद जो रूट और ओली पोप की साझेदारी ने पारी को संभाला और फिर निचले क्रम में ब्रायडन कार्स और जेमी स्मिथ की तेजतर्रार पारियों ने इंग्लैंड को 387 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारत की पहली पारी में जायसवाल जल्दी आउट हो गए, लेकिन करुण नायर और फिर केएल राहुल व ऋषभ पंत ने टीम को मज़बूती दी। राहुल ने 100 और पंत ने 74 रन बनाए। निचले क्रम में जडेजा के 72 और अन्य योगदानों से भारत भी 387 तक पहुंच गया। इंग्लैंड की दूसरी पारी में वाशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लेकर उन्हें 192 पर समेटा, जिससे भारत को 193 रनों का लक्ष्य मिला। हालांकि, लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर 82/7 हो गया। रवींद्र जडेजा ने नाबाद 61 रन बनाकर उम्मीद जगाई लेकिन मोहम्मद सिराज का दुर्भाग्यपूर्ण आउट होना निर्णायक साबित हुआ। भारत 170 पर ऑलआउट हो गया और 22 रन से हार गया। यह हार सीरीज में भारत को 1-2 से पीछे ले गई, लेकिन खिलाड़ियों के संघर्ष और भावना ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

### जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन बनाने के करीब पहुंचे

भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और कीर्तिमान के करीब पहुंच गए हैं। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद 61 रन बनाए, हालांकि भारत यह मुकाबला 22 रन से हार गया। यह जडेजा का इंग्लैंड में लगातार चौथा अर्धशतक था, जिसमें बर्मिंघम और लॉर्ड्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी शामिल हैं। इस तरह वे सौरव गांगुली और ऋषभ पंत के क्लब में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में लगातार चार बार 50+ स्कोर बनाए थे।

लॉर्ड्स टेस्ट की चौथी पारी में यह जडेजा का पहला अर्धशतक रहा। इंग्लैंड में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने अब तक 942 रन बना लिए हैं, जिससे वह वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर गैरी सोबर्स (1097 रन) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इस दौरान जडेजा ने एक शतक और सात अर्धशतक लगाए हैं। भारत की दूसरी पारी में सातवां विकेट गिरने के बाद टीम ने 301 गेंदें खेलीं, जो टेस्ट की चौथी पारी में अंतिम तीन साझेदारियों में सबसे अधिक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 294 गेंदों का था, जो इंग्लैंड ने 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने 22 ओवर तक साझेदारी निभाई, जो पिछले दस वर्षों में भारत के लिए 9वें या 10वें विकेट के लिए सबसे लंबी साझेदारी रही।

# जमैका में अपना आखिरी मैच खेलेंगे आंद्रे रसेल, इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का किया ऐलान



नई दिल्ली (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के विस्फोटक ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। हालांकि यह फैसला तुरंत प्रभावी नहीं होगा, लेकिन रसेल का इंटरनेशनल करियर अब अंतिम दौर में है। वह अपने घरेलू मैदान जमैका के सबीना पार्क में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को होने वाले पहले दो टी20 मैचों के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। यह खबर टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियों में जुटी वेस्टइंडीज टीम के लिए एक बड़ा झटका है।

37 वर्षीय रसेल ने 2019 के बाद से केवल टी20 इंटरनेशनल फॉर्मेट में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने अब तक इस प्रारूप में 84 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 1078 रन बनाए और 61 विकेट भी हासिल किए। उनका बल्लेबाजी औसत 22 का रहा, जबकि स्ट्राइक रेट 163.09 का है। अपने करियर में उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर भी वे कई मौकों पर टीम के लिए गेमचेंजर साबित हुए।

रसेल ने एक टेस्ट और 56 वनडे मुकाबलों में भी वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन पिछले छह साल से वे सिर्फ टी20 क्रिकेट तक सीमित रहे। अपने संन्यास को लेकर उन्होंने भावुक बयान में कहा, वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस स्तर तक पहुंच पाऊंगा, लेकिन क्रिकेट के प्रति मेरा प्रेम और समर्पण मुझे यहां तक लाया। उन्होंने आगे कहा, मुझे घर पर खेलने और अपने लोगों के सामने प्रदर्शन करने का हमेशा से गर्व रहा है। मैं अपने करियर का अंत एक यादगार तरीके से करना चाहता हूं और चाहूंगा कि मेरी यात्रा अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित करे।

रसेल का संन्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब टीम को उनके अनुभव की सख्त जरूरत थी, खासकर 2026 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, जो भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी हमेशा से वेस्टइंडीज की ताकत रही है। अब देखना यह होगा कि टीम उनकी भरपाई कैसे करती है।

### हेटमायर का तूफान : एक ओवर में लगाए 5 छक्के

ग्लोबल सुपर लीग 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में शिमरन हेटमायर ने बल्ले से ऐसी तबाही मचाई कि मैच का रुख ही बदल गया। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुयाना ऐमजॉन वॉरियर्स ने होबार्ट हरिकेंस को हराकर फाइनल में जगह बना ली। हेटमायर ने 10 गेंदों में 39 रन की विस्फोटक पारी खेली और एक ओवर में 5 छक्के लगाकर सभी को हैरान कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए होबार्ट की टीम 16.1 ओवर में महज 125 रन पर सिमट गई थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुयाना की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही और 9 ओवर में उसका स्कोर 43/3 था। सेमीफाइनल जैसे अहम मुकाबले में जब 72 गेंदों में 82 रन चाहिए हों, तो दबाव साफ दिखता है, लेकिन हेटमायर के इरादे कुछ और थे। वो 10वें ओवर की शुरुआत में बल्लेबाजी के लिए आए और फैबियन एलेन के ओवर में ही मैच पलट दिया।

हेटमायर ने पहली गेंद को लॉन्ग ऑन के ऊपर से सिक्स के लिए भेजा। दूसरी गेंद पर ओडीन स्मिथ ने उनका कैच छोड़ा, और गेंद बाउंड्री पार जा गिरी। अगली दो गेंदों पर उन्होंने लगातार दो और छक्के जड़े। पांचवीं गेंद पर उन्होंने दो रन लिए और फिर आखिरी गेंद को भी छक्के में बदल दिया। इस तरह एलेन के एक ओवर में 32 रन आए, जिसमें हेटमायर ने 5 सिक्स जड़े। उनकी इस धमाकेदार पारी में कुल 6 छक्के शामिल थे। हालांकि उन्हें उसामा मीर ने आउट किया, लेकिन तब तक मैच गुयाना के पक्ष में पूरी तरह झुक चुका था।

गुयाना ऐमजॉन वॉरियर्स ने 17वें ओवर में ही 4 विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल में प्रवेश किया। अब 18 जुलाई को फाइनल में उसका मुकाबला रंगपुर राइडर्स से होगा। हेटमायर की यह विस्फोटक बल्लेबाजी क्रिकेट प्रेमियों के लिए लंबे समय तक यादगार बनी रहेगी, खासकर जिस अंदाज में उन्होंने एक ओवर में पांच छक्के जड़कर मैच का रुख पलटा, वह लाजवाब था।

# पंत एक बेहद रोमांचक खिलाड़ी हैं, जिनका खेल दर्शकों को बांधे रखता हैं : जैक रसेल

### ऋषभ की विकेटकीपिंग तकनीक में कुछ सुधार की जरूरत



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज जैक रसेल ने भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि पंत एक बेहद रोमांचक खिलाड़ी हैं, जिनका खेल दर्शकों को बांधे रखता है, लेकिन उनकी विकेटकीपिंग तकनीक में कुछ सुधार की जरूरत है। रसेल का कहना है कि पंत चाहे बल्लेबाजी कर रहे हों या विकेट के पीछे खड़े हों, उन्हें देखना हमेशा मनोरंजक होता है। वह इस बात से भी बेहद खुश हैं कि भयानक कार दुर्घटना के बाद पंत ने मैदान पर सफल वापसी की है। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि पंत की विकेटकीपिंग में कुछ तकनीकी कमजोरियां हैं, जिन पर उन्हें काम करना होगा, विशेष रूप से स्टंप के पास खड़े होकर कीपिंग करते समय। 61 वर्षीय रसेल ने बताया कि वह खुद एलन नॉट और बॉब टेलर जैसे कीपरों को आदर्श मानते थे, लेकिन भारतीय विकेटकीपर सैयद किरमानी को देखकर भी उन्होंने बहुत कुछ सीखा। उन्होंने कहा कि जब वह छोटे थे, तब किरमानी को देखकर लगता था कि वे बेहतरीन विकेटकीपर हैं। मौजूदा दौर के कीपरों पर बात करते हुए रसेल ने इंग्लैंड के जैमी स्मिथ की भी तारीफ की और उन्हें भविष्य का महान विकेटकीपर बताया। उनके अनुसार, स्मिथ में इतनी प्रतिभा है कि उन्हें एडम गिलक्रिस्ट की श्रेणी में रखा जा सकता है। रसेल ने यह भी कहा कि विकेटकीपिंग में गलतियां होना सामान्य है, क्योंकि ज्यादातर विकेटकीपर उनसे नहीं बच पाते। खासकर इंग्लैंड जैसी परिस्थितियों में विकेट कीपिंग करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। पंत की तकनीकी गलतियों को लेकर उन्होंने कहा कि ये बड़ी खामियां नहीं हैं, बल्कि कुछ छोटी बातें हैं जिन्हें सुधारकर वह और बेहतर हो सकते हैं। अगर पंत चाहें, तो वह उन्हें इन तकनीकी पहलुओं पर सलाह भी दे सकते हैं।

क्रिकेट से संन्यास के बाद रसेल अब चित्रकला से जुड़े हुए हैं। वह रोजाना पेंटिंग करते हैं और सोशल मीडिया पर इन्हें साझा भी करते हैं, जिनमें उनके अधिकतर फॉलोअर्स भारतीय हैं। हाल ही में उन्होंने भारत के पहले टेस्ट क्रिकेटर रणजीतसिंहजी का चित्र बनाया, जिसे वह अपनी पसंदीदा पेंटिंग्स में से एक मानते हैं। उनकी बनाई कई पेंटिंग्स 25,000 पाउंड तक में बिक चुकी हैं, हालांकि वह इसे व्यवसाय के तौर पर नहीं करते।

# जैक क्रॉउली के टीम से बाहर जाने का समय आ गया : जेफ्री बॉयकॉट

लंदन (ईएमएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का रोमांच चरम पर है। शुरुआती तीनों टेस्ट मुकाबले पूरे पांच दिन तक चले, जिससे क्रिकेट प्रेमियों को टेस्ट क्रिकेट का भरपूर आनंद मिला। मेजबान इंग्लैंड ने पहला और तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है, जबकि भारत ने दूसरा टेस्ट अपने नाम किया था। तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में खेला गया और बेहद करीबी रहा, जिसमें भारत महज 22 रन से हार गया। हालांकि इंग्लैंड की जीत के बावजूद टीम के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉउली के खराब प्रदर्शन पर सवाल खड़े हो गए हैं। मौजूदा सीरीज में क्रॉउली का औसत केवल 21.33 रहा है और तीन मैचों में उन्होंने कुल 128 रन ही बनाए हैं। पहले टेस्ट में हेडिंग्ले में उन्होंने 65 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद उनके स्कोर 19, 0, 18 और 22 ही रहे। उनके लगातार कमजोर प्रदर्शन को लेकर इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सर जेफ्री बॉयकॉट ने उन्हें टीम से बाहर करने की मांग की है।

बॉयकॉट ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि क्रॉउली ने 57 टेस्ट खेलने के बावजूद कुछ नहीं सीखा है और वे बार-बार एक ही तरीके से आउट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब उनके जाने का समय आ गया है। बॉयकॉट ने यह भी जोड़ा कि विपक्षी गेंदबाज उनकी कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए तैयार बैठे रहते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि आने वाली विंटर एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क, हेजलवुड और कमिंस जैसे तेज गेंदबाज उन्हें आसानी से आउट करेंगे। जैक क्रॉउली ने 2019 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट डेब्यू किया था और अब तक 57 मैचों में 30.89 की औसत से 3151 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। इसके बावजूद हालिया फॉर्म ने टीम में उनकी जगह पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

### जितेश शर्मा को लेकर दिनेश कार्तिक की सफाई

भारतीय क्रिकेटर जितेश शर्मा को लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान में प्रवेश न मिलने की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने लगी थी। इस खबर में दावा किया जा रहा था कि भारत के लिए नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके जितेश को एक गार्ड ने मैदान में घुसने से रोक दिया। इस पूरे मामले पर अब भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने अपनी सफाई दी है। दिनेश कार्तिक ने बताया कि यह घटना मैदान के प्रवेश द्वार की नहीं, बल्कि मीडिया सेंटर की है। कार्तिक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने खुद जितेश को कम्युनिकेशन बॉक्स में आमंत्रित किया था और वहीं उनसे मुलाकात भी की थी। उन्होंने बताया कि यह स्थान मैदान का मुख्य प्रवेश द्वार नहीं है, बल्कि मीडिया सेंटर के नीचे स्थित है, जिसे लेकर गलतफहमियां फैल रही हैं।



स्टेड डी जिनेवा, जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में यूईएफए महिला यूरो 2025 फ़ुटबॉल क्वार्टर फ़ाइनल में नॉर्वे बनाम इटली के मैच में इटली की क्रिस्टियाना गिरेली और एम्मा सेवेरिनी एक्शन में।

## जितेश शर्मा अब बड़ौदा की ओर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में करेंगे वापसी

नई दिल्ली (ईएमएस)। विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा आगामी घरेलू सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 31 वर्षीय जितेश ने 2024-25 रणजी ट्रॉफी में विदर्भ के लिए एक भी मैच नहीं खेला था और कप्तान व पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के पीछे दूसरे विकल्प के तौर पर रहे। हालांकि वह करुण नायर की कप्तानी में सीमित ओवरों के प्रारूप में विदर्भ टीम का हिस्सा बने रहे। बड़ौदा में उनके स्थानांतरण की चर्चा काफी समय से चल रही थी और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या से उनके करीबी संबंधों ने इस बदलाव को सहज बना दिया।

# टीम में बुमराह की मौजूदगी पर डेविड लॉयड ने उठाए अहम सवाल



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों की हार के बाद भारतीय खेमे में निराशा का माहौल है। खासतौर पर जसप्रीत बुमराह को लेकर एक दिलचस्प चर्चा छिड़ गई है। इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर डेविड लॉयड ने बुमराह की मौजूदगी और टीम के प्रदर्शन के बीच के फर्क को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह को इंग्लैंड में सबसे बड़ा मैच विनर माना जा रहा था, लेकिन मौजूदा सीरीज में उन्होंने दो टेस्ट खेले (लीड्स और लॉर्ड्स) और दोनों में भारत को हार का सामना करना पड़ा। वहीं, जिस बर्मिंघम टेस्ट में बुमराह नहीं खेले, उसमें भारत को जीत मिली।

डेविड लॉयड ने एक बातचीत में कहा, "यह असाधारण आंकड़ा है। कहा जाता है कि जब वह खेलते हैं तो भारत ज्यादा हारता है और जब नहीं खेलते तो ज्यादा मैच जीतता है। वह दुनिया के बेहतरीन गेंदबाज हैं, लेकिन ये संयोग अब चर्चा का विषय बन गया है।" बर्मिंघम टेस्ट में बुमराह को आराम दिया गया था और उस मुकाबले में मोहम्मद सिराज व आकाश दीप की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने जीत दर्ज की थी। सिराज और आकाश दीप ने मिलकर उस मैच में 16 विकेट झटके थे। इससे पहले भारतीय चयन समिति और कोच गौतम गंभीर ने यह स्पष्ट किया था कि बुमराह को पांच में से केवल तीन टेस्ट में खिलाया जाएगा। अब जबकि वह दो मैच खेल चुके हैं और सीरीज 1-2 के स्कोर पर है, डेविड लॉयड का मानना है कि चौथा टेस्ट निर्णायक होगा। उन्होंने कहा, "अगर भारत को सीरीज बराबर करनी है तो बुमराह को ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट में उतरना होगा। अगर भारत 2-2 कर देता है, तो फिर शायद वह ओवल टेस्ट में भी खेलें।" उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर इंग्लैंड चौथा मैच जीतकर सीरीज 3-1 से अपने नाम कर लेता है, तो भारत बुमराह को अंतिम टेस्ट से आराम दे सकता है। लेकिन यदि स्कोर 2-2 हो जाता है, तो टीम प्रबंधन उन्हें ओवल टेस्ट में जरूर उतारने पर विचार करेगा। हालांकि डेविड लॉयड ने यह भी माना कि बुमराह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं और उनका एक्शन दुनिया में सबसे अनोखा है। बावजूद इसके, उनके खेलने और टीम के नतीजों के बीच बनता यह आंकड़ों का रिश्ता अब विश्लेषण और रणनीति का हिस्सा बन गया है।

### इंग्लैंड ने बुमराह को चोटिल करने की रची थी साजिश : कैफ

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लॉर्ड्स टेस्ट को लेकर एक चौंकाने वाला दावा किया है। उनके अनुसार, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने जानबूझकर जसप्रीत बुमराह को चोटिल करने की साजिश रची थी। लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए इस मैच की आखिरी पारी में जसप्रीत बुमराह ने बेहद साहसिक बल्लेबाजी की थी और रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर इंग्लैंड की जीत की उम्मीदों को झटका देना शुरू कर दिया था। भारत को 193 रनों का लक्ष्य मिला था और आखिरी विकेट के लिए बुमराह-जडेजा की जोड़ी डटकर खेल रही थी, तभी इंग्लैंड ने आक्रामक रणनीति अपनाई। कैफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि जैसे-जैसे भारतीय जोड़ी लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी, इंग्लैंड खेमे में घबराहट बढ़ती जा रही थी। इसी दबाव में स्टोक्स और आर्चर ने बुमराह पर बाउंसर फेंकने की योजना बनाई। उन्होंने कहा कि अगर बुमराह आउट नहीं होते, तो उनका इरादा उन्हें चोटिल करने का था। कैफ के मुताबिक, गेंदबाजों के दिमाग में अकसर यह बात रहती है कि विरोधी टीम के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी को किसी तरह चोट पहुंचाकर बाहर किया जाए। यही सोच इंग्लैंड के गेंदबाजों की भी थी, जो अंत में सफल रही और बुमराह का विकेट गिर गया। इस साझेदारी के दौरान बुमराह ने 54 गेंदों का सामना किया और केवल 5 रन बनाए, लेकिन उनका विकेट इंग्लैंड के लिए सबसे अहम साबित हुआ। भारत यह मैच 22 रनों से हार गया और सीरीज में इंग्लैंड ने 2-1 की बढ़त बना ली। कैफ ने यह भी बताया कि इंग्लैंड ने मोहम्मद सिराज को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी और एक बार तो उनके कंधे पर गेंद लगी थी।

## 27 रन पर ढेर हुई वेस्टइंडीज तो आईपीएल जैसे लीग और क्रिकेट सिस्टम पर उठे सवाल

सबीना पार्क (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम सिर्फ 27 रन पर सिमटने के बाद क्रिकेट जगत में मची हड़कंप थमने का नाम नहीं ले रही है। यह टेस्ट क्रिकेट इतिहास की दूसरी सबसे छोटी पारी बन गई है। जमैका के सबीना पार्क में खेले गए डे-नाइट मुकाबले में महज 87 गेंदों के भीतर वेस्टइंडीज की पूरी टीम पवेलियन लौट गई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया। इस शर्मनाक हार के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट की गिरती स्थिति को लेकर बहस तेज हो गई है और दिग्गज खिलाड़ियों ने इस पर खुलकर अपनी राय रखी है।

वेस्टइंडीज के पूर्व महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने 'स्टिक टू क्रिकेट' पॉडकास्ट में टीम के पतन की वजहों पर बात करते हुए इशारों में इंडियन प्रीमियर लीग और अन्य फ्रेंचाइजी टी20 लीग्स को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पहले खिलाड़ी वेस्टइंडीज टीम में जगह पाने के लिए कड़ी मेहनत करते थे, फर्स्ट क्लास क्रिकेट और काउंटी क्रिकेट खेलते थे, लेकिन अब राष्ट्रीय टीम को केवल एक सीढ़ी माना जा रहा है जिससे खिलाड़ी टी20 लीग्स में कॉन्ट्रैक्ट हासिल कर सकें। लारा ने यह भी कहा कि इसके लिए केवल खिलाड़ियों को दोष नहीं दिया जा सकता, क्योंकि क्रिकेट का पूरा सिस्टम ही इस दिशा में ढल गया है।

## क्रांति गौड़ : बुमराह की तरह फेंकती हैं इनस्विंगर

साउथैम्प्टन (ईएमएस)। रोज बाउल में खेले गए पहले एकदिवसीय मुकाबले में 21 वर्षीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने अपने करियर के सिर्फ दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन क्रांति ने अपने शुरुआती स्पेल में ही इंग्लिश टीम को झटके देना शुरू कर दिया। उन्होंने 5 ओवर में 28 रन देकर दो महत्वपूर्ण विकेट लिए, जिनमें अनुभवी एमी जोन्स और खतरनाक टैमी ब्यूमोंट शामिल थीं। क्रांति को टीम इंडिया की ओर से अमनजोत कौर के बाद नई गेंद सौंपी गई। शुरुआत में वह थोड़ा अस्थिर नजर आईं और तीन वाइड गेंदें फेंकी, लेकिन जल्द ही उन्होंने लय पकड़ ली। उन्होंने एमी जोन्स को महज एक रन पर बोल्ड किया, जो उनका वनडे करियर का पहला विकेट बना। उनकी इनस्विंग डिलीवरी ने जोन्स के स्टंप उखाड़ दिए और बल्लेबाज को खेलने का कोई मौका नहीं मिला।

क्रांति यहीं नहीं रुकीं। अपने अगले ओवर में उन्होंने टैमी ब्यूमोंट जैसे अनुभवी बल्लेबाज को पवेलियन भेजा। चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर ब्यूमोंट के पैड पर गेंद लगी, जिसे ऑन-फील्ड अंपायर ने नकार दिया। लेकिन भारत ने डीआरएस लिया और रीप्ले में साफ दिखा कि गेंद स्टंप्स पर लगती। ब्यूमोंट सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हुईं। यह विकेट भारत के लिए निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि ब्यूमोंट महिला वनडे में तीसरे सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी हैं।

## वेस्टइंडीज-पाक मैच फॉर्मेट को लेकर नहीं बनी सहमति

नई दिल्ली (ईएमएस)। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच अगस्त में प्रस्तावित क्रिकेट सीरीज को लेकर दोनों देशों के बोर्डों में असहमति का माहौल बन गया है। 1 से 12 अगस्त तक अमेरिका और कैरेबियाई द्वीपों में दोनों टीमों को तीन-तीन टी20 और वनडे मैच खेलने हैं, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि यह पूरी सीरीज केवल टी20 प्रारूप में खेली जाए। इसके विपरीत वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड इस मांग को स्वीकार नहीं कर रहा और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी मैच कराने पर अड़ा है। पाकिस्तान का तर्क है कि अगले साल भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप होना है, ऐसे में टीम को ज्यादा से ज्यादा टी20 मैच खेलने चाहिए ताकि तैयारी पुख्ता की जा सके। इसी कारण पीसीबी वनडे सीरीज को भी टी20 सीरीज में बदलने का आग्रह कर रहा है। लेकिन वेस्टइंडीज की स्थिति अलग है। पिछली बार जब भारत में वनडे विश्व कप खेला गया था, तो वेस्टइंडीज की टीम उसमें जगह नहीं बना पाई थी। इसी वजह से वह 50 ओवर के मुकाबलों को लेकर गंभीर है और इस फॉर्मेट में ज्यादा मैच खेलना चाहता है।

## विंबलडन 2025 : रवि शास्त्री और रॉयल लेडी हर्वे की फोटो ने खींचा सबका ध्यान

लंदन (ईएमएस)। विंबलडन 2025 का समापन यानिक सिनर की शानदार जीत के साथ हुआ, लेकिन इस प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के दौरान न सिर्फ टेनिस बल्कि मैदान के बाहर की हलचल भी सुर्खियों में रही। दुनियाभर की मशहूर हस्तियों ने इस ऐतिहासिक इवेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, जिनमें सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, प्रियंका चोपड़ा और प्रीति जिंटा जैसे नाम शामिल हैं। इसी बीच पूर्व भारतीय क्रिकेट कोच रवि शास्त्री भी हर साल की तरह इस बार भी विंबलडन का आनंद लेने पहुंचे, लेकिन इस बार उनकी एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में आ गई। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस तस्वीर में रवि शास्त्री एक विदेशी महिला के साथ नजर आ रहे हैं। यह फोटो पहले उस महिला ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर साझा की थी, जिसे बाद में रवि शास्त्री ने भी अपनी प्रोफाइल पर रीशेयर किया। इसके बाद यह सवाल तेजी से उठने लगा कि आखिर तस्वीर में दिख रही महिला कौन हैं? जांच में पता चला कि यह महिला कोई आम हस्ती नहीं, बल्कि ब्रिटिश रॉयल फैमिली से ताल्लुक रखने वाली लेडी इसाबेल हर्वे हैं। इसाबेल, ब्रिस्टल के छठे मार्क्वेस की सबसे छोटी बेटी हैं और ब्रिटेन की जानी-मानी सोशलाइट लेडी विक्टोरिया हर्वे की बहन हैं।

## तीनों प्रारूपों में 900+ आईसीसी रेटिंग अंक पाने वाले पहले बल्लेबाज बने कोहली

नई दिल्ली (ईएमएस)। भले ही विराट कोहली ने टी20 और हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो, लेकिन उनकी लोकप्रियता और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोहली की टी20 अंतरराष्ट्रीय रेटिंग को बढ़ाकर 909 अंक कर दिया है, जिससे वह खेल के इतिहास में तीनों प्रारूपों टेस्ट, वनडे और टी20I में 900 या उससे अधिक आईसीसी रेटिंग अंक प्राप्त करने वाले एकमात्र बल्लेबाज बन गए हैं। विराट कोहली को एक समय तीनों प्रारूपों में आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज रहने का गौरव प्राप्त है। इस नई उपलब्धि के साथ उन्होंने खुद को सर्वकालिक महान ऑल-फॉर्मेट बल्लेबाजों में एक मजबूत दावेदार के रूप में फिर से स्थापित कर दिया है। उन्होंने टी20आई में 125 मैचों में 48.69 की औसत से 4,188 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 25 अर्धशतक शामिल हैं। टेस्ट में उन्होंने 9,230 रन बनाए, जिनमें 30 शतक और 31 अर्धशतक हैं, और वह भारत के चौथे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वनडे में वह अब तक के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, जिनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 183 है। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में विराट कोहली ने कुल 27,599 रन बनाए हैं जिसमें 82 शतक और 143 अर्धशतक शामिल हैं। वह भारत के दूसरे और दुनिया के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## रवि शास्त्री ने खिलाडियों की एकाग्रता पर उठाए सवाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय टीम की इंग्लैंड से हारने के बाद पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने टीम की रणनीति और बल्लेबाजों की एकाग्रता पर सवाल उठाए हैं। पूर्व बल्लेबाज शास्त्री ने इस मैच के दो खास टर्निंग प्वाइंट्स बताए और कहा कि इन्हीं पलों ने इंग्लैंड की जीत का रास्ता साफ किया।

रवि शास्त्री ने कहा कि उनके हिसाब से पहला निर्णायक मोड़ ऋषभ पंत का पहली पारी में रनआउट होना था। पंत उस समय 74 रन पर शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और भारत मजबूत स्थिति में दिख रहा था। बेन स्टोक्स की कप्तानी की तारीफ करते हुए शास्त्री ने कहा कि लंच से ठीक पहले पंत को रनआउट कराना इंग्लैंड के लिए बहुत अहम रहा। उन्होंने कहा कि अगर पंत टिके रहते तो भारत पहली पारी में अच्छी बढ़त हासिल कर लेता और इंग्लैंड दबाव में आ जाता। दूसरा बड़ा टर्निंग प्वाइंट शास्त्री ने करुण नायर का विकेट बताया। चौथे दिन भारत ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 41 रन बना लिए थे और मैच भारत की पकड़ में नजर आ रहा था। लेकिन करुण नायर ने ब्रायडन कार्स की सीधी आती गेंद को छोड़ दिया और पगबाधा हो गए। शास्त्री ने कहा कि यह एकाग्रता की बड़ी चूक थी, जिसने इंग्लैंड के लिए वापसी का मौका खोल दिया।

# ठाणे में मकानों की कीमतों में 3 साल में 46 फीसदी उछाल, फिर भी मुंबई की तुलना में मकान खरीदना 78 फीसदी सस्ता



मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में ठाणे को कभी एक सहायक उपनगर के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब यह शहर इस रीजन का एक प्रमुख आवासीय बाजार के रूप में उभर रहा है। बीते कुछ वर्षों में इस शहर में संपत्ति की कीमतों में तेज वृद्धि देखने को मिली है। साथ ही यह छोटे व मझोले मकानों का प्रमुख केंद्र बन गया है। एमएमआर के इस शहर में कीमतें भी दूसरे शहरों की तुलना में कम हैं। इस शहर में बुनियादी ढांचे का तेजी से उन्नयन हो रहा है, जिससे यहां संपत्ति खरीदने में खरीदारों की रुचि बढ़ रही है।

## बीते वर्षों में ठाणे में कितने बढ़े मकानों के दाम?

संपत्ति सलाहकार फर्म एनारॉक समूह के मुताबिक ठाणे में बीते वर्षों में मकान की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। केवल 3 साल के दौरान मकान 46 फीसदी महंगे हो गए हैं। 2022 की दूसरी तिमाही में इस शहर में मकान की औसत कीमत 13,550 रुपये थी, जो 2025 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 19,800 रुपये वर्ग फुट हो गई। एनारॉक चैनल पार्टनर्स के प्रमुख आयुष पुरी ने कहा कि बीते 5 साल की बात करें तो मकान की कीमतें 60 फीसदी बढ़ गई हैं। ठाणे न केवल एक लोकप्रिय आवासीय गंतव्य है, बल्कि इसने एमएमआर आवास परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ठाणे को बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के उन्नयन से बढ़ावा मिला है। 2025 में निर्माणाधीन मकानों की मांग रेडी टू मूव मकानों से बेहतर प्रदर्शन कर रही है क्योंकि इस शहर में मुंबई के प्रमुख बाजारों के विपरीत अपेक्षाकृत सस्ती कीमत पर लग्जरी मकान उपलब्ध हैं।

## छोटे व मझोले मकानों का प्रमुख केंद्र है ठाणे

ठाणे एमएमआर रीजन में छोटे व मझोले आकार के मकानों का प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। एनारॉक के मुताबिक वित्त वर्ष 2020 से 2025 के दौरान 65,800 मकान लॉन्च हुए। इनमें से 45 फीसदी मकान 2 बीएचके (मझौले), जबकि 42 फीसदी 1 बीएचके यानी छोटे आकार के थे। 3 बीएचके मकानों की हिस्सेदारी 11 फीसदी, जबकि 4 बीएचके मकानों की हिस्सेदारी महज 2 फीसदी दर्ज की गई। ठाणे में मकान खरीदना मुंबई की तुलना में सस्ता है। पुरी ने कहा कि ठाणे मुंबई की तुलना में कम से कम 78 फीसदी अधिक किफायती है। उदाहरण के लिए 650 वर्ग फुट के औसत कारपेट ऐरिया वाले 2 बीएचके मकान की कीमत ठाणे में करीब 1.25 करोड़ रुपये है, जबकि मुंबई के केंद्रीय उपनगरों में इसकी कीमत लगभग 2.11 करोड़ होगी। पश्चिमी उपनगरों में यह 2.36 करोड़ रुपये जाती है। इस कीमत में जीएसटी, पंजीकरण और अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं। मुंबई में आसमान छूते मकानों के दाम के बीच ठाणे उन मकान खरीदारों और निवेशकों के लिए तेजी से पसंदीदा जगह बनता जा रहा है जो गुणवत्ता से समझौता किए बिना बेहतर मूल्य चाहते हैं।

## कोरोना के बाद नया बदलाव, मांग की तुलना में आपूर्ति ज्यादा बढ़ी

एनारॉक की रिपोर्ट में पाया गया है कि ठाणे के रियल एस्टेट बाजार में कुछ उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। कोविड प्रभावित वित्त वर्ष 2020 और वित्त वर्ष 2025 के दौरान वित्त वर्ष 2023 में नए मकानों की आपूर्ति वित्त वर्ष 2020 की तुलना में लगभग 103 फीसदी बढ़ी, जबकि मांग वित्त वर्ष 2020 की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में 78 फीसदी बढ़कर 19,600 हो गई।

# टाटा-बॉश ने मिलाया हाथ, देश में सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन को मिलेगा बूस्ट

इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के लिए जर्मनी की टेक कंपनी रॉबर्ट बॉश जीएमबीएच के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय टेक कंपनी ने गुरुवार को बताया कि दोनों कंपनियों के बीच समझौता के अंतर्गत टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और बॉश असम में आगामी 'असेंबली' एवं टेस्ट यूनिट और गुजरात के 'फाउंड्री' (कारखाने) में चिप पैकेजिंग व मैन्यूफैक्चरिंग में सहयोग करेंगी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रणधीर ठाकुर ने कहा, ''यह साझेदारी भारत में एक समग्र सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक परिवेश तैयार करने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इसमें दुनिया भर के ग्राहकों के लिए अनुकूल पेशकशें शामिल हैं। सबसे अहम बात यह है कि हमारा सहयोग वैश्विक मंच पर भारतीय इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र की नेतृत्वकारी स्थिति बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।''




## सप्लाई चेन की फ्लैक्सिबिलिटी बढ़ेगीः बॉश

रॉबर्ट बॉश जीएमबीएच के कार्यकारी उपाध्यक्ष (सेमीकंडक्टर संचालन) डर्क क्रेस ने कहा, '' बॉश उन्नत 'ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक' की बढ़ती मांग और परिवहन के भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझता है। बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और सप्लाई चेन की फ्लैक्सिबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए बॉश को टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है।'' दोनों कंपनियां व्हीकल्स इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सर्विसेज के अंतर्गत लोकल परियोजनाओं की पहचान करेंगी और उन्हें आगे बढ़ाएंगी।

# आईटी कंपनी का मुनाफा 9.9% बढ़कर 3,336 करोड़ पर पहुंचा, डिविडेंड का ऐलान

आईटी सेक्टर की प्रमुख कंपनियों में से एक विप्रो ने गुरुवार को जून तिमाही के नतीजों का ऐलान किया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 9.8% बढ़ा है। इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 3,336.5 करोड़ रहा, जबकि एक साल पहले समान तिमाही में यह 3,036.6 करोड़ था। इसके अलावा, कंपनी ने शेयरहोल्डर्स को प्रति शेयर 5 के अंतरिम डिविडेंड का तोहफा भी दिया। शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने बताया कि Q1FY26 में उसका ऑपरेशन से रेवेन्यू भी मामूली रूप से बढ़कर 22,134.6 करोड़ रहा, जो कि एक साल पहले इसी अवधि में 21,963.8 करोड़ था।




## विप्रो ने हासिल किए 16 बड़े सौदे

विप्रो के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्रीनि पल्लिया ने कहा, "एक ऐसे तिमाही में जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता हावी रही, हमारे ग्राहकों ने एफिशिएंसी और लागत में कटौती को प्राथमिकता दी। हमने उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके साथ मिलकर काम किया। इससे हमें 16 बड़े सौदे मिले।" उन्होंने आगे कहा, "पिछली तिमाही की गति और एक मजबूत पाइपलाइन के सहारे, हम दूसरी छमाही के लिए अच्छी स्थिति में हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI अब प्रयोगात्मक नहीं रहा — यह हमारे ग्राहकों की रणनीतियों का केंद्रबिंदु है, और हम इसके जरिये बड़े पैमाने पर वास्तविक असर डाल रहे हैं।

## विप्रो का रेवेन्यू में 1% से 1% ग्रोथ का अनुमान

कंपनी ने चालू तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए सीक्वेंशियल आधार पर -1% से 1% की ग्रोथ का अनुमान जताया है। विप्रो को सितंबर तिमाही में अपने आईटी सर्विस सेगमेंट से 256 करोड़ डॉलर से 261.2 करोड़ डॉलर के बीच रेवेन्यू प्राप्त होने की उम्मीद है।

## विप्रो ने 5 का अंतरिम डिविडेंड का ऐलान किया

विप्रो की चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अपर्णा अय्यर ने कहा, "हमने सालाना आधार पर अपने ऑपरेटिंग मार्जिन में 80 बेसिस पॉइंट्स का इजाफा किया है। हमारा कैश फ्लो कंवर्जन मजबूत बना रहा और ऑपरेटिंग कैश फ्लो हमारी नेट इनकम का 123% रहा। बोर्ड ने प्रति शेयर 5 का अंतरिम डिविडेंड भी घोषित किया है। इस तरह, पिछले 6 महीनों में हमने शेयरधारकों को कुल मिलाकर 1.3 अरब डॉलर से ज्यादा की नकद राशि लौटाई है।"

# डीएलएफ की अंधेरी में 900 करोड़ की लग्जरी आवास परियोजना शुरू

मुंबई (ईएमएस)। देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने मुंबई के रियल एस्टेट बाजार में एक बार फिर कदम रख दिया है। कंपनी ने अंधेरी (पश्चिम) में एक लग्जरी आवासीय परियोजना वेस्टपार्क की शुरुआत की है, जिसमें वह लगभग 900 करोड़ का निवेश कर रही है। डीएलएफ ने इस परियोजना को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बिल्डर ट्राइडेंट समूह के साथ साझेदारी में विकसित किया है। यह कदम कंपनी की मुंबई बाजार में जुलाई 2023 में की गई पुनःप्रवेश घोषणा का हिस्सा है। डीएलएफ होम डेवलपर्स के एक अधिकारी के अनुसार, वेस्टपार्क परियोजना में कुल 416 लग्जरी अपार्टमेंट्स होंगे। यह परियोजना 5.18 एकड़ में फैली हुई है और यहां फ्लैट्स की कीमत 4 करोड़ से 7.5 करोड़ के बीच रखी गई है। इनकी कीमत 42,000 से 47,000 रुपए प्रति वर्ग फुट होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना की कुल बिक्री से 2,300 करोड़ की आय की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की शुरुआती प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है और कंपनी पहले चरण में लगभग 200 यूनिट्स बेचने की योजना बना रही है। डीएलएफ अब तक 185 से अधिक रियल एस्टेट परियोजनाएं पूरी कर चुका है और 35.2 करोड़ वर्ग फुट से ज्यादा क्षेत्र विकसित कर चुका है।

# '2-3 महीने में पेट्रोल-डीजल के दाम घट सकते हैं': पेट्रोलियम मंत्री बोले- कच्चा तेल 65 डॉलर प्रति बैरल रहता है तो कटौती संभव

**नई दिल्लीः** देश में पेट्रोल-डीजल के दाम कम हो सकते हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक 65 डॉलर प्रति बैरल पर बनी रहती हैं, तो उम्मीद कर सकते हैं कि अगले 2-3 महीनों में पेट्रोल-डीजल के दाम में कटौती हो। ये बात उन्होंने दिल्ली में चल रही 'ऊर्जा वार्ता 2025' में कही। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह स्थिर स्थिति पर निर्भर करता है। अगर कोई बड़ा भू-राजनीतिक घटनाक्रम, जैसे ईरान-इजराइल तनाव, होता है, तो स्थिति बदल सकती है। दरअसल, तेल की कीमतें हाल 65 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं, जिससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियों मुनाफा बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम घटाकर जनता को राहत दे सकते हैं।

## कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 15 तक का फायदा

रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है। इसके बावजूद, तेल कंपनियों ने पिछले एक साल से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की है। बीते कई महीनों से संभावना है कि तेल कंपनियां दाम घटाएंगी। लेकिन सरकार ने अप्रैल में 2 लीटर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी थी। इसकी आड़ में कंपनियां दाम घटाने से बच गईं। लंबे समय से तेल कंपनियां घाटे का हवाला देकर दामों में कटौती से बच रही हैं।

## पेट्रोल पर प्रति लीटर करीब 22 टैक्स ले रहा है केंद्र

पेट्रोल पर केंद्र सरकार 21.90 टैक्स लेती है। दिल्ली की सरकार 15.40 वैट लेती है। कुल टैक्स 37.30 लीटर है। डीजल पर केंद्र सरकार 17.80 प्रति लीटर केंद्र सरकार लेती है। दिल्ली सरकार वैट के रूप में 12.83 लीटर ले रही है। दोनों को मिलाकर कुल टैक्स 30.63 लीटर है। देश में हर माह हर व्यक्ति की पेट्रोल की खपत औसतन 2.80 लीटर और डीजल की 6.32 लीटर/माह है। यानी वह पेट्रोल पर हर माह 104.44 और डीजल 193.58 हर माह टैक्स देता है। दोनों को मिलाकर प्रति माह 298 होता है।

## देश में सबसे महंगा पेट्रोल आंध्र प्रदेश में

देश में अभी सबसे महंगा पेट्रोल आंध्र प्रदेश में है। यहां एक लीटर पेट्रोल 108.46 रुपए प्रति लीटर है। इसके बाद केरल में 107 रुपए /लीटर, मध्य प्रदेश में 106 रुपए /लीटर और बिहार में 105 रुपए लीटर है। वहीं, आंध्र प्रदेश में डीजल की कीमत 96 रुपए/लीटर है। पेट्रोल की कीमत को ग्लोबल मार्केट से जोड़कर 2010 में डिकंट्रोल कर दिया गया था और डीजल की कीमत को 2014 में नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था।

## देश में पेट्रोल की सालाना खपत 4,750 करोड़ लीटर

देश में पेट्रोल की सालाना खपत 4,750 करोड़ लीटर यानी प्रति व्यक्ति सालाना खपत 33.7 लीटर है। डीजल की सालाना खपत 10,700 करोड़ लीटर यानी 75.88 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष है। यानी प्रति व्यक्ति सालाना पेट्रोल-डीजल की खपत 109.6 लीटर यानी प्रति माह 9.13 लीटर। यह खपत सालाना 10.6% की दर से बढ़ती है।

## दैनिक पंचांग

**18 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | कर्क | 05.18 बजे से |
| चंद्र | मेष में | सिंह | 07.38 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 09.50 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.01 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.15 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.31 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.36 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.23 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 21.56 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 23.26 बजे से |
| 10.30 से | | वृष | 01.06 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मिथुन | 03.04 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 199 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 17.02 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 02.14 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सुकर्मा 06.48 बजे तदनन्तर धृति 03.56 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बालव 06.08 बजे, कौलव 17.02 बजे तदनन्तर तैतिल 03.54 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 01' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872409 **जूलियन दिन** 2460874.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7350

**बाएँ से दाएँ**

1. जनमत-4
4. सचेत, सजग-4
7. सहयात्री, संगी-5
9. रुपया, पैसा -2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. बसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण, ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला, हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

**ऊपर से नीचे**

1. पूजा, प्रार्थना-4
2. मार्ग, पथ-2
3. यमराज, मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा, वरदान-2
6. द्वेष, ईर्ष्या-4
8. तमीज, तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद, खाद्य सामग्री-3
18. भयानक, डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज, सत्य-2
26. ईश्वर, भगवान-2
27. रुदन, क्रंदन-2
28. मोमबत्ती (उर्दू-2)

**शब्द पहेली -7349 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ला | क | ■ | ह | म | रा | ज |
| म | ■ | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | रु |
| ना | ■ | श | त | ■ | ला | ल | ■ | र |
| ना | म | क | र | ण | ■ | की | म | त |
| ■ | लि | ■ | ता | ■ | म | ■ | क्का | ■ |
| अ | न | ल | ■ | मा | न | क | र | ना |
| रा | ■ | हू | र | ■ | मो | ल | ■ | च |
| ज | ■ | ■ | ज | ग | ह | ■ | ■ | ना |
| क | रा | मा | त | ■ | क | ल | श | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1951 जर्सी जो वाल्काट में एजार्ड चार्ल्स को हराकर 32 वर्ष की उम्र में हैवीवेट मुक्केबाजी के चैंपियन बने.

1980 भारत में निर्मित उपग्रह प्रक्षेपण वाहन एस.एल.वी. 3 से रोहिणी उपग्रह को कक्षा में भेजा गया.

1980 टेलीविजन से पहला रंगीन प्रसारण मद्रास से किया गया.

2002 डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम देश के 12वें राष्ट्रपति चुने गए.

2003 वाई. वेणुगोपाल रेड्डी रिजर्व बैंक के नये गर्वनर बने.

2007 ब्राजीलियाई विमान कंपनी टैम एयरलाइन्स के एक यात्री विमान के दुर्घटनाग्रसत होने से 200 लोगों की मौत हो गई।

2007 मुम्बई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में अदालत ने पहली बार तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई.

## अंकजाल - 6891

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 22 | 19 | 22 | ■ | 23 | 22 | 17 | 16 | ■ |
| 14 | | 2 | | ■ | | 8 | | 2 | 26 |
| 16 | 3 | | 5 | ■ | 6 | | 3 | | 22 |
| 18 | | 4 | | ■ | | 7 | | 8 | 22 |
| 25 | 7 | | 3 | | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 73 | 4 | ■ | ■ | 2 | | 7 | | 3 | 27 |
| 18 | 7 | | 5 | | ■ | | 2 | | 12 |
| 20 | | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 5 | 21 |
| 24 | 8 | | 4 | | ■ | | 7 | | 18 |
| ■ | 21 | 11 | 13 | 27 | ■ | 28 | 26 | 16 | ■ |

**अंकजाल 6890 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14 | 21 | 21 | ■ | 32 | 21 | 12 | 19 | ■ |
| 12 | 2 | 7 | 3 | ■ | 4 | 5 | 4 | 9 | 22 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 16 | 8 | 2 | 6 | ■ | 7 | 9 | 3 | 7 | 26 |
| 21 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | ■ | 4 | 6 | 8 | 18 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 30 | ■ | 19 | 18 | 22 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 5835

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5834 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | 6 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5195

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | | 12 | | 25 | | 5 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 48 | | 17 | | 20 | | 1 | = | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 10 | | 1 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 13 | | 1 | | 30 | | 10 | = | 33 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 22 | | 27 | | 20 | | 16 | = | 49 / 45 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5194**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | + | 38 | - | 50 | x | 24 | = | 96 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 4 | x | 23 | - | 40 | + | 10 | = | 62 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 12 | ÷ | 4 | x | 10 | ÷ | 3 | = | 10 |
| + | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 20 | - | 10 | + | 25 | - | 35 | = | 0 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 28 | - | 9 | + | 45 | ÷ | 2 | = | 24 / 32 |

## शब्दजाल - 6882

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | न | गा | र | न | ब | ज | क | ब | ल | न |
| ब | ज | य | लि | दा | व | का | मौ | स | ल | य |
| ई | रा | ब | न | ज | वा | ज्यो | दा | बं | य | ना |
| का | ना | बं | र | ता | वी | ब | ति | ल | न | भि |
| म | इ | दि | म | स | रा | द | श | न | ब | रा |
| न | म | स्का | र | र | र | क | व | ना | श | म |
| न | बं | दि | श | वा | क | जी | र | ग | प | ब |
| व | र | न | ग | मा | व | सी | ब | न | प | न |
| नी | ब | ल | ज | न | बा | री | न | ज | प | र |
| त | मी | ल | प | बू | या | स | वी | ब | प | जा |
| का | न | न | व | नि | र्मा | ण | न | ग | प | बं |

शब्द जाल में 'न' से शुरु होनेवाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

नगमा, नजराना, नयनतारा, नवीन, नमस्कार, नयनाभिराम, नवज्योति, नवजीवन, नवनीत, नवनिर्माण,

**शब्दजाल - 6881 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क | प्र | ग | बै | शी | ल | ब | ना | क | म |
| ती | ल | ती | ति | रा | क | क्रां | ति | ग | कृ | धु |
| क्षा | ज | दि | त | ग | ल | प्र | छ | ति | आ | म |
| ख | क | क | या | ज | रा | पु | मि | ल | न | ति |
| प | जो | क | का | द | ग | म | अ | प्र | तू | ग |
| झ | क | ग | प्र | ल | र्द | ह | औ | पू | ना | ण |
| घ | को | ती | न | षी | म | लि | जा | र | व | क |
| दे | व | दा | स | तै | ई | धा | या | क | श्या | लो |
| श | प | श्र | बा | हि | प्र | ई | क | प्र | री | म |
| प | जा | ही | र | न | या | दौ | र | र्त | ऐ | ता |
| प | प्र | द | क | प्र | प्र | है | या | रा | बा | प्र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त खबरें

### उलदा वैष्णो देवी धाम का वेबसाइट और ऐप का शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया लोकार्पण



**जमशेदपुरः** जिला के गालूडीह स्थित उलदा माता वैष्णो देवी धाम मंदिर का वेबसाइट और मोबाइल ऐप गुरुवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और जम्मू से आये स्वामी हृदयानंद गिरी महाराज ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। स्वामी हिदयानंद गिरी महाराज ने बताया कि अब श्रद्धालु डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट माता वैष्णा देवी डॉट ओआरजी वेबसाइट और माता वैष्ण देवी धाम मोबाइल ऐप के माध्यम से मंदिर की सभी गतिविधियों और जानकारियों को घर बैठे जान सकेंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु ऑनलाइन दान भी कर सकेंगे तथा अपनी आईडी बनाकर 'ॐ नमः शिवाय' लिख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में सात लाख से अधिक लोगों ने 'ॐ नमः शिवाय' लिखा। जो श्रद्धालु तीन साल में दस लाख बार यह लिखेंगे, उनका फोटो वेबसाइट पर लगाया जाएगा और मूर्ति का विग्रह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। तीन साल में सबसे ज्यादा दान देने वालों का नाम शिलापट्ट पर अंकित होगा। मंदिर निर्माणकर्ता राजकिशोर साहू ने कहा कि मंदिर परिसर में 11 करोड़ रुपये की लागत से 61 फीट ऊंचा और 36 फीट चौड़ा भव्य शिवलिंग बनाया जायेगा। निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। वहीं मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि शिवलिंग निर्माण के बाद यह स्थान एक बड़ा पर्यटन स्थल बनेगा, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार इसे पर्यटन स्थल का दर्जा देने का प्रयास करेगी। मंत्री ने बताया कि राज्य में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और एनआईटी कॉलेज खोलने की योजना बन चुकी है। इसका काम जल्द दिखने लगेगा। समारोह में राजकिशोर साहू, किरण साहू, अनुभव राज, अमित द्विवेदी, नारायण शुक्ला, राजेश गुप्ता, पूनम देवी, महेंद्र यादव, पीके विश्वास, प्रीति गुप्ता, रामचंद्र मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे।

### कोडरमा जिले के निजी स्कूल में हादसा, पांच बच्चे और एक मजदूर हुए घायल



**कोडरमाः** जिले के कोडरमा थाना अंतर्गत लरियाडीह गांव में संचालित रॉयल वैली नामक एक प्राइवेट स्कूल में गुरुवार को एक हादसा हो गया। घटना में पांच बच्चे और निर्माण कार्य में जुटा एक मजदूर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। लरियाडीह स्थित आरवीपी विद्यालय में यह घटना तब घटी जब वहां के एक कमरे में बच्चे पठन-पाठन कर रहे थे और उसी कक्षा के छत का निर्माण कराया जा रहा था। मामले की जानकारी देते हुए मजदूर महेश कुमार ने बताया कि वे लोग विद्यालय के एक कमरे में दीवार पर एस्बेस्टस लगा रहे थे कि वह उनके हाथ से छूट गया और वह नीचे कक्षा में बैठे बच्चों पर गिर गया। साथ ही दीवार पर लगी ईंटें भी बच्चों के सिर पर जा गिरी। इससे बच्चे घायल हो गए। वहीं महेश का नियंत्रण बिगड़ जाने से वे भी कक्षा में गिर पड़े। घटना में छह बच्चे व मजदूर घायल हो गए। विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां सभी का इलाज जारी है। घटना में लरियाडीह निवासी आयुषी कुमारी( 8), रौशन कुमार ( 8), मो. शाहिद (10 ), मो. शहजाद (12) तथा प्रिंस कुमार (9) घायल हैं। सभी छात्र कक्षा छह के बताए जा रहे हैं।

### वेंकटेश्वर मंदिर के वार्षिकोत्सव में भाग लेने रांची पहुंचे अनिरुद्धाचार्य महाराज



**रांचीः** जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज श्रीधाम वृंदावन से अपने परिकरों के साथ गुरुवार को रांची पहुंचे। स्वामीजी श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित त्रीदिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव में शामिल होने के लिए रांची आए हैं। उल्लेखनीय है कि 18वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के सारे कार्यक्रम स्वामीजी की अध्यक्षता और निर्देशन में संपन्न होंगे। 18 जुलाई को को कलश स्थापना और यजमान संकल्पम का कार्यक्रम होगा। 19 जुलाई को श्रीसुदर्शन महाहोमम और दोपहर तीन बजे भगवान नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे और जो भक्त मंदिर जाकर भगवान का दर्शन नहीं कर पाते हैं, उन्हें उनके घर-दुकान तक जाकर दर्शन देंगे। वहीं 20 जुलाई को भगवान और महालक्ष्मी का कल्याणोत्सव होगा। श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य ने सभी तैयारियों का निरीक्षण किया और संतोष व्यक्त किया। श्रीस्वामी जी ने गुरुदेव परमहंस श्रीभगवानदासाचार्य जी महाराज के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि गुरुदेव के संकल्प से ही यहां रांची में दिव्य देश का निर्माण हुआ है और भक्तों के अभीष्ट फलदाता भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर अपने पूरे वैभव के साथ यहां विराजमान हैं और भक्तों पर लगातार कृपा कर रहे हैं। स्वामी जी ने कहा कि भगवान को विराजमान हुए 18 वर्ष पूरे हो गए हैं और विशेष बात यह है कि इस वर्ष भगवान के विशेष कृपापात्र हरे - हनुमान और गरुड़ जी सेवा - मुद्रा में पधार कर विराजमान हुए हैं। गुरुदेव हरे - हनुमान जी के चरणों में विराजमान हैं। अद्भुत दर्शन है और भक्तों के लिए विशेष लाभदायक है।

# झारखंड के 'जोहार प्रोजेक्ट' की विश्व बैंक ने की सराहना

## 21 मिलियन हुआ महिला एफपीओ का टर्नओवर

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोले, हम हैं आपके साथ




**रांचीः** विश्व बैंक ने झारखंड में चलाई गयी 'जोहार परियोजना' की खुलकर तारीफ की है. ग्रामीण विकास विभाग के अधीन झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित इस परियोजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दिखाई है. सिर्फ 4 वर्षों में 21 महिलाओं के नेतृत्व वाले फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन यानी एफपीओ ने 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर का टर्नओवर हासिल कर लिया है.

विश्व बैंक ने रांची के कांके स्थित प्रोड्यूसर ग्रुप की चेयरपर्सन आशा देवी और उनके जैसी हजारों महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना की है. एक्स पर विश्व बैंक के जोहार परियोजना से जुड़े पोस्ट को साझा करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिखा कि 'झारखंड की मेरी माताएं-बहनें आज सशक्त होकर आगे बढ़ रही हैं. आप सभी आगे बढ़ते रहें, आपका यह बेटा और भाई हमेशा आपके साथ हैं'.

वहीं, विश्व बैंक ने अपने पोस्ट में लिखा कि आज, हम अपने व्यवसाय के हर पहलू को समझते हैं—मुनाफ़े के मार्जिन से लेकर बाज़ार के रुझानों तक. हमने साथ मिलकर बातचीत करना सीख लिया है और जानते हैं कि हमें कम पर समझौता नहीं करना है. #JOHAR के तहत कांके के उत्पादक समूह की अध्यक्ष आशा देवी से मिलिए, जो झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने वाली हजारों महिलाओं में से एक हैं.

**क्या है जोहार परियोजनाः** जोहार का मतलब है- Jharkhand opportunities for harnessing rural growth. विश्व बैंक के सहयोग से जेएसएलपीएस का संचालन किया गया. मई 2017 से जून 2024 तक जोहार परियोजना का संचालन हुआ. इसमें विश्व बैंक की 70% ऋण सहायता और राज्य सरकार का 30% अंशदान रहा.

जेएसएलपीएस के मुताबिक झारखंड के 17 जिलों के 68 प्रखंडों में कृषि, पशुधन, मत्स्य पालन और लघु वनोपज क्षेत्र के 3,500 उत्पादक समूहों के समर्थन से 2 लाख ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करने में सफल रहा है. इसके तहत 2.24 लाख उत्पादकों को 3922 उत्पादक समूह में संगठित किया गया. इनका समर्थन देने के लिए करीब 17 हजार सामुदायिक कैडरों को प्रशिक्षित किया गया है. ताकि महिलाएं इससे जुड़कर अपने पैरों पर खड़ा हो सकीं.

### सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध, जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी : कल्पना सोरेन



**गिरिडीहः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी और हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा।

सोरेन गुरुवार को गिरिडीह परिसदन में बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतर्क और सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की स्थिति की समीक्षा की गई।

### पलामू में औसत से 358 फीसदी ज्यादा हुई बारिश

#### भारी बारिश के बीच गुरुवार को भी स्कूल बंद रहे

**पलामूः** जिले में भारी बारिश के बीच गुरुवार को भी स्कूल बंद रहे. हालांकि गुरुवार को पलामू में छिटपुट बारिश हुई और कई इलाकों में हल्की धूप निकली है. दरअसल, बुधवार को भी पलामू में भारी बारिश हुई थी जिसके बाद आपदा प्रबंधन की बैठक में स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया गया था. बुधवार को ही पलामू के इलाकों में बारिश से घरों में पानी घुस गया, वहीं कोयल, औरंगा, अमानत सोन समेत सभी नदियां उफान पर रहीं.

गुरुवार को भी सभी नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही थीं. भारी बारिश को लेकर सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी अपने-अपने इलाकों में अलर्ट रहे और आम लोगों से नदी किनारे नहीं जाने का अनुरोध करते रहे. बुधवार को पलामू में 157.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. गुरुवार को दोपहर तक पलामू के इलाके में बहुत कम बारिश हुई और जनजीवन सामान्य हो गया है.

**जुलाई में 358 प्रतिशत अधिक हुई बारिशः** पलामू क्षेत्र में भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने भी आंकड़े जारी किए हैं. जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 1 जुलाई से 16 जुलाई के बीच पलामू में औसत से 358 प्रतिशत ज़्यादा बारिश हुई. इस दौरान पलामू में 763.7 मिमी बारिश भी हुई है. 2024 में यह आंकड़ा166.5 मिमी बारिश का रिकॉर्ड किया गया था. बुधवार को ही पलामू में बारिश ने बड़े पैमाने पर जनजीवन को प्रभावित किया. कई इलाकों का संपर्क अपने जिला मुख्यालयों से टूट गया था. एहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने कई सड़कें भी बंद कर दीं थी.

## कृषि मंत्री शिल्पी ने भू संरक्षण और लाह केंद्र का किया औचक निरीक्षण

### काम में सुस्ती पर हुईं नाराज



**रांचीः** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को भूमि संरक्षण कार्यालय रांची और और नामकुम के सिदरौल स्थित भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्द्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा योजनाओं को गति देने और कार्य संस्कृति में बदलाव की बात पर जोर दिया। उन्होंने कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति, कार्य संस्कृति, योजनाओं से संबंधित कार्य प्रगति रिपोर्ट की भी जानकारी ली।

भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत डीप बोरिंग, परकोलेशन टैंक, तालाब के जीर्णोद्धार से संबंधित विधायकों के अनुशंसा पत्र को देखा। वहीं मंत्री ने ट्रैक्टर वितरण और पंपसेट वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सरकारी अनुदान पर लाभुकों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ देने का निर्देश दिया।

**स्थल निरीक्षण में सुस्ती से मंत्री नाराजः** मौके पर मंत्री ने कहा है कि अक्टूबर माह में काम की शुरुआत हो जानी चाहिए। योजना को समय सीमा के अंदर शुरू करने को लेकर भूमि संरक्षण विभाग की ओर से सभी जिलों को भी इससे संबंधित निर्देश जारी किया जाएगा। विधायकों की ओर से अनुशंसित योजना का अधिकारियों के स्तर पर स्थल निरीक्षण में सुस्ती से मंत्री नाराज दिखीं। उन्होंने विभाग के अधीन संचालित योजनाओं को गति देने के लिए समय सीमा का निर्धारण करते हुए टास्क दिया।

मंत्री ने कहा कि विधायकों के अनुशंसा पत्र का योजनावार समरी तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग के जेई और एई अगस्त माह के अंत तक योजना स्थल निरीक्षण का कार्य हर हाल में पूर्ण करेंगे। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के समक्ष जांच रिपोर्ट की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सितंबर माह में योजना से संबंधित सूची तैयार कर जिला उपायुक्त के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।

इधर, नामकुम के सिदरौल स्थित भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्द्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने प्रशासनिक भवन के साथ-साथ लाह गोदाम का निरीक्षण किया। लाह केंद्र में कच्चा लाह का संग्रहण के साथ-साथ प्रसंस्करण और किसानों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाता है। मंत्री ने संस्थान में लाह प्रशिक्षण के लिए मौजूद उपकरण और संसाधन के रख-रखाव को लेकर बरती जा रही लापरवाही में सुधार लाने का निर्देश दिया है।

मंत्री ने लाह केंद्र में ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रशिक्षित करने की बात कही। ताकि लाह उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण में नई उपलब्धियों को हासिल किया जा सके।

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में श्रम मंत्री बरी

2014 विधानसभा चुनाव का मामला



दुमकाः झारखंड के दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित एक मामले में राज्य के श्रम मंत्री सहित तीन आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी करने का फैसला सुनाया है. इस फैसले का मंत्री ने स्वागत करते हुए कहा कि मुझे न्यायालय पर पूरा विश्वास था.

**गोड्डा के पथरगामा थाना का था मामलाः** दुमका के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश मोहित चौधरी की अदालत में गोड्डा जिले के पथरगामा थाना कांड संख्या 144/2014 में आदर्श आचार संहिता उलंघन से संबंधित मामले में गुरुवार को दोनों पक्षों की ओर से सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई. न्यायालय ने दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव, राजेश कुमार साह और संजीव आनंद को बरी करने का फैसला सुनाया.

इस मामले में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से सात गवाह पेश किये गये. सरकार की ओर से लोक अभियोजक और सहायक लोक अभियोजक और बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार, प्रियंका झा और मो.शमसाद अंसारी ने बहस में हिस्सा लिया. गोड्डा जिले के पथरगामा की तात्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी पायल राज की लिखित शिकायत पर सरकारी जमीन पर विभिन्न पार्टी के द्वारा पार्टी का झंडा लगाकर आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने के आरोप को लेकर धारा 123/133 आर पी एक्ट 1951 और 3 डिफेसमेंट आफ प्राइवेट प्रोपर्टी एक्ट 1987 के तहत 9 दिसम्बर 2014 को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी.

इसमें उस समय के झामुमो प्रत्याशी राजेश कुमार साह, राजद प्रत्याशी संजय प्रसाद यादव, भाजपा प्रत्याशी रघुवर नंदन मंडल और झाविमो प्रत्याशी संजीव आंनद सहित चार लोगों को आरोपी बनाया गया था. बाद में भाजपा के रघुनंदन मंडल की मृत्यु हो गयी. इस वजह से न्यायालय में इस मामले में शेष तीन ही आरोपियों के विरुद्ध सुनवाई हुई. दर्ज प्राथमिकी में सभी आरोपियों पर सार्वजनिक रोड और सरकारी जगह पर कार्यालय खोलने के आरोप लगाया गया था.

**मंत्री ने जताई खुशीः** मामले में बरी किये जाने के बाद न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि न्याय के मंदिर में हम सबों को न्याय मिला है जिसका हम सभी स्वागत करते हैं. इसके साथ ही पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने फिर से दोहराया कि आने वाले समय में बिहार में जो विधानसभा चुनाव होने हैं उसमें झारखंड की तरह जनता इंडिया गठबंधन को जिताने जा रही है.

राजद नेता संजय प्रसाद यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे. इसके साथ ही भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विकास उनका मुद्दा कभी नहीं रहा, हिंदू - मुस्लिम, भारत - पाकिस्तान का मुद्दा उठा कर वे लोगों के बीच मतभेद पैदा करना चाहते हैं लेकिन अब जनता उनके भुलावे में आने वाली नहीं.

### पारा शिक्षकों के लिए 100 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 पद रिजर्व रखेंः हाई कोर्ट




**रांचीः** झारखंड हाई कोर्ट में सहायक आचार्य नियुक्ति में नॉर्मलाइजेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जेएसएससी को पारा शिक्षकों के लिए 100 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 पद रिजर्व रखने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने जेएसएससी को यह निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई तक आयोग से स्पष्ट दिशा निर्देश लेकर आए। हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। इस संबंध में रेशमी कुमारी, गिरिधर प्रसाद एवं अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता शुभम मिश्रा ने बहस की। हाई कोर्ट ने अब इस मामले में अगली और अंतिम सुनवाई के लिए 5 अगस्त की तिथि निर्धारित की है।

### शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा



**रांचीः** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मुलाकात कर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान लिंडा के साथ उनकी बेटी उपासना मरांडी भी मौजूद थीं। मंत्री चमरा लिंडा ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर दिशोम गुरु के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने मां सरना से प्रार्थना की कि झारखंड के इस महान रत्न को जल्द पूर्ण स्वस्थता प्राप्त हो और वह पूर्व की भांति हम सभी का मार्गदर्शन करते रहें।

## बाबा बैद्यनाथ धाम : तीन दिनों में चार लाख 75 हजार 659 श्रद्धालुओं ने किया जलापर्ण

### उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश





**देवघरः** देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लोग सावन शुरू होते ही बाबा भोलेनाथ को जलापर्ण करने पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी श्रद्धालुओं की सुबह से ही लंबी लाइन रही। लोग श्रद्धालु लाइन में लग कर जलापर्ण कर रहे है। जिला प्रशासन के अनुसार सावन की पहली सोमवारी से लेकर बुधवार तक चार लाख 75 हजार 659 श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ पर जलापर्ण किया है।

वहीं, सावन मेले के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बुधवार देर रात कंपोजिट कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम में वायरलेस डिवाइस, चैनल, रेंज सहित अन्य उपकरणों की पूरी जानकारी प्राप्त की तथा उसे बेहतर रूप से संचालित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम के भवन को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम जलार्पण और व्यवस्थित सुविधा को लेकर आवश्यक निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें।

उन्होंने सीसीआर में प्रतिनियुक्त अधिकारियों से बात कर वहां के कार्यों की जानकारी ली तथा सीसीटीवी की मॉनिटरिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि श्रावण मास में बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो रही है, इस दौरान श्रद्धालुओं की भेष में असामाजिक तत्वों भी घूमते रहते हैं, इसलिए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखें और लगातार माईकिंग के जरिए श्रद्धालुओं को सचेत और जागरूक करते रहें।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।